13 नवंबर, 2024
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 25



BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxilary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


# विस चुनावः आज 43 सीटों पर वोटरों की बारी

● 683 उम्मीदवार हैं मैदान में, 1.36 करोड़ मतदाताओं के लिए बनाये गये 15,344 केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के पहले चरण के 43 सीटों के लिए बुधवार को मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा, जो शाम पांच बजे तक चलेगा। वहीं कुछ संवेदनशील बूथों पर शाम चार बजे तक वोटिंग होगी। पहले चरण के 43 सीटों पर 683 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन समेत हेमंत सरकार के कई मंत्री, विधायक और नेताओं के परिजन शामिल हैं। पहले चरण के 1,36,85,509 मतदाताओं के लिए 15344 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इनमें से 12,716 बूथ ग्रामीण और 2,628 बूथ शहरी क्षेत्र में स्थित हैं। पहले चरण में 50 बूथ यूनिक कैटेगरी में हैं। 1,152 मतदान केंद्रों पर मतदान की पूरी प्रक्रिया का जिम्मा महिलाओं के हाथों में रहेगा। जबकि, 23 बूथों की जिम्मेदारी युवा और 24 बूथों का जिम्मा दिव्यांग लोग संभालेंगे। पहले चरण में 43 विधानसभा सीटों में से 31 क्षेत्रों के 950 मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां सुबह सात से शाम चार बजे तक मतदान होगा। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सभी बूथों पर प्राथमिक सुविधाएं बहाल की जायेगी। पारा मिलिट्री फोर्स की तैनाती की गयी है। निर्वाचन आयोग वेब कास्टिंग की मदद से वोटिंग स्पीड की भी मॉनिटरिंग करेगा। वोटिंग को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए संबंधित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की दो सौ से अधिक कंपनियों को तैनात किया गया है।

## पहले चरण में इन सीटों पर चुनाव

कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाइबासा, मंझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसावां, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, बिशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डाल्टनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा और भवनाथपुर।



## मतदानः 13 नवंबर 2024

- कुल विधानसभा क्षेत्रः 43 (सामान्य-17, एससी-6, एसटी-20)
- मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक
- 950 केंद्रों पर शाम 4 बजे तक ही मतदान
- कुल प्रत्याशीः 683 (609 पुरुष, 73 महिला और एक प्रत्याशी थर्ड जेंडर)
- कुल मतदाता- 1,36,85,509 (पुरुष- 68,65,208, महिला-68,20,000, दिव्यांग- 1,91,553, थर्ड जेंडर- 301)
- कुल मतदान केंद्रः 15,344

## पहले चरण में कई चर्चित चेहरे मैदान में

रांची (आजाद सिपाही)। पहले चरण में 43 सीटों पर कई चर्चित चेहरे मैदान में हैं। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री रामेश्वर उरांव, रामदास सोरेन, बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, दीपक बिरुवा, बैद्यनाथ राम के अलावा सीपी सिंह, सरयू राय शामिल हैं। वहीं, भानु प्रताप शाही, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, रामचंद्र चंद्रवंशी, कमलेश कुमार सिंह, केएन त्रिपाठी, गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर समेत अन्य नेता भी एक बार फिर जनता के सामने हैं। इस चरण के चुनाव में ओड़िशा के राज्यपाल और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा, मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहू रश्मि प्रकाश, चंपाई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन और सांसद जोबा मांझी के बेटे जगत मांझी के किस्मत का भी फैसला होगा।

## 10 राज्यों की 32 सीटों पर उपचुनाव भी आज

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 43 सीटों के साथ देश के 10 राज्यों की 32 सीटों पर उपचुनाव है। उपचुनाव के लिए बुधवार को जिन सीटों पर वोटिंग है, उसमें 31 विधानसभा सीटें और एक लोकसभा सीट शामिल है। केरल की वायनाड लोकसभा सीट के साथ राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, असम और पश्चिम बंगाल सहित 10 राज्यों की विधानसभा सीटों पर उपचुनाव है। वायनाड लोकसभा सीट पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

# भ्रष्टाचार में डूबे नेताओं को जेल भेजेगी भाजपा सरकारः शाह

**झरिया और बाघमारा में गरजे केंद्रीय गृह मंत्री**

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया/बाघमारा।** केंद्रीय गृह अमित शाह ने झरिया और बाघमारा में जनसभा को संबोधित किया। शाह ने जनता से अपील करते हुए कहा कि आने वाली 20 तारीख को आपका एक वोट झारखंड का भविष्य तय करने वाला है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता को तय करना है, अपना घर भरने वाली झामुमो सरकार चाहिए या फिर लखपति दीदी बनाने वाली भाजपा सरकार चाहिए। गृह मंत्री ने हेमंत सरकार को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं के घर 350 करोड़ रुपये पकड़े जाते हैं, उसके बाद 35 करोड़ पकड़े जाते हैं। ये पैसा झारखंड की गरीब जनता है, लेकिन हेमंत सरकार इस पर चुप्पी साध लेती है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि, प्रदेश में भाजपा की सरकार बना दो, भ्रष्टाचार और लूट करने वाले लोगों को उल्टा लटका कर सीधा करने का काम करेंगे। इसके साथ ही लूटा गया पैसा वापस झारखंड की तिजोरी में जमा किया जायेगा।

शाह ने झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी की गठबंधन सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में 1 हजार करोड़ रुपये का मनरेगा घोटाला, 1 हजार करोड़ रुपये का खनन घोटाला और हजारों करोड़ रुपये का शराब घोटाला किया गया। भाजपा झारखंड के लिए अपने संकल्प लेकर आयी है। भाजपा की गारंटी पत्थर की लकीर होती है। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना लागू की जायेगी। इसके तहत हर महीने 2100 रुपये बहनों के बैंक खाते में भेजने का काम करेंगे। प्रदेश की माताओं-बहनों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जायेगा, साथ ही एक साल में 2 सिलेंडर मुफ्त दिये जायेंगे।

# झारखंडी ना बंटेगा, ना टूटेगा, वोट से कूटेगाः हेमंत

**मुख्यमंत्री ने तोपचांची, चंदनक्यारी, रामगढ़, निरसा समेत कई जगहों पर चुनावी सभा को किया संबोधित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/ चंदनक्यारी/ तोपचांची/ बेरमो।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा के बंटेंगे तो कटेंगे के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि झारखंडी ना तो बटेंगे ना टूटेंगे, वोट से सबको कूटेंगे। गरीबों और आदिवासियों का जिस पर आशीर्वाद है, उसका बाल भी बांका नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री मंगलवार को रामगढ़, तोपचांची, चंदनक्यारी समेत कई विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जम कर निशाना साधा। साथ ही अपनी सरकार द्वारा जनहित में किये गये कार्यों का जिक्र किया और दूबारा सरकार बनने पर कई वादों को पूरा करने का एलान किया। हेमंत सोरेन ने कहा कि यह व्यापारी लोग हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई में फूट डालकर झारखंड के जल, जंगल, जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। व्यापारियों की फितरत है सिर्फ लेने की, देने की नहीं। आज एक बार फिर झारखंड में अबुआ सरकार बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की पार्टी बेटी बचाने को कहेगी और वही चुरा लेगी। रोटी बचाने की बात करेंगे और थाली से रोटी छीन लेंगे। अबुआ सरकार रहेगी तो बेटी, रोटी, माटी सब बचेगा। उन्होंने मंईयां योजना, बिजली बिल माफी, किसानों की ऋण माफी, शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र समेत अन्य जनहित के कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि आज हम हक से जनता से वोट मांगने आये हैं।



# झामुमो-कांग्रेस-राजद में भ्रष्टाचार परिवारवाद-भाई-भतीजावादः नड्डा

**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बगोदर और जमुआ में जनसभा को किया संबोधित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बगोदर/जमुआ।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बगोदर और जमुआ में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की हवा चल रही है, लोगों ने मन बना लिया है, अब भ्रष्टाचार में लिप्त हेमंत सरकार को सबक सिखाना है। उन्होंने कांग्रेस-झामुमो-राजद की गठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधा। नड्डा ने कहा कि जब झारखंड को अलग राज्य बनाने की मांग उठी थी, तब कांग्रेस नें इसका विरोध किया था। इनके गठबंधन के सहयोगी लालू यादव ने कहा कि उनकी लाश पर झारखंड बनेगा। आज लालू यादव भी जिंदा हैं और झारखंड राज्य भी स्थापित है। झारखंड को अलग राज्य बनाने का श्रेय भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी को जाता है। एनडीए और भाजपा को छोड़कर कोई भी झारखंड का हितैषी नहीं है। उन्होंने कहा कि, अटल जी ने झारखंड बनाया है, इसको हम ही संवारेंगे। उन्होंने कहा कि जहां भी झामुमो-कांग्रेस-राजद की सरकार है, वहां भ्रष्टाचार, परिवारवाद और भाई-भतीजावाद है। कांग्रेस- झामुमो-आरजेडी में गरीबों का हक लूटने वाले भ्रष्टाचारी लोग हैं। उन्होंने कहा कि जब रघुवर दास के नेतृत्व में भाजपा सरकार थी, तब झारखंड में विकास के कार्य तेजी से हो रहे थे।

# झारखंड को बचाना है तो गठबंधन सरकार के हाथों को मजबूत बनायेंः कल्पना सोरेन

**गांडेय विधायक ने जामताड़ा और झरिया में जनसभा को किया संबोधित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जामताड़ा/झरिया/पोड़ैयाहाट।** गांडेय की विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा नहीं चाहती है कि आदिवासी का सरना धर्म कोड हो। भाजपा के लोगों को आदिवासी शब्द से चिढ़ होती है। वे हमें वनवासी बोलते हैं। हमारी भाषा, परंपरा, परिधान से इन्हें चिढ़ है। भाजपा ने 18 साल राज किया पर माताओं, बहनों को सम्मान नहीं दिया। हेमंत सरकार के पांच सालों के अंदर माताओं, बहनों एवं सभी वर्ग को लोगों को सम्मान देने का काम किया। कल्पना मंगलवार को जामताड़ा और झरिया में चुनावी सभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा, तो हेमंत सरकार द्वारा जनहित में उठाये गये कदमों की जिक्र किया। साथ ही दुबारा सरकार बनने पर मंईयां सम्मान योजना में 2500 रुपये देने समेत अन्य वादों को दोहराया। कल्पान ने कहा कि झारखंड को बचाना है तो गठबंधन सरकार के हाथों को मजबूत बनायें। इंडी गठबंधन के पक्ष में वोट डालें।

# झारखंड में घुसपैठ को लेकर इडी ने की छापेमारी

**बंगाल समेत 17 ठिकानों पर छापेमारी**

**फर्जी आधार, जाली पासपोर्ट, अवैध हथियार समेत कई सामान बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



## ये सामान हुए बरामद

फर्जी आधार, जाली पासपोर्ट, अवैध हथियार, अचल संपत्ति के दस्तावेज, नकदी, आभूषण, प्रिंटिंग पेपर, प्रिंटिंग मशीन और आधार कार्ड बनाने के लिए इस्तेमाल किये गये खाली प्रोफार्मा सहित विभिन्न आपत्तिजनक सामान बरामद हुए।

**रांची/पाकुड़।** बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम झारखंड में रांची, पाकुड़ और पश्चिम बंगाल के 24 परगना व कोलकाता में कुल 17 ठिकानों पर छापेमारी की। इडी की टीम मंगलवार सुबह रांची के बरियातू स्थित होटल स्काई लाइन, आश्वी डायग्नोसिस, बाली रिसॉर्ट और माउंटेन व्यू रिसोर्ट समेत छह ठिकानों पर पहुंचकर तलाशी ली। इसके अलावा पाकुड़ के पिरतल्ला में अल्ताफ मनकर के यहां भी छापेमारी की गयी। इडी ने जानकारी देते हुए बताया कि छापेमारी के दौरान कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं।

**मनी लांड्रिंग के तहत इडी ने दर्ज किया है केस :** ज्ञात हो कि इडी ने 16 सितंबर को झारखंड में बांग्लादेशी महिलाओं की तस्करी और संदिग्ध घुसपैठ की जांच के लिए मनी लांड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया था। इडी का आरोप है कि यह कथित रूप से काले धन को उत्पन्न करने के लिए किया गया। यह मामला झारखंड पुलिस की एक जांच रिपोर्ट पर आधारित है, जिसे जून में रांची के बरियातू पुलिस थाना में दर्ज किया गया था।

**पाकुड़ में भी मिले कई दस्तावेजः** पाकुड़ में इडी ने आदर्श नगर मोहल्ले में अल्ताब शेख के घर पर छापेमारी की। सूत्रों के अमुसार अल्ताब के घर फर्जी आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और बांग्लादेशी से जुड़े मामले के कागजात बरामद की गयी है।

## क्या था एफआइआर में

एफआइआर के अनुसार, लगभग 21 वर्षीय बांग्लादेशी युवती को एक अन्य लड़की की मदद से कोलकाता लाया गया था। 31 मई की रात निजी एजेंटों की सहायता से युवती को जंगल क्षेत्र से अवैध रूप से बांग्लादेश की सीमाओं को पार कराया गया था। यह मामला बांग्लादेशी नागरिकों की भारत में अवैध घुसपैठ में संलग्न एजेंटों से भी संबंधित है। जो भारतीय नागरिकता स्थापित करने के लिए फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराते हैं।


भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

मतदान की तारीख
13 नवम्बर 2024
दिन बुधवार

मताधिकार-सपरिवार

| AC No. | AC Name |
| --- | --- |
| 19 | Kodarma |
| 20 | Barkatha |
| 21 | Barhi |
| 22 | Barkagaon |
| 25 | Hazaribagh |
| 26 | Simaria (SC) |
| 27 | Chatra (SC) |
| 44 | Baharagora |
| 45 | Ghatsila (ST) |
| 46 | Potka (ST) |
| 47 | Jugsalai (SC) |
| 48 | Jamshedpur East |
| 49 | Jamshedpur West |
| 50 | Ichagarh |
| 51 | Seraikella (ST) |
| 52 | Chaibasa (ST) |
| 53 | Majhgaon (ST) |
| 54 | Jaganathpur (ST) |
| 55 | Manoharpur (ST) |
| 56 | Chakradharpur (ST) |
| 57 | Kharsawan (ST) |
| 58 | Tamar (ST) |
| 59 | Torpa (ST) |
| 60 | Khunti (ST) |
| 63 | Ranchi |
| 64 | Hatia |
| 65 | Kanke (SC) |
| 66 | Mandar (ST) |
| 67 | Sisai (ST) |
| 68 | Gumla (ST) |
| 69 | Bishunpur (ST) |
| 70 | Simdega (ST) |
| 71 | Kolebira (ST) |
| 72 | Lohardaga (ST) |
| 73 | Manika (ST) |
| 74 | Latehar (SC) |
| 75 | Panki |
| 76 | Daltonganj |
| 77 | Bishrampur |
| 78 | Chhatarpur (SC) |
| 79 | Hussainabad |
| 80 | Garhwa |
| 81 | Bhawanathpur |

कोई मतदाता न छूटे

Voter Helpline 1950
CEO Office Toll Free No. 18003311950
फॉलो करें @ceo.jharkhand/
ceo.jharkhand.gov.in पर लॉग ऑन करें
P.R.340074 (Election) 24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 92,000 रु./प्रति किलो |



# कोल्हान के चुनाव में चार पूर्व मुख्यमंत्रियों का लिटमस टेस्ट

- अर्जुन के चुनावी मैनेजमेंट और चंपाई की राजनीतिक चाल पर पार्टी को भरोसा
- मधु कोड़ा और रघुवर दास के सामने भी अपना प्रभाव साबित करने की चुनौती
- आसन्न चुनावी प्रदर्शन तय करेगा कि किसकी गोटी होगी लाल

आजाद सिपाही विशेष

**कोल्हान, जिसे झारखंड की राजनीति का इंजन कहा जाता है, इस बार कांटे के मुकाबले का गवाह बननेवाला है। इस राज्य को चार मुख्यमंत्री देनेवाला कोल्हान प्रमंडल 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए किसी बुरे सपने जैसा था, क्योंकि यहां की 14 सीटों में से उसे किसी भी सीट पर कामयाबी नहीं मिली थी। लेकिन इस बार स्थिति भी बदली है और रणनीति भी। एक तरफ झामुमो-कांग्रेस 2019 के प्रदर्शन को दोहराने के लिए पूरा जोर लगाया हुआ है, तो दूसरी तरफ भाजपा 2019 के परिणाम को पलटने के लिए हर दांव आजमा रही है। भाजपा ने इस बार इस इलाके में जहां अपने उम्मीदवार बदले हैं, वहीं राज्य के चार पूर्व मुख्यमंत्रियों के परिजनों को टिकट देकर झामुमो-कांग्रेस की मजबूत घेरेबंदी की है। इसके अलावा भाजपा ने झामुमो के कद्दावर नेता चंपाई सोरेन को अपने पाले में लाकर कोल्हान में अपनी स्थिति मजबूत की है। इस चुनाव में भाजपा के इन दिग्गजों का असली टेस्ट होगा, क्योंकि पार्टी ने इन पर पूरा भरोसा जताया है। क्या है कोल्हान की चुनावी संभावनाएं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संवाददाता अरुण सिंह।**

वैसे तो प्रत्येक पांच साल के बाद हिंदुस्तान में लोकसभा एवं प्रदेशों में विधानसभा का चुनाव आम है, लेकिन झारखंड के विधानसभा चुनाव को खासकर भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय एवं प्रादेशिक नेता विशेष चुनाव करार दे रहे हैं। झारखंड के मतदाताओं को भाजपा नेताओं ने अलग-अलग तर्क देकर समझाने/विश्वास दिलाने में दिन-रात एक कर दिया है कि परिवर्तन बहुत जरूरी है। इनका तर्क है कि भाजपा के शीर्षस्थ नेता एवं तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जिस सोच अलग झारखंड प्रदेश बनाया, अब तक वह पूरी नहीं हो सकी है। अकूत खनिज संपदा वाले प्रदेश के आदिवासी- मूलवासी अब भी पिछड़े हैं। इसका मूल कारण भ्रष्टाचार एवं घुसपैठ है। दूसरी ओर सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का तर्क है कि राज्य सरकार के पांच में से लगभग दो साल कोविड महामारी में गुजर गया। उसके बाद जब काम करने का समय आया, तो केंद्र सरकार ने झारखंड में सरकार को अस्थिर करने की साजिश शुरू कर दी।

इन तर्कों के साथ सबसे अहम बात यह भी है कि झारखंड में कुछ पूर्व मुख्यमंत्रियों, जो भाजपा के हैं, की प्रतिष्ठा इस चुनाव में दांव पर लग चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, मधु कोड़ा, रघुवर दास एवं चंपाई सोरेन के लिए यह चुनाव लिटमस टेस्ट के समान है।

## बहू पूर्णिमा पर निर्भर रघुवर का राजनीतिक 'राज'

विगत विधानसभा चुनाव यानी 2019 तक मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने वाले रघुवर दास (वर्तमान में ओड़िशा के राज्यपाल) की पुत्रवधू पूर्णिमा साहू दास को भाजपा ने जमशेदपुर पूर्वी सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है। जमशेदपुर पूर्वी सीट भाजपा के लिए सबसे सुरक्षित मानी जाती है। यह बात अलग है कि पिछले विधानसभा चुनाव में पांच बार के विधायक और तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को यहां से सरयू राय के हाथों पराजित होना पड़ा था। इस बार उनकी पुत्रवधू को पार्टी टिकट तो मिल गया, लेकिन शुरुआती दौर में विरोध के स्वर भी तेज सुनाई पड़े। धीरे-धीरे अधिकतर भाजपाइयों को साध लिया गया, किंतु राजकुमार सिंह एवं शिव शंकर सिंह सरीखे पार्टी के पुराने सिपाही सामने खड़े हो गये हैं। कहने को तो कांग्रेस के उम्मीदवार डॉ अजय कुमार से मुख्य मुकाबला है, लेकिन राजकुमार सिंह एवं शिव शंकर सिंह ने भी पूरा जोर लगा दिया है। दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय कुमार को जिताने के लिए राहुल गांधी एवं सचिन पायलट जमशेदपुर आये थे। वैसे तो पूर्णिमा साहू दास भाजपा के चुनाव चिह्न पर मैदान में हैं, किंतु इस चुनाव के परिणाम का अधिक असर रघुवर दास के राजनीतिक भविष्य पर पड़ेगा।

## पोटका में अर्जुन मुंडा के रणनीतिक कौशल की परीक्षा

जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पोटका विधानसभा क्षेत्र से मीरा मुंडा को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। वह तीन






बार के मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री रह चुके अर्जुन मुंडा की पत्नी हैं। जाहिर है कि पार्टी प्रत्याशी भले ही मीरा मुंडा हैं, लेकिन पोटका में चुनाव का पूरा दारोमदार अर्जुन मुंडा पर है। भाजपा के नेता- कार्यकर्ता एवं प्रत्याशी को मुंडा के मैनेजमेंट पर पूरा भरोसा है। पोटका विधानसभा क्षेत्र ग्रामीण एवं शहरी दोनों में पड़ता है। यहां सबसे अधिक संथाल एवं भूमिज/ सरदार वोटर हैं। ओबीसी एवं सामान्य जाति के वोटर भी जीत-हार में काफी प्रभावी भूमिका निभाते रहे हैं। पत्नी को जिताने और खुद का राजनीतिक भविष्य सुरक्षित रखने के लिहाज से अर्जुन मुंडा अपने तरकश के सभी तीर आजमा रहे हैं। मीरा को टिकट दिये जाने के बाद स्थानीय नेताओं में थोड़ा-बहुत क्षोभ सुनाई पड़ा, लेकिन अर्जुन मुंडा उन्हें अपने पक्ष में करने में कामयाब हो गये हैं। विधानसभा सीट के तीनों प्रमुख इलाके, यथा पोटका, डुमरिया एवं बागबेड़ा में भाजपाइयों के अलावा अपने तमाम नेटवर्क को वह सक्रिय कर चुके हैं। यहां के चुनावी परिणाम पर अर्जुन का भाजपा में भविष्य टिका हुआ है।

## सरायकेला तय करेगा चंपाई का राजनीतिक रसूख

इसी तरह सरायकेला सीट पर भी भाजपा की नजर बनी हुई है। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री एवं कोल्हान टाइगर के नाम से प्रसिद्ध चंपाई सोरेन भाजपा के प्रत्याशी हैं। चंपाई की गिनती झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के सबसे भरोसेमंद नेताओं में की जाती थी। दो महीने पहले ही झामुमो का अपना राजनीतिक सफर छोड़कर वह भाजपा में आये हैं। भाजपा नेतृत्व को भरोसा है कि इनके जरिये आदिवासी, खासकर संथाल मतदाताओं के बीच पार्टी की पैठ बनेगी। इसलिए भाजपा इनका भरपूर उपयोग करती दिख रही है। लेकिन सरायकेला सीट पर लगातार कई चुनावों में जीत हासिल करने वाले चंपाई के सामने मुख्य प्रतिद्वंद्वी गणेश महली हैं, जो इस बार झामुमो प्रत्याशी हैं। हालांकि गणेश को चंपाई दो बार हरा चुके हैं, लेकिन इस बार चंपाई को हराने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं झामुमो की नयी स्टार कल्पना सोरेन हरसंभव कोशिश कर रही हैं। इस तरह एक ओर भाजपा चंपाई के सहारे कोल्हान और संथाल परगना में अपनी जगह बनाने के फिराक में है, तो दूसरी ओर खुद चंपाई को अपनी सीट से शानदार जीत की सख्त जरूरत है। सरायकेला सहित झारखंड में भाजपा के चुनावी प्रदर्शन से चंपाई का राजनीतिक भविष्य तय होगा।

## जगन्नाथपुर में गीता के भरोसे मधु कोड़ा का राजनीतिक भविष्य

पश्चिमी सिंहभूम जिला के जगन्नाथपुर विधानसभा सीट से भाजपा के सिंबल पर चुनाव लड़ रही हैं गीता कोड़ा। वह पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी हैं और पहले सांसद एवं विधायक रह चुकी हैं।

कांग्रेस छोड़कर वह लोकसभा चुनाव के ऐन पहले भाजपा में आयी हैं। पार्टी ज्वाइन करने के बाद भाजपा ने उन्हें लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया, लेकिन गीता कोड़ा चुनाव हार गयीं। सिंहभूम सीट अंतर्गत सभी सातों विधानसभा क्षेत्र में वह पिछड़ गयी थीं। विधानसभा चुनाव से पहले उनके पति और पूर्व सीएम मधु कोड़ा भी भाजपा में शामिल हो गये। गीता कोड़ा के सामने कांग्रेस उम्मीदवार सोनाराम सिंकू एवं निर्दलीय प्रत्याशी मंगल सिंह बोबोंगा हैं। मंगल सिंह बोबोंगा झामुमो में थे और पूर्व में विधायक रह चुके हैं। दो दमदार प्रत्याशियों के बीच गीता कोड़ा की चुनावी राह कैसी होगी, यह तो 23 नवंबर को ही स्पष्ट होगा, किंतु उनके चुनावी प्रदर्शन पर ही उनका और उनके पति का भविष्य निर्भर है।

कुल मिलाकर, झारखंड के आसन्न विधानसभा चुनाव का लब्बो-लुआब यह है कि चुनावी बिसात से पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, चंपाई सोरेन और मधु कोड़ा सीधे जुड़े हुए हैं। इन सबों का राजनीतिक रसूख फिलहाल दांव पर लगा हुआ है।

राजनीति के आसमान पर इनकी रोशनी अब से कुछ देर बाद शुरू होनेवाले मतदान में तय हो जायेगी।

# घुसपैठियों को संरक्षण दे रही गठबंधन सरकार: हिमंता

- हमारे समाज को बांटने का काम कर रहा जेएमएम
- अगर हम बंटेंगे तो आलमगीर आलम जैसा नेता राजा बनेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव सह-प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने खिजरी विधानसभा में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सरमा ने कहा कि इस बार झारखंड का चुनाव हमारे देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि, झारखंड चुनाव की चर्चा पूरे देश में हो रही है, क्योंकि यहां घुसपैठ का मुद्दा सबसे बड़ा है। मंगलवार को इडी ने कई जगहों पर रेड की, जिस दौरान घुसपैठियों से जुड़े दस्तावेज बरामद बरामद किये गये। आज साहिबगंज और पाकुड़ जैसे जिलों में लगातार घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही है। आज साहिबगंज में जिले में मुस्लिमों की संख्या 35 प्रतिशत तक पहुंच गयी है।

सरमा ने हेमंत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि, प्रदेश में लगातार घुपैठिए बढ़ रहे हैं, जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है। लेकिन झामुमो-कांग्रेस-राजद की गठबंधन सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। हेमंत सरकार लगातार घुसपैठियों को संरक्षण देने का काम कर रही है। लेकिन जब 23 तारीख को एनडीए की सरकार बनेगी तो, एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुनकर झारखंड से बाहर निकालने का काम करेंगे। आज झारखंड के कई जिलों में एक विशेष समुदाय के लिए शुक्रवार को स्कूलों को बंद किया जाता है।

उन्होंने हेमंत सरकार से सवाल करते हुए कहा, अगर एक समुदाय के लिए स्कूल शुक्रवार को बंद हो सकता है, तो हिंदुओं के लिए मंगलवार को क्यों नहीं हो सकता? सरमा ने कहा कि, इस सरकार के मालिक आलमगीर आलम जैसे लोग हैं, इसलिए शुक्रवार को स्कूलों को बंद किया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर मुहर्रम का जुलूस निकाल सकते हैं, तो राम नवमी का क्यों नहीं निकाल सकते। हेमंत सरकार हमारे समाज को बांटने का काम कर रही है।

सरमा ने कहा कि, बांग्लादेशी घुसपैठिए पहले ही दो शादी करते हैं, लेकिन झारखंड में आकर हमारी बहनों को बहलाकर उनसे शादी करके जमीन पर कब्जा कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही ऐसा कानून बनाया जायेगा, जिसके बाद अगर कोई घुसपैठिया हमारी आदिवासी बहनों से शादी करेगा तो उसके बच्चों को आदिवासी प्रमाण पत्र नहीं दिया जायेगा। घुसपैठिया झारखंड में शादी करने के बाद मुखिया का चुनाव नहीं लड़ पायेगा। उन्होंने कहा कि, हेमंत सरकार ने पहले युवाओं के लिए 5 लाख नौकरी का वादा किया था, लेकिन अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। युवाओं के 5 हजार बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया, लेकिन पूरा नहीं किया। प्रदेश के लोगों को शादी में सोने का सिक्का और 51 हजार देने का वादा किया था, लेकिन वो सोना आलमगीर आलम के घर भेजा गया। जिसके बाद इडी ने जब छापेमारी की तो, करोड़ों में नोटों के पहाड़ बरामद हुए। रोजगार देने के नाम पर पेपर लीक किये गये, उन पेपर को लाखों में बेचा गया और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया गया। सरमा ने सरकार को घेरते हुए कहा कि, आज स्कूल में शिक्षक नहीं हैं और अस्पताल में डॉक्टर्स नहीं हैं। लेकिन भाजपा ने वादा किया है, जो प्रदेश में 2 लाख 87 हजार पद खाली पड़े हैं उनको भरा जायेगा। गरीब के बच्चों को बिना पर्ची-बिना खर्ची नौकरी देने का काम करेंगे।

# बांग्लादेशी घुसपैठिया गैंग झारखंड में सक्रिय : बाबूलाल मरांडी

- इडी की कार्रवाई के दौरान साजिश का हुआ उद्भेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी इडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। कहा कि मंगलवार को इडी की कारवाई के दौरान बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में बसाने की जिस साजिश का उद्भेदन हुआ है, राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिए यह बेहद चिंताजनक है। कहा कि पहले भी कई बार बता चुका हूं कि घुसपैठियों को अवैध तरीके से भारत में प्रवेश कराने वाला गैंग झारखंड में सक्रिय है। हेमंत सरकार के संरक्षण में यह गैंग बांग्लादेश से प्रवेश कराने से लेकर घुसपैठियों को मदरसों में ठहराने से



लेकर उनका वोटर आइडी, आधार कार्ड व पासपोर्ट बनाने तक का जुगाड़ लगाता है।

कहा कि हैरानी है कि झारखंड की सुरक्षा और संप्रभुता के साथ खिलवाड़ कर झामुमो-कांग्रेस की सरकार झारखंड को बारूद के ढेर पर ला खड़ा किया है। विगत कुछ सालों के दौरान हुई बेतहाशा घुसपैठ ने झारखंड की मूल पहचान पर संकट खड़ा कर दिया है। कहा कि संथाल परगना के साथ-साथ राजधानी रांची, लोहरदगा, गुमला, चाईबासा समेत कई जिले घुसपैठियों के सेफ जोन बन चुके हैं। कुछ दिनों पूर्व रांची में बांग्लादेशी युवतियों की गिरफ्तारी के बाद रांची पुलिस को ही प्रारंभिक साक्ष्य मिले थे, इसके बावजूद प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। कहा कि इसके विपरीत न्यायालय के समक्ष घुसपैठ के स्याह सच को छुपाते हुए झूठा शपथ पत्र दायर किया गया। सुप्रीम कोर्ट जाकर घुसपैठ की जांच रुकवाने का प्रयास भी किया गया।

कहा कि उनका संकल्प है कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही पिछले दस से पंद्रह सालों के अंदर बने फर्जी वोटर आइडी कार्ड की जांच कर उसे रद्द किया जायेगा। भारतीय जनता पार्टी घुसपैठ जैसे देशविरोधी कृत्य को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। घुसपैठियों को चुन-चुनकर झारखंड से बाहर खदेड़ा जायेगा।

# हमें सड़क पर उतरने के लिए विवश नहीं करे चुनाव आयोग : झामुमो

- कल्पना का हेलीकॉप्टर रोके जाने पर गरजे जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो
- इडी बांग्लादेशी घुसपैठ के नाम पर हमारे यहां छापेमारी कर रही है ताकि यह सुर्खियां बने

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर बीजेपी, चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर बड़े आरोप लगाये। सुप्रियो ने कहा कि चुनाव आयोग और भारत सरकार की अन्य संस्थाएं हमारे प्रचार अभियान को रोकने की कोशिश कर रही हैं। कहा कि आयोग हमें सड़क पर उतर कर आंदोलन के लिए विवश न करे। कहा कि कल्पना सोरेन का हेलीकॉप्टर रोका गया था, और आज भी हमारे 2 हेलीकॉप्टरों के बीच में एयरफोर्स का हेलीकॉप्टर उतारा गया। जेएमएम नेता ने कहा, सीएम और कल्पना सोरेन लगातार अनुरोध करते रहे कि उन्हें उड़ना है। लेकिन उन्हें एक घंटे की देरी हो गयी।

सुप्रियो ने आगे कहा कि सीइसी राजीव कुमार बराबर-बराबर खेलने यानी सभी दल के नेताओं बराबर प्रचार-प्रसार की बात कहते रहते हैं। लेकिन क्या यही बराबरी का तरीका है। या तो आप बराबर मौका देने की बात न कहें या हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करवा दें ताकि वो बोल न सकें। कहा कि ये सबकुछ केंद्र के इशारे पर हो रहा है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता।

सुप्रियो ने चुनाव आयोग से कहा, कृपया एक और काम करें। बुधवार का मतदान रोक दें और उन्हें (बीजेपी को) सर्टिफिकेट दे दें। मैं चुनाव आयोग से कहना चाहता हूं कि कृपया हमें सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर न करें। कहा, आप देख रहे हैं कि किस तरह से इस राज्य में धारणा बनाने की कोशिश की जा रही है। इडी बांग्लादेशी घुसपैठ के नाम पर हमारे यहां छापेमारी कर रही है ताकि यह सुर्खियां बने।

भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

# स्वागत है

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024

13 नवम्बर | चरण -1
विधान सभा क्षेत्र- 43

आइए,
मतदान केंद्र पर पहुंचे और लोकतंत्र का पर्व मनाएं।

मतदान केन्द्रों पर मतदान करना हुआ और भी आसान

- रैंप और व्हीलचेयर
- दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग कतारें
- पीने का पानी
- ब्रेल लिपि वाली ईवीएम
- सुलभ शौचालय
- दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए परिवहन सुविधा
- विशेष स्वयंसेवक
- दिशा सूचक



CBC 52101/13/0080/2425

www.eci.gov.in

मतदान सूची में अपना नाम जानने के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

क्यूआर कोड स्कैन करें, विधानसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ लें।

मतदाता हेल्पलाइन पर कॉल करें।
1950

FB.com/ECI | @ecisveep | youtube.com/eci | @ecisveep | Election Commission of India

## दो युवकों के साथ मारपीट और हत्या के प्रयास का मामला थाने में कराया गया दर्ज

**आरोपी उपेंद्र ने कहा सीबीआइ जांच हो, दूध का दूध, पानी का पानी हो जायेगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड अंतर्गत चेपा कला निवासी आशीष कुमार साव पिता द्वारिका साव के द्वारा थाने में आवेदन दिया और साजिश रचकर गाड़ी के ऊपर पत्थरबाजी, गाड़ी रोक कर गाली गलौज, धारदार हथियार और पिस्टल सटाकर जान मारने का प्रयास का आरोप लगाते हुए बड़कागांव में थाने में आवेदन दे कर मामला दर्ज कराया है। दिए आवेदन में बताया है कि 11 नवंबर दिन सोमवार को रात लगभग 9 बजे अंकित राज पिता योगेंद्र साव के साथ गोंदलपूरा से बड़कागांव आ रहे थे उसी क्रम में बाबू पारा बादम नदी के सामने सुनसान जगह पर 12 से 15 लोग अचानक पथराव किया तथा गाड़ी को रोक दिया और हम दोनों को गाड़ी से खींचकर उतारकर भद्दी भद्दी गाली गलौज एवं मार पीट करने लगे। तथा हम लोगों के शरीर में धारदार हथियार और पिस्टल सटाकर जान से मारने की कोशिश करने लगे। हम लोगों के आवाज को सुनकर ग्रामीणों को आता देख वे अपना हथियार छिपा लिए, ग्रामीणों के सहयोग से हम लोगों की जान बच पायी। तत्पश्चात ग्रामीणों ने बताया कि उपेंद्र महतो पिता गुडन महतो, संतोष महतो, जग्गी कुमार, रवि महतो, बाजू महतो एवं अन्य 12 से 15 लोगों को ग्रामीणों ने पहचाना। इसमें हम दोनों को गंभीर चोट आई एवं गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गया। मामले को लेकर बड़कागांव थाना कांड संख्या 279/24 भारतीय न्याय संहिता 61(2), 126(2), 115(2), 189(2), 190, 352, 351(2), के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं मामले को लेकर उपेंद्र कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आरोप बिल्कुल निराधार है घटना की सीबीआई जांच हो ताकि दूध का दूध पानी का पानी हो जाये। अंकित राज अपनी हार को देखते हुए सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाह रहा है।

## सभी लोग अपना वोट जरूर दें: डॉ नीरा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव को लेकर अब कुछ ही क्षण शेष रह गये हैं और एक अच्छी सरकार चुनने के लिए हमें एक बार फिर से 5 साल बाद मौका मिल रहा है। इसलिए इस मौका का फायदा सभी मतदाताओं को उठाना चाहिए। भाजपा प्रत्याशी और कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने लोगों से वोट देने की अपील करते हुए कहा कि मताधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत है, हमें मजबूत राष्ट्र और मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने भाजपा के पक्ष में वोट डालने की अपील करते हुए कहा कि विकास, अच्छी सरकार, अच्छे भविष्य के लिए वोट जरूर करना चाहिए।

## श्री हरि जागरण का महापर्व देवोत्थान धूमधाम से मना



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)। श्री हरि जागरण का महापर्व देवोत्थान धूमधाम से प्रखंड मुख्यालय मरकचो समेत प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में मंगलवार को मनाया गया। देवोत्थान पर लोगों ने अपने अपने घरों को रोली, सिंदूर और तिलक से जगाया। कई घरों में श्रृंगार पूजन का भी आयोजन किया गया। प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो, नावाडीह, देवीपुर, जामु, पपलो, पांडेडीह, दशारो, विचरिया, नईटांड़ समेत कई गांव के घरों में तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। लोगों ने घर के आंगन में बने तुलसी पिंडा स्थान की विधिवत पूजा अर्चना की और कथा का श्रवण किया। मौके पर श्री हरिनारायण और तुलसी की पूजा अर्चना की गयी।**

## विधायक और नेता नहीं बल्कि भाई और बेटा बन कर करूंगा सेवा : बटेश्वर मेहता



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने अपने समर्थकों संग डोर टू डोर जनसंपर्क कर वोट मांगा। इचाक, दारू, टाटी झरिया और बरकट्ठा प्रखंड के एक दर्जन से अधिक गांव में जाकर टेंपो छाप पर वोट देने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि इस बार पूरे विधानसभा में टेंपो की लहर है, इस बार जनता ने चाचा भतीजा को हराने के लिए कमर कस लिया हैं। जनता का मुझे अपार जनसमर्थन मिल रहा है। इस बार बरकट्ठा इतिहास रचेगा और रिकॉर्ड मतों से मुझे जिताएगा।

## हजारीबाग, बरही और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में मतदान आज, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**जिला पुलिस बल के साथ पैरा मिलिट्री फोर्स की 40 कंपनियां तैनात**

**मतदानकर्मियों का बूथों पर पहुंचना हुआ शुरू**

**1164659 मतदाता आज करेंगे मतदान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के सदर, बरही और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को सख्त पहरे में चुनाव होगा। चुनाव के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हो। मतदाता बिना किसी डर भय के निष्पक्ष रूप से चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सके। इसके लिए जिला पुलिस बल के अलावा 40 कंपनी अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। सभी बुथ पर पांच चरण मे सुरक्षा व्यवस्था किए गए हैं। बुथ मे सबसे पहले पैरामिलिट्री फोर्स का घेरा बनाया गया है। इसके बाद जिला पुलिस बल और होमगार्ड के जवान का घेरा रहेगा। हर बुथ पर सीसीटीवी कैमरे, वेब कास्टिंग और वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गयी है। क्रिटिकल बूथ पर ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था रहेगी। वही हर बुथ पर सुरक्षा बल तैनात रहें, जिला प्रशासन ने इसकी व्यवस्था की है। मंगलवार को शाम तक चुनाव सामग्री लेकर मतदान कर्मी में अपने-अपने निर्धारित कलस्त्रटर और बुथ तक पहुंच चुके हैं। जिले में प्रथम चरण में तीन विधानसभा क्षेत्र में चुनाव होने हैं। जिले मे कुल मतदाताओं की संख्या 1595649 है। प्रथम चरण के चुनाव में 11 लाख 64 हजार 659 मतदाता भाग लेंगे। जबकि जिले के 1866 बूथ में मतदान होना है। प्रथम चरण में बुधवार को जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र के 1356 बूथ पर मतदान होंगे। सदर विधानसभा क्षेत्र में कुल 440297 मतदाता है। जिसमें पुरुष 222431और 216384 महिला मतदाता है। जबकि चार थर्ड जेंडर और 1478 सेवा मतदाता है। चुनाव को लेकर सदर विधानसभा में 486 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। सदर विधानसभा क्षेत्र में सदर प्रखंड, नगर निगम क्षेत्र कटकमसांडी, कटकमदाग और दारू प्रखंड का इलाका आता है। बरही विधानसभा में 335339 मतदाता भाग लेंगे। जिसमें पुरुष 70828 महिला163999 और 512 सेवा मतदाता शामिल हैं। विधानसभा चुनाव को लेकर बरही में 400 बूथ बनाये गये हैं। इस विधानसभा में बरही, चौपारण और पदमा प्रखंड का इलाका आता है।

वहीं बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में कुल 389023 मतदाता चुनाव में भाग लेंगे। जिसमें पुरुष 198915, महिला 1893382, दो थर्ड जेंडर और 768 सेवा मतदाता शामिल है। बरकट्ठा विधानसभा में 470 मतदान केंद्र बनाया गया है। जिले तीनो विधानसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। मतदान दिवस के दिन प्रात 7:00 बजे से मार्क पोल हो गया है या नहीं। मॉक पोल के दौरान कितने राजनीति दल के अभिकर्ता मौजूद थे। बूथ एजेंट को प्रस्थान करने और और चुनाव शुरू करने का प्रमाण पत्र देना है। मतदान निर्धारित समय सुबह सात बजे से शुरू करना है। आठ बजे से मतदान प्रतिशत की जानकारी देनी है। बूथ के 100 मीटर के अंदर किसी राजनीतिक दल या किसी प्रत्याशी के एजेंट नहीं रहेंगे। चुनाव प्रचार नहीं होगा। बुथ पर कानून व्यवस्था बिगाड़ने, लड़ाई झगड़ा एवं गुंडागर्दी करने पर सख्ती से निपटे। मतदाताओं से कतारबद्ध वोटिंग करायेंगे। यदि किसी भी बूथ पर पांच बजे के बाद लंबी लाइन लगी है तो सेक्टर मजिस्ट्रेट वहां उपस्थित रहकर व्यवस्था संभालेंगे। सभी बुथो पर मतदान कर्मी दिव्यांगजनों और बुजुर्गों को पहले मतदान करायेंगे। वेब कास्टिंग के दौरान बूथ में प्रवेश करने एवं अमिट स्याही लगाना ही रिकॉर्ड करना है। किसी दशा में वोटिंग कम्पार्ट की रिकॉर्डिंग नहीं करनी है।

### मतदान में गड़बड़ी होने पर दें सूचना

चुनाव को लेकर समाहरणालय में जिला नियंत्रण कक्ष एक्टिव कर दिया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष में 24 घंटे कार्य करने वाले पदाधिकारी और कर्मियों के नियुक्ति की गयी है। जिला नियंत्रण कक्ष में शिकायत प्राप्त होने पर संधारण के लिए पंजी, टेलीफोन, टेलीविजन तथा हंट लाइन आदि की व्यवस्था की गयी है। नियंत्रण कक्ष मे जिला नियंत्रण कक्ष में रिजर्व केंद्रीय सुरक्षा बल, वज्र वाहन, रैपिड एक्शन फोर्स की टुकड़ी, फायर ब्रिगेड के दमकल वाहन का दस्ता तैयार रखने को कहा गया है। जिला नियंत्रण कक्ष के दुरभाष संख्या 06546 220237, 220 238, 220242 पर दी जा सकती है।

## मांडू विधानसभा क्षेत्र में विपिन कुमार सिन्हा ने जनसंपर्क कर मांगा समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** माण्डू विधानसभा में दूसरे चरण के तहत 20 नवम्बर को मतदान है । अटल विचार मंच मांडू विधानसभा के प्रत्याशी विपिन कुमार सिन्हा ने मांडू विधानसभा अंतर्गत हेठली बोदरा में ग्रामीणों के साथ बैठक कर अपने पक्ष में समर्थन मांगा। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से आग्रह किया कि मैं आपका बेटा और भाई बनकर इस क्षेत्र की सेवा करूंगा। इस पार्टी का गठन हमारे पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा ने अटल बिहारी बाजपेई के सपनों को साकार करने के लिए किया है। आपका सहयोग मुझे मिला तो मैं इस क्षेत्र के सभी मूलभूत समस्याओं को समाप्त कर दूंगा। आपको सबों को जब भी जरूरत होगी दिन हो या रात कभी भी मुझको याद कर सकते हैं। आज से पूर्व जितने भी जनप्रतिनिधि इस क्षेत्र से अपने चुनकर भेजे उन्होंने आपका कितना विकास किया यह देखने वाली बात है। उन लोगों ने सिर्फ अपना और अपने परिवार का विकास किया। आपके इस सुदूर क्षेत्र में आने जाने के लिए ना तो सड़क है, ना हीं पेय जल की व्यवस्था है, समुचित आवास की व्यवस्था भी नहीं है। मैं आपसे वादा करता हूं आप सबों की समस्या का समाधान चुनाव के उपरांत तुरंत पूरा करने का प्रयास करूंगा। आप सब मुझ पर विश्वास करके बल्लेबाज छाप पर 15 नंबर के बटन दबा कर मुझे अपनी सेवा करने का मौका दें। ग्रामीणों ने उन्हें आश्वस्त किया कि हम सब तन, मन, धन से आपका सहयोग करेंगे।

## महेश तिग्गा ने मांडू विधानसभा के चुरचू में चलाया जनसंपर्क



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** मांडू विधान सभा के युवा नेता एवं मांडू से निर्दलीय प्रत्याशी महेश तिग्गा ने चूरचू में जनसंपर्क चला वोट मांगा। अपने जनसंपर्क अभियान के दूसरे दिन कई गांव का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण गांवों का दौरा किया जिनमें सड़वहां, चरही, बेहरा, कजरी, हेसागाढ़ा अन्य कई गांव में जनता के बीच निर्दलीय प्रत्याशी महेश तिगा ने वोट मांगा। मांडु में इस बार महेश तिग्गा का व्यापक जनाधार देखा जा रहा है और उनके कार्यों की चर्चा भी हो रही है प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त कर रहे हैं। अपने सरल स्वभाव और समाजसेवी छवि के चलते महेश तिग्गा को एक मजबूत और जनप्रिय प्रत्याशी के रूप में देखा जा रहा है।

## एनडीए कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़-गोमिया मार्ग स्थित एक्सिस बैंक के सामने एनडीए कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भाजपा एवं आजसू पार्टी की संयुक्त बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता चुनाव संचालन समिति के संयोजक शंभू नाथ पांडेय एवं संचालन सह संयोजक प्रभु विश्वकर्मा ने किया। बैठक में चुनाव संचालन समिति के निदेर्शानुसार सभी प्रभारियों की समीक्षा कर बूथ समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को एनडीए कार्यालय में एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें भाजपा के पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल एवं आजसू पार्टी के मंडल अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, चुनाव संचालन प्रभारी पश्चिमी संयोजक शंभू नाथ पांडेय, सह संयोजक प्रभु विश्वकर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन गुप्ता, महामंत्री सुनील मिश्रा ने सभी पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने रणनीति बनाते हुए बूथ संबंधित सूक्ष्म बारीकियों को बताया गया कि कैसे बूथ को जितना है, कैसे बूथ पर अपना बढ़त बनाना है, इस संबंध में मांडू विधानसभा क्षेत्र विष्णुगढ़ पश्चिमी के सभी 12 पंचायतों एवं 69 बूथ कार्यकर्ताओं के बीच विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर सभी बूथों के अध्यक्ष, सचिव एवं विएलओ समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोडरमा में मगध सम्राट जरासंध की जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** मगध सम्राट जरासंध जी महाराज की 5227 वी जयंती लोकतंत्र के महापर्व को देखते हुए चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा जिला कमिटी के द्वारा कोडरमा महावीर मोहल्ला में मंच मुख्य संरक्षक रामेश्वर राम रवानी, जय प्रकाश राम, बिरेंद्र राम, ओम प्रकाश राम,उमेश राम, प्रवीण चंद्रा सुरेंद्र भारती की उपस्तिथि में मंच अध्यक्ष दीपक कुमार नवीन की अध्यक्षता एवं सचिव महेश भारती के संचालन में सादे समारोह आयोजित कर मनाया गया। मुख्य वक्ता गण ने जरासंध कि जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जरासंध जी का जन्म मगध सम्राट बृहद्रथ के दो पत्नियों से हुई। जरासंध जी महाभारत काल के सबसे शक्तिशाली राज्य मगध का सम्राट था। जो अपने पराक्रम से 86 राजाओं को बंदी बना लिया था। वही वक्ताओं ने कहा कि जरासंध बहुत बड़े शिव भक्त थे। उसी चन्द्र से चंद्रवंश कुल में आज चंद्रवंशी समाज का जन्म हुआ। वक्ताओं ने कहा कि आज के इस कंप्यूटर युग में हमें जरासंध जैसे शक्तिशाली योद्धा जैसा बनना है तो हम सब को अपने आप को समाज की सामाजिक समरसता को बनाए रखते हुए समाज की एकता अखंडता संप्रभुता के साथ सामाजिक, राजनीतिक व शैक्षणिक स्थिति को मजबूत करना होगा। जयंती समारोह में मुख्य रूप से, संतोष चंद्रवंशी, रवि राम, दीपक सिंह, जय प्रकाश राम, मदन राम, बादल कुमार, सहदेव राम, प्रेम भारती, रमेश राम, सक्षम भारती, ज्योति भारती, सोनम भारती, चंपा देवी, रंजीत राम, दिवाकर राम, मनोज राम, विजय राम, राजेंद्र राम, राजकुमार राम, अमन भारती आदि ने भाग लिया।

## मतदानकर्मियों में दिखा उत्साह



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** मतदान केंद्रों के लिए रवाना होने से पहले मतदान कर्मियों में खासा उत्साह दिखने को मिला। पहली बार चुनाव कराने जा रहे मतदान दल में काफी उत्साह देखा गया। वाहन पर सवार होते हुए मतदान कर्मियों ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व को निभाने की जिम्मेदारी से हम उत्साहित हैं और शांतिपूर्ण चुनाव संपन कराने की बात कही। डिस्पैच सेंटर में उप विकास आयुक्त ऋतुराज, निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम, जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजूर समेत अन्य प्रतिनियुक्त पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## नवादा में इंडिया गठबंधन के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** माण्डू विधानसभा क्षेत्र का चुनाव दूसरे चरण में 20 नवम्बर को होगा। जिसके लिए सभी प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। मंगलवार को प्रखंड कोंग्रेस अध्यक्ष अब्बास अंसारी नवादा में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि माण्डू विधानसभा के इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल को बीस नवम्बर को हाथ छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से जीत दिलाये। राज्य में पुनः इंडिया गठबंधन की सरकार बनानी है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा किये गये विकास कार्यो को विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुवे कहा कि मईयां सम्मान योजना की राशि हर गरीब परिवार के लिए उपयोगी साबित हुआ।अबुवा आवास योजना से कई जरूरतमंदों को लाभ हुवा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखा कर अपना वोट डाल सकेंगे मतदाता

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त 19 कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के लिए 13 नवंबर 2024 को मतदान किये जायेगा। जहां एक तरफ आज पोलियां पार्टी कोडरमा स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में बनाये गये डिस्पैच सेंटर से अपने-अपने मतदान सामग्रियों के साथ आवंटित पोलिंग बूथों पर पहुंच रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ स्वीप कार्यक्रम के तहत नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीतीश कुमार निशांत के नेतृत्व में मतदाता पहचान पत्र (एपिक कार्ड) के अलावे 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखा कर मतदाता कर सकेंगे मतदान का पंपलेट बांटकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र (ईपिक कार्ड) के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज मान्य हैं। इसमें पासपोर्ट, ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी की गयी फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) द्वारा जारी किये गये कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय), फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, आधार कार्ड, सांसद, विधायक पार्षद को जारी पहचान पत्र एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआइडी) शामिल है।

## मतदान कर्मी पहुंच रहे हैं अपने मतदान केंद्र, बीएलओ फूल और गुलदस्ता से कर रही हैं स्वागत



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त 19 कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के लिए 13 नवंबर 2024 को मतदान किये जायेगा। इसके लिए आज पोलियां पार्टियों को कोडरमा स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में बनाये गये डिस्पैच सेंटर से अपने-अपने मतदान सामग्रियों के साथ आवंटित पोलिंग बूथों के लिए रवाना किया गया। डिस्पैच सेंटर से रवाना होते हुए मतदान कर्मियों अपने अपने मतदान केंद्र पहुंच रहे हैं। जैसे जैसे मतदान कर्मी अपने बूथ पहुंच रहे हैं, उस मतदान केंद्र के बीएलओ मतदान दल के कर्मियों को फूल व गुलदस्ता देकर स्वागत कर रही है। सभी ही मतदाताओं से अपील किया जा रहा है कि हम आपके लिए तैयार हैं, 13 नंवबर को अपने मतदान केंद्र आकर मतदान अवश्य करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल हों।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा रांची महानगर प्रभारी ने कार्यकर्ताओं संग की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव के निर्देश पर बोंगावार फोरलेन स्थित मोतीराम कांम्प्लेक्स में भाजपाईयों के संग बैठक की। बैठक की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति व संचालन वीणा कुमारी ने किया। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ किया गया। बैठक के दौरान महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने मौजूद भाजपाइयो से आगामी विस चुनाव में एनडीए समर्थित उम्मीदवार को अपना मत देने की बात कही। साथ ही, अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को आगे आकर उनका समर्थन करने का निर्देश दिया।

मौके उन्होंने कहा कि इस बार राज्य में एनडीए की सरकार बनना तय है। इसलिए एनडीए के उम्मीदवार को भी जीताना जरूरी है। एनडीए की सरकार बनने के बाद केंद्र और राज्य सरकार मिलकर डबल इंजन की सरकार बनायेंगे। जिससे विकास भी डबल इंजन की रफ्तार तेजी से बढ़ेगा से। बैठक में सुखदेव सोनी, आशा देवी, वीणा देवी, मनसरी देवी, अनिता देवी, संगीता देवी, शांति देवी, गंगा देवी, सुनीता देवी, गीता देवी, छोटन प्रजापति सहित काफी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल रहे।

# रिटायर्ड फौजी रमेश राय के घर से चोरी की गयी बंदूक बरामद, चोर गिरफ्तार

## अपराधियों से हथियार बेचने की हो रही थी डील

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ थाना पुलिस ने रिटायर्ड फौजी रमेश राय के घर से चोरी हुई लाइसेंसी बंदूक बरामद कर ली है। साथ ही चोर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। मंगलवार की शाम प्रेस कांफ्रेंस कर एसपी अजय कुमार ने इस पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगस्त महीने में रिटायर्ड फौजी के घर में चोरी हुई थी। उनके घर से लाइसेंसी बंदूक के अलावा अन्य कीमती सामान चोर उड़ा ले गये थे। चुनाव के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अपराधियों को हथियार बेचने की तैयारी चल रही है। सूचना के आधार पर रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने छापेमारी की और पारेबस्ती निवासी एक चोर शशि कुमार को गिरफ्तार किया। जब उससे पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि उसने किराये के घर में चोरी का सामान रखा है। हथियार को झाड़ियां में छुपा दिया है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने दुनाली बंदूक बरामद किया। साथ ही उसके घर से चूल्हा, बर्तन, डीवीडी प्लेयर, सूटकेस आदि भी बरामद किया गया है। **चोरी की वारदात में शामिल थे तीन अपराधी** एसपी ने बताया कि रिटायर्ड फौजी रमेश राय के घर में बहू की हत्या हुई थी। इस मामले में पूरा परिवार जेल में बंद था। चोरों ने देखा कि वह घर लंबे समय से बंद है, तो वहां चोरी की योजना बनायी। तीन चोरों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। **छपेमारी टीम में थे शामिल** एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, सब इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार सिंह, ओमकार पाल, एएसआई सुजीत कुमार सिंह सहित रामगढ़ थाना के रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल शामिल थे।

# श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव के दसवें दिन निकाली गयी प्रभात फेरी



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर दसवें दिन मंगलवार को भी प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभातफेरी मेन रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर सुभाष चौक, बिजुलिया होते हुए सरदार इंद्रजीत सिंह कोहली के आवास पहुंची। यहां कोहली परिवार ने साध संगत का स्वागत किया। वही, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार रंजीत सिंह छाबड़ा ने इंद्रजीत सिंह कोहली को सरोपा देकर सम्मानित किया। प्रभातफेरी में बच्चे भी बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। निसान साहब की अगवाई गुरजोत सिंह सैनी कर रहे थे। इस दौरान साध-संगत कहो नानक सभ तेरी वडयाई, कोई नाव न जाने तेरा, राजन के राजा महाराजन के राजा जैसे शब्दों से गुरुवाणी पेश कर चल रहे थे।

# सड़क दुर्घटना में नवाडीह गांव निवासी राजेश यादव की पत्नी कमला देवी की मौत

**चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के पनारी नवादी गांव निवासी राजेश यादव उर्फ पंडित जी की 45 वर्षीय पत्नी कमला देवी की मौत सड़क दुर्घटना में हो गयी । प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया कि राजेश यादव अपनी मोटरसाइकिल से पत्नी को लेकर चतरा जा रहे थें। इसी दौरान चतरा डीएवी स्कूल के समीप पिकअप वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। अस्पताल ले जाने के दौरान बीच रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी।

# जंगल से लावारिस बाइक और टीवी बरामद



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू पुलिस ने नयामोड़-आरा मार्ग ओवरब्रिज के पास जंगल से लावारिस हालत में पड़े एक बाइक बरामद किया है। साथ ही, बाइक के मालिक की छानबीन में पुलिस जुट गयी है। जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने झाड़ियों के बीच छुपा कर रखी हुई पैशन प्रो बाइक संख्या जेएच 24 ई 7393 को देखकर पुलिस को सूचना दी। साथ ही, पुलिस के जांच क्रम में बाइक मालिक का नाम पंकज कुमार पिता नारायण अगरिया बसंतपुर केदला निवासी बताया जाता है। इधर, कुछ दिन पूर्व कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय से चोरी हुए एलईडी टीवी को बरामद कर लिया गया है। इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार ने बताया कि स्थानीय एक व्यक्ति द्वारा जब झाड़ियों के पास गया तो देखा कि एलईडी टीवी पड़ा है। इसके जाकर टीवी को बाहर निकालते हुए पंचायत सचिवालय लाया गया।

## रामगढ़ में बेटी, रोटी और माटी पर खुलकर बोले सीएम

# अब बेटियां बोझ नहीं, आइएएस और आइपीएस बनेंगी, पढ़ाई का पूरा खर्च हम देंगे: हेमंत सोरेन

- झारखंडी न बंटेगा, न टूटेगा, अब वोट से दमभर कूटेगा
- हर बेटी को सम्मान, दिसंबर से मिलेगा ढाई हजार
- बीजेपी व्यापारियों की पार्टी, वे अपने दोस्त का कर्जा माफ करते है और हम किसान का



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अब हमारी बेटियां बोझ नहीं बनेंगी। हमारी बेटी पढ़ लिखकर आइएएस और आइपीएस बनेंगी। पढ़ायी- लिखायी में जो खर्चा होगा। उसकी व्यवस्था हमारी सरकार करेगी। आप आदिवासी मूलवासी की सरकार बनायें। आपके खाते में हम एक लाख रुपये भेजेंगे। इसके बाद उन्होंने बीजेपी के बंटेंगे तो कटेंगे बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि झारखंडी ना तो बंटेंगे ना टूटेंगे, वोट से सबको कूटेंगे। मंगलवार को रामगढ़ जिले के दुलमी प्रखंड मैदान में कांग्रेस उम्मीदवार ममता देवी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। यहां उन्होंने भाजपा और एनडीए गठबंधन के खिलाफ जमकर आग उगली। उन्होंने कहा कि गरीबों और आदिवासियों का जिस पर आशीर्वाद है, उसका बाल भी बांका नहीं हो सकता। हेमंत सोरेन ने कहा कि यह व्यापारी लोग हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई में फूट डालकर झारखंड के जल, जंगल, जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। लेकिन व्यापारियों की फितरत है सिर्फ लेने की, देने की नहीं। आज एक बार फिर झारखंड में अबुआ सरकार बनाने की जरूरत है।

### बेटियों, महिलाओं, बुजुर्गों और किसानों को दी गयी राहत

हेमंत सोरेन ने कहा कि जब उनकी सरकार बनी तो ढाई साल कोरोना खा गया। बचे हुए ढाई वर्षों में उन्होंने बेटियों, बुजुर्गों और महिलाओं को पूरी राहत देने की कोशिश की है। सावित्रीबाई फुले योजना के तहत बच्चियों को शिक्षा का ध्यान रखा गया। बुजुर्गों और महिलाओं को पेंशन दिया गया। कोरोना काल में कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग देने वाली माता बहनों को मंईयां सम्मान योजना के तहत 1000 रुपये हर महीने दिया जा रहा है। अगर फिर उनकी सरकार बनी तो अगले 5 सालों में 100000 सीधे उनके खातों में भेजा जायेगा। गरीबों को राहत देने के लिए उनका बकाया बिजली बिल माफ किया गया। किसानों के दो लाख रुपये तक के ऋण की माफी की गयी है। आज हम हक से जनता से वोट मांगने आये हैं।

### गिद्ध की तरह झारखंड में मंडरा रहे एनडीए के नेता

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एनडीए के नेताओं को गिद्ध की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि वे यहां जल, जंगल, जमीन पर कब्जा करने की साजिश रच रहे हैं। असम के मुख्यमंत्री यहां आदिवासियों की हालत पर बयान दे रहे हैं, जबकि उनके प्रदेश में आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने जंगल और जमीन व्यापारियों के हाथों में थमा दिया। झारखंड में भी खनिज संपदा की लूट मचाने के लिए केंद्र सरकार साजिश रच रही है, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि आज 500 में गैस सिलेंडर देने की बात कही जा रही है। उनकी ही सरकार यूपी, बिहार, असम, छत्तीसगढ़, उड़ीसा में है। वहां वह किसी को नहीं दे रहे। केंद्र सरकार पूरी व्यापारियों की पार्टी है। झूठ बोलकर लोगों को ठगने का काम करते हैं।

### ऐसी सरकार चुनें जहां, सुरक्षित रहे बेटी, रोटी और माटी

हेमंत सोरेन ने बेटी, रोटी और माटी को सुरक्षित रखने के लिए अबुआ सरकार चुनने की अपील की। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की पार्टी बेटी बचाने को कहेगी और वही चुरा लेगी। रोटी बचाने की बात करेंगे और थाली से रोटी छीन लेंगे। लेकिन अबुआ सरकार रहेगी तो बेटी, रोटी, माटी सब बचेगा।

# कुंदरू पंचायत और बारलोंग में बैठक एनडीए प्रत्याशी को वोट देने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** रामगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर कुंदरू कलां एवं बारलोंग पंचायत में आजसू पार्टी द्वारा बैठक आयोजित की। जिसमे रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो एवं आजसू वरिष्ठ नेता किसुन राम मुंडा शामिल हुए। इस मौके पर पार्षद ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा का विकास का विकल्प है सुनीता चौधरी रामगढ़ में जिनके द्वारा विकास का गंगा बहाने का काम किया गया है वही हमारा सही विकास कर सकती है। इसलिए शत प्रतिशत मतदान करने का काम करें और विधानसभा रामगढ़ के प्रत्याशी सुनीता चौधरी को आगामी 20 नवंबर को चुनाव चिन्ह केला छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजय बनाकर विधानसभा भेजनें का काम करें, और रामगढ़ में विकास की मार्ग को मजबूत करें। इस मौके पर कुंदरू पूर्व मुखिया उमेश महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य विजय केसरी, धनेश्वर यादव, हीरा गोप, दिलीप यादव, अनूप यादव, गोपाल महतो, प्रदीप नायक, संजय सिंघानिया, मोहराय महतो,छोटू मुंडा,नेमधारी महतो, विजय मुंडा, रेखा देवी, रेनू देवी, संगीता देवी, सहित कई आजसू कार्यकर्त्ता शामिल थे।

# चोकाद में गेहूं बीज का वितरण

गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के चोकाद गांव स्थित गोला दर्पण प्रोड्यूसर कंपनी के कार्यालय में उन्नत किस्म के गेहूं बीज का वितरण किया जा रहा है। जानकारी देते हुए सभी किसानों को मोबाइल और आधार कार्ड साथ में लाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि आज के समय में सभी कार्य ऑनलाइन होता है। जिस कारण आधार कार्ड और मोबाइल लाना अनिवार्य है।

**विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग**

**बी.एड./एम.एड. महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय विभाग में नामांकन हेतु सूचना**

वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने झारखण्ड राज्य के बी.एड./ एम.एड. महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालय विभाग में सत्र 2024-26 में नामांकन के लिए JCECEB, राँची के द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल हुए परन्तु उनका नामांकन अभी तक कहीं भी नहीं हो पाया है, वे विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के अन्तर्गत किसी इच्छित अंगीभूत /संबद्ध महाविद्यालय / विश्वविद्यालय विभाग में नामांकन के लिए अपना आवेदन CML Rank तथा Roll No. का उल्लेख करते हुए सभी उत्तीर्ण परीक्षाओं के अंक -पत्र एवं आरक्षण संबंधित स्वअभिप्रमाणित दस्तावेज के साथ संबंधित महाविद्यालय / विश्वविद्यालय विभाग में दिनांक 18.11.2024 से 22.11.2024 तक जमा कर सकते हैं।

कुलपति के आदेशानुसार
ह./-
कुलसचिव

ज्ञापांकः VBU/CP/08/2023/R/2574/24 दिनांक :12.11.2024

# श्री दिगंबर जैन मंदिर में श्री सिद्धचक्र विधान का आयोजन



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में श्री सिद्धचक्र विधान भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा हैं। यह कार्यक्रम 8 से शुरू होकर 15 नवंबर तक पूरे विधि विधान के साथ संपन्न होगा। विधान में सिद्ध परमेष्ठी भगवान की आराधना की जाती है। सकारात्मक और सफल जीवन के लिए सभी लोगों को अपने जीवन में धर्म को महत्व देना चाहिए।

**Format C-1**

**Declaration about criminal case**

(As per the judgment dated 25 th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr)

Name & address of candidate : **PANESHWAR KUMAR,** Village-**Kaitha,**
Ps+Dist.- **Ramgarh (Jharkhand)**
Name of Political Party: **JLKM**
*(Independent candidates should write "independent" here*
Name of Election : **ASSEMBLY ELECTION 2024 JHARKHAND**
Name of Constituency : **23- RAMGARH**

**I Paneshwar Kumar** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal Cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of case (s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ACJM, Ramgarh | Mandu (Kujju) 58/2023 | Charge | U/S 147, 148, 149, 341, 342, 385, 504, 506, I.P.C |
| 2. | CJM, Ramgarh | Ramgarh 145/2023 | Apprenc | U/S 143, 149, 188, 283, 341, 504, 506, I.P.C |
| 3. | CJM, Ramgarh | Rajrappa 55/2023 | Apprenc | U/S 143, 145, 149, 188, 186, 353 I.P.C |

(B) Details about case of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of office(s) punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NIL | NIL | NIL |
| NIL | NIL | NIL | NIL |
| NIL | NIL | NIL | NIL |

In the case of election to Council of States or election of Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Sd/-**
**PANESHWAR KUMAR**
**JLKM**
**ASSEMBLY ELECTION 2024 JHARKHAND**

# कांग्रेस नेत्री और दुलमी की पार्षद प्रीति दीवान ने आजसू का दामन थामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रतिदिन विभिंन पार्टियों को छोड़कर आजसू पार्टी में लोग शामिल रहे हैं। और पार्टी के सदस्यता ले रहे हैं रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दुलमी प्रखंड अंतर्गत कांग्रेस पार्टी के नेत्री एवं दुलमी जिला परिषद सदस्य प्रीति दीवान ने गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के समक्ष आजसू पार्टी में शामिल हुई। जिससे कांग्रेस पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा, पार्षद के शामिल होने पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के द्वारा अजसू पार्टी का पट्टी पहनाकर भव्य रूप से स्वागत किया। इस मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने लोगों से कहा कि रामगढ़ की जनता यहां विकास चाहती है पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि मूलभूत समस्याओं समाधान कर सकते हैं वैसी पार्टी में लोग स्वतः शामिल हो रहे हैं उन्होंने कहा कि पिछले 17 वर्षों में रामगढ़ का जो ऐतिहासिक विकास कार्य किया गया है। जिससे लोग प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं, जनहित में आजसू पार्टी छोटे बड़े सभी लोगों को मान सम्मान देने का काम किया है साथ ही हमेशा सुख-दुख में पार्टी कार्यकर्ता एक सारथी बनकर सेवा व सहयोग करने का काम किया है तथा भविष्य में भी पार्टी कार्यकर्ता लोगों के साथ मिलकर विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है। इस मौके पर आजसू में शामिल पार्षद प्रीति दीवान नेसदस्यता ग्रहण करने के बाद कही की पूर्व में 15 वर्ष पूर्व मंत्री और सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने दुलमी क्षेत्र का जो अद्भुत सर्वांगीण विकास किया है। जिसे कभी यहां की जनता नहीं भूलेगी और अच्छे विचारधाराओं से पार्टी ने मुझे आजसू मान सम्मान दिया। पार्टी द्वारा मुझे जो जिम्मेवारी मिली है उसे हम पार्टी का एक सिपाही बनकर बखूबी से निभाऊंगी, विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता होगी, इस मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य लाल बिहारी महतो,पार्षद पति अरुण दीवान,रीमा देवी,सहित गोला प्रखंड आजसू महिला कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महाराष्ट्र में मुफ्त घोषणाओं की होड़

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में जिस तरह से दोनों प्रमुख गठबंधनों-सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी महाविकास आघाड़ी ने चुनावी वादों का पिटारा खोल रखा है, वह बताता है कि इन दलों ने हाल के अनुभवों और अपने नेताओं की नसीहतों से कोई सीख नहीं ली है। यह बात बार-बार कही जाती रही है कि राजनीतिक दल चुनाव के दौरान वादे करने में अतिरिक्त उदारता दिखाते हैं, जिससे एक तरफ खजाने पर बोझ बढ़ता है, तो दूसरी तरफ इन दलों की साख पर भी सवाल उठते हैं। ताजा उदाहरण कर्नाटक का है, जहां अव्यावहारिक वादों के बल पर चुनाव जीतने के बाद राज्य सरकार के लिए उन्हें पूरा करना मुश्किल साबित हो रहा है। संभवतः इसीलिए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा के वादे पर पुनर्विचार की बात कही, जिस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को उन्हें फटकार लगानी पड़ी कि उनके बयान से महाराष्ट्र के मतदाताओं को गलत संदेश जा सकता है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मुफ्त की घोषणाओं पर सवाल उठाते रहे हैं। महाराष्ट्र चुनाव अभियान पर किसी भी खेमे में इन बातों का कोई असर नहीं दिख रहा। सत्तारूढ़ महायुति (यानी बीजेपी, शिंदे की अगुआई वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी) ने लाड़की बहिण योजना में दी जाने वाली राशि 1500 मासिक से बढ़ा कर 2100 मासिक करने के साथ ही नमो शेतकरी महासम्मान निधि योजना में किसानों को दी जाने वाली राशि भी 12000 मासिक से बढ़ा कर 15000 रुपये मासिक करने का वादा किया है। दूसरी ओर विपक्षी महाविकास आघाड़ी (यानी कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की अगुआई वाली शिवसेना और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी) ने महिलाओं को 3000 रुपये मासिक और मुफ्त बस सेवा देने का वादा किया है। इन वादों से राजकोष पर पड़ने वाले बोझ की बात करें तो महायुति की लाड़की बहिण योजना में हुए इजाफे से इस पर सालाना खर्च 63000 करोड़ रुपये हो जायेगा, जो इस योजना के मौजूदा बजट में 40 फीसदी का इजाफा है। नमो शेतकरी महासम्मान निधि में भी बढ़ोतरी का वादा इसके खर्च में सालाना 25 फीसदी का इजाफा कर देगा। ऐसे ही महाविकास आघाड़ी का महिलाओं को 3000 रुपये मासिक कैश देने का वादा राजकोष पर सालाना 90,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ डालेगा। यह स्थिति तब है जब इसी जुलाई में विधानसभा में रखी गयी सीएजी रिपोर्ट ने याद दिलाया कि राज्य पर कर्ज बढ़ता जा रहा है। उसे 2.75 लाख रुपये का कर्ज अगले सात वर्षों में चुकाना है। यही नहीं 94,845.35 करोड़ रुपये का मार्केट लोन और 83,453.17 करोड़ रुपये ब्याज अगले दो वर्ष में यानी वित्त वर्ष 2025-26 तक चुकाने हैं। जाहिर है, राजनीति को थोड़ा और जिम्मेदार होने की जरूरत है।

**नमो शेतकरी महासम्मान निधि में भी बढ़ोतरी का वादा इसके खर्च में सालाना 25 फीसदी का इजाफा कर देगा। ऐसे ही महाविकास आघाड़ी का महिलाओं को 3000 रुपये मासिक कैश देने का वादा राजकोष पर सालाना 90,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ डालेगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दरअसल निमोनिया एक ऐसा गंभीर संक्रमण है, जो फेफड़ों के वायुकोषों में द्रव भरने का कारण बनता है और प्रायः बच्चों और बुजुर्गों के लिए सर्वाधिक घातक साबित होता है। निमोनिया हर साल दुनियाभर में लाखों लोगों की जान ले लेता है। यूनिसेफ के आंकड़ों के अनुसार निमोनिया से विश्व में प्रतिवर्ष 45 करोड़ से भी ज्यादा लोग पीड़ित होते हैं और प्रत्येक 39 सैकेंड में निमोनिया से एक बच्चे की मौत होती है। भारत में 2018 में 5 वर्ष से कम आयु के करीब 1.27 लाख बच्चों की मौतें हुई थीं।**

# क्रांतिकारी खोजों से बढ़ी निमोनिया के खात्मे की उम्मीद

**योगेश कुमार गोयल**



निमोनिया के बारे में जागरूकता फैलाने और इस बीमारी से लड़ने के लिए वैश्विक प्रयासों को एकजुट करने का एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 12 नवंबर को विश्व निमोनिया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष निमोनिया दिवस हर सांस मायने रखती है : निमोनिया को उसके मार्ग में रोकें विषय के साथ मनाया जा रहा है, जो हर सांस के महत्व पर प्रकाश डालता है और प्रारंभिक पहचान, उपचार और रोकथाम के माध्यम से निमोनिया को रोकने की तात्कालिकता को रेखांकित करता है।

दरअसल निमोनिया एक ऐसा गंभीर संक्रमण है, जो फेफड़ों के वायुकोषों में द्रव भरने का कारण बनता है और प्रायः बच्चों और बुजुर्गों के लिए सर्वाधिक घातक साबित होता है। निमोनिया हर साल दुनियाभर में लाखों लोगों की जान ले लेता है। यूनिसेफ के आंकड़ों के अनुसार निमोनिया से विश्व में प्रतिवर्ष 45 करोड़ से भी ज्यादा लोग पीड़ित होते हैं और प्रत्येक 39 सैकेंड में निमोनिया से एक बच्चे की मौत होती है। भारत में 2018 में 5 वर्ष से कम आयु के करीब 1.27 लाख बच्चों की मौतें हुई थीं।

हालांकि यह सुखद है कि वर्ष-दर-वर्ष देश में निमोनिया से होने वाली बाल मृत्यु दर में गिरावट दर्ज हो रही है। निमोनिया वैश्विक स्तर पर खास कर बच्चों में 5 वर्ष से कम आयु में होने वाली मौतों का एक प्रमुख कारण है। विशेष रूप से 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों और 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में निमोनिया होने का खतरा अधिक रहता है। इसके अलावा इम्यूनोकॉम्प्रोमाइज्ड (एचआइवी / एड्स के मरीज, कैंसर रोगी या जिनका अंग प्रत्यारोपण हुआ हो), अस्थमा या क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज इत्यादि फेफड़ों की बीमारी वाले व्यक्ति, धूम्रपान करने वाले तथा कुपोषण से पीड़ित लोगों में भी निमोनिया होने का खतरा ज्यादा रहता है।

**निमोनिया के उपचार में हाल के वर्षों में काफी प्रगति और कई क्रांतिकारी खोजें हुई हैं।**

चूंकि छोटे बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली पूरी तरह से विकसित नहीं होती, इसलिए वे संक्रमणों से लड़ने में कम सक्षम होते हैं और ऐसे में उनमें निमोनिया का खतरा ज्यादा रहता है। विशेष कर कुपोषण से बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली और कमजोर हो जाती है, जिससे निमोनिया होने का खतरा काफी बढ़ जाता है। बच्चों में निमोनिया तेजी से बिगड़ सकता है और गंभीर जटिलताएं पैदा कर सकता है। इसी प्रकार बुजुर्गों में भी उम्र बढ़ने के साथ प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है, जिससे वे संक्रमणों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। कई बुजुर्ग विभिन्न प्रकार की दवाएं लेते हैं, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को दबा सकती हैं, जिससे उनमें संक्रमण से लड़ने की क्षमता कम हो सकती है। बुजुर्गों में प्रायः दिल-फेफड़ों की बीमारी, मधुमेह इत्यादि अन्य स्वास्थ्य समस्याएं भी होती हैं, जो निमोनिया के खतरे को बढ़ा सकती हैं।

निमोनिया के प्रमुख कारणों में बैक्टीरिया, वायरस और फंगस शामिल हैं। न्यूमोकोकस सबसे आम बैक्टीरिया है, जो निमोनिया का कारण बनता है। इन्फ्लुएंजा और रैस्पिरेटरी सिंशिटियल वायरस निमोनिया के सामान्य वायरल कारण हैं, जबकि इम्यूनोकॉम्प्रोमाइज्ड व्यक्तियों में फंगल निमोनिया अधिक आम है। फेफड़ों में संक्रमण को निमोनिया कहा जाता है, जो बैक्टीरिया, वायरस अथवा फंगस के कारण होता है। इस संक्रमण के कारण फेफड़ों में सूजन आ जाती है और बलगम जमा होने लगता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, करीब 90 प्रतिशत मामले जीवाणुजनित निमोनिया से संबंधित होते हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक फ्लू, स्वाइन फ्लू आदि बीमारियों में वायरस के दुष्प्रभाव से फेफड़ों में होने वाले संक्रमण तथा बैक्टीरियाजनित संक्रमण के अंतर्गत फेफड़ों में टीबी के कारण होने वाले संक्रमण को भी निमोनिया के अंतर्गत माना जाता है। निमोनिया के लक्षणों में बुखार, खांसी, सांस लेने में तकलीफ, छाती में दर्द, थकान, भूख न लगना इत्यादि शामिल हैं।

बच्चों और बुजुर्गों में इसके लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं। बच्चों में प्रायः निमोनिया के अतिरिक्त लक्षणों में उल्टी, दस्त, सांस लेते समय घरघराने जैसी आवाज, पसली चलना, दूध पीना छोड़ देना, बुखार के साथ ठंड लगना, त्वचा का लाल होना और भ्रम की स्थिति भी देखी जाती है, जबकि बुजुर्गों में अतिरिक्त लक्षणों में भ्रम, मांसपेशियों में दर्द, नाखूनों का नीला पड़ना, ठंड लगना, अत्यधिक कमजोरी महसूस होना, सूखी खांसी, अनियंत्रित रक्तचाप इत्यादि प्रमुख होते हैं।

हालांकि टीकाकरण, हाथों की स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर हम निमोनिया को रोकने में सफल हो सकते हैं, लेकिन यह चिंता का विषय है कि निमोनिया अभी भी एक प्रमुख वैश्विक स्वास्थ्य समस्या बना है। न्यूमोकोकल वैक्सीन और इन्फ्लुएंजा वैक्सीन निमोनिया से बचाने में सहायक होती हैं। इसके अलावा बार-बार हाथ धोने से निमोनिया संक्रमण फैलने का खतरा कम हो जाता है और स्वस्थ आहार लेना, नियमित रूप से व्यायाम करना और धूम्रपान नहीं करना भी निमोनिया से लड़ने में मददगार साबित हो सकते हैं।

निमोनिया से पूरी तरह से बचाव के लिए टीकाकरण, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली का पालन करना बहुत जरूरी है। निमोनिया का उपचार आमतौर पर रोगी के इतिहास, शारीरिक परीक्षण और छाती के एक्स-रे के आधार पर किया जाता है। रक्त और थूक परीक्षण की भी आवश्यकता हो सकती है। निमोनिया का उपचार इसके कारणों पर निर्भर करता है।

बैक्टीरियल निमोनिया का इलाज एंटीबायोटिक दवाओं से किया जाता है, जबकि वायरल निमोनिया का इलाज आमतौर पर कुछ दवाओं के साथ आराम करने और तरल पदार्थ लेने जैसे सहायक उपचार से किया जाता है। गंभीर मामलों में अस्पताल में भर्ती होने और ऑक्सीजन थैरेपी की भी आवश्यकता हो सकती है। निमोनिया से क्षतिग्रस्त फेफड़ों को ठीक करने के लिए स्टेम सैल थैरेपी का इस्तेमाल किया जा सकता है और निमोनिया के प्रतिरोध को बढ़ाने के लिए जीन थैरेपी का।

निमोनिया के उपचार में हाल के वर्षों में काफी प्रगति और कई क्रांतिकारी खोजें हुई हैं। निमोनिया के उपचार में हो रही नवीनतम प्रगति से इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में एक नयी उम्मीद जगी है। बैक्टीरियाजनित निमोनिया के इलाज के लिए नयी और अधिक प्रभावी एंटीबायोटिक दवाओं का विकास हुआ है, जो पहले की दवाओं की तुलना में अधिक प्रभावी हैं और कम दुष्प्रभाव पैदा करती हैं। निमोनिया के कारणों को बेहतर ढंग से समझने के साथ वैज्ञानिक अब निमोनिया के विशिष्ट प्रकारों के लिए लक्षित चिकित्सा विकसित कर रहे हैं।

निमोनिया के खिलाफ नये और अधिक प्रभावी टीकों का विकास किया जा रहा है, जो विशेष रूप से बुजुर्गों और इम्यूनोकॉम्प्रोमाइज्ड व्यक्तियों के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। उपचार की नयी तकनीकों में से एक है एक्मो, जो रक्त को शरीर से बाहर निकाल कर उसको ऑक्सीजन युक्त करती है और फिर इसे वापस शरीर में भेजती है। शोधकर्ताओं के अनुसार यह गंभीर निमोनिया के रोगियों के लिए जीवनरक्षक उपचार हो सकता है। सीटी स्कैन, एमआरआइ जैसी उन्नत इमेजिंग तकनीकों ने निमोनिया का अधिक सटीक निदान संभव बनाया है, क्योंकि ये तकनीकें फेफड़ों में सूजन और संक्रमण के क्षेत्र को अधिक स्पष्ट रूप से दिखाती हैं। वैज्ञानिक अब ऐसे बायोमार्करों की भी खोज कर रहे हैं, जो निमोनिया के गंभीर होने का संकेत दे सकें।

वायरल निमोनिया के इलाज के लिए नयी एंटीवायरल दवाओं का विकास किया जा रहा है, जो वायरस को गुणा करने से रोककर संक्रमण को नियंत्रित करने में मदद करती हैं। कुछ मामलों में, इम्यूनोथैरेपी का इस्तेमाल कर रोगी की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत किया जा सकता है ताकि वह संक्रमण से लड़ सके। इससे उम्मीद बढ़ने लगी है कि भविष्य में दुनिया से निमोनिया को पूरी तरह से खत्म किया जा सकेगा।

## देश-विदेश की खबरें

# कांग्रेस देश को कमजोर करने का मौका नहीं छोड़ती : मोदी

**ये कश्मीर में 370 की वापसी के लिए प्रस्ताव लाये, पाकिस्तान भी यही चाहता है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को महाराष्ट्र के चंद्रपुर पहुंचे। यहां उन्होंने चिमूर में कहा- कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी वाले देश को पीछे करने का और कमजोर करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। कांग्रेस और उसके साथियों ने आपको सिर्फ खूनी खेल दिए हैं। ये हमारी सरकार है जिसने नक्सलवाद पर लगाम लगायी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने जम्मू-कश्मीर से 370 को खत्म किया। कश्मीर को भारत और भारत के संविधान से पूरी तरह जोड़ा, लेकिन कांग्रेस और उसके साथी कश्मीर में फिर से 370 लागू करने के लिए प्रस्ताव पास कर रहे हैं। ये लोग वो काम कर रहे हैं जो पाकिस्तान चाहता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे चंद्रपुर के इस क्षेत्र ने भी दशकों तक नक्सलवाद की आग को झेला है। यहां नक्सलवाद के कुचक्र में कितने ही युवाओं का जीवन बर्बाद हो गया। हिंसा का खूनी खेल चलता रहा, औद्योगिक संभावनाओं ने यहां दम तोड़ दिया। कांग्रेस और उसके साथियों ने आपको सिर्फ और सिर्फ खूनी खेल दिए हैं। हमारी सरकार ने नक्सलवाद पर लगाम लगायी। आज ये पूरा क्षेत्र खुल कर सांस ले पा रहा है। अब चिमूर और गढ़चिरौली के क्षेत्र में नए अवसर बन रहे हैं। इस क्षेत्र में नक्सलवाद फिर से हावी न हो जाये, इसके लिए आपको कांग्रेस और उसके साथियों को यहां फटकने भी नहीं देना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और अघाड़ी वाले देश को कमजोर करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। जम्मू-कश्मीर दशकों तक अलगाववाद-आतंकवाद में जलता रहा। महाराष्ट्र के कितने ही वीर जवान मातृभूमि की रक्षा करते-करते जम्मू-कश्मीर की धरती पर शहीद हो गए। जिस कानून की आड़ में, जिस धारा की आड़ में ये सब हुआ, वो धारा थी 370। ये कांग्रेस की देन थी।

उन्होंने कहा कि हमने 370 को खत्म किया। कश्मीर को भारत और भारत के संविधान से पूरी तरह जोड़ा, लेकिन कांग्रेस और उसके साथी कश्मीर में फिर से 370 लागू करने के लिए प्रस्ताव पास कर रहे हैं। ये लोग वो काम कर रहे हैं, जो पाकिस्तान चाहता है।

मोदी ने कहा कि महायुति की सरकार किस रफ्तार से काम करती है और ये अघाड़ी वालों की जमात कैसे कामों को रोकती है, चंद्रपुर के लोगों से बेहतर ये बात और कौन जानेगा। यहां के लोग दशकों से रेल कनेक्टिविटी की मांग कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस और अघाड़ी वालों ने कभी भी ये काम नहीं होने दिया।

उन्होंने कहा- 2.5 साल में कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने मेट्रो से लेकर, वधावन पोर्ट और समृद्धि महामार्ग तक हर विकास परियोजना को रोकने का काम किया। इसलिए याद रखिए अघाड़ी यानी भ्रष्टाचार के सबसे बड़े खिलाड़ी हैं।


आज मैं आपको कांग्रेस और उसके साथियों की एक बड़ी साजिश से भी सावधान कर रहा हूं। हमारे देश में आदिवासी समाज की जनसंख्या करीब 10% के आसपास है। कांग्रेस अब आदिवासी समाज को जातियों में बांटकर कमजोर करना चाहती है। कांग्रेस चाहती है कि हमारे आदिवासी भाई एसटी के रूप में अपनी पहचान खो दें, उनकी ताकत-पहचान बिखर जाये।

आपकी एकता टूट जाये, ये कांग्रेस का खतरनाक खेल है। आदिवासी समाज जातियों में बंटेगा तो उसकी पहचान और ताकत खत्म हो जायेगी। कांग्रेस के शहजादे विदेश में जाकर खुद ये ऐलान कर चुके हैं। इसलिए मैं कहता हूं कि हमें कांग्रेस के इस षड्यंत्र का शिकार नहीं होना है, हमें एकजुट रहना है। इसलिए मेरा आपसे आग्रह है- हम एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

## राहुल गांधी ने भाजपा से पूछा

# क्या संविधान में लिखा है कि सरकार गिराने के लिए विधायक खरीदे जायें

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**महाराष्ट्र।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर संविधान के मुद्दे को लेकर भाजपा और प्रधानमंत्री पर हमला बोला। उन्होंने भाजपा से सवाल पूछा कि क्या संविधान में लिखा है कि सरकार को गिराने के लिए विधायकों को खरीदना चाहिए?

महाराष्ट्र के गोंदिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मैं गारंटी दे सकता हूं कि पीएम मोदी ने कभी भी भारत के संविधान को नहीं पढ़ा है। अगर उन्होंने इसे पढ़ा होता तो वे इसका सम्मान करते। हाथ में संविधान पकड़ कर दिखाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अगर देश में लोकतंत्र बचा है तो इस किताब की वजह से। इस किताब को तैयार करने में डॉ बीआर आंबेडकर, महात्मा गांधी की बड़ी भूमिका रही, जबकि नरेंद्र मोदी और आरएसएस 24 घंटे किताब पर हमला करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि क्या इस संविधान में लिखा है कि महाराष्ट्र सरकार को गिराने के लिए किसी को भी विधायकों को खरीदना चाहिए?

# अक्टूबर माह में खुदरा महंगाई दर बढ़ कर 6.21 प्रतिशत हुई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** अक्टूबर महीने में भारत की खुदरा महंगाई दर सालाना आधार पर बढ़ कर 6.21 प्रतिशत हो गयी, यह पिछले महीने के 9 महीने के उच्चतम स्तर 5.49 प्रतिशत से और अधिक है। महंगाई दर में इजाफे का मुख्य कारण खाने-पीने के चीजों की बढ़ती कीमतें हैं। अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर 14 महीनों में पहली बार यानी अगस्त 2023 के बाद से पहली बार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) की 6 प्रतिशत की टॉलरेंस बैंड को पार कर गयी है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़ कर 6.21 प्रतिशत हो गयी, जो इससे पिछले महीने 5.49 प्रतिशत थी। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी के कारण मुद्रास्फीति बढ़ी है। यह आरबीआइ) के टॉलरेंस बैंड के ऊपरी स्तर को पार कर गयी है। बता दें कि अक्टूबर 2023 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 4.87 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों से पता चलता है कि खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 10.87 प्रतिशत हो गयी, जबकि सितंबर में यह 9.24 प्रतिशत और एक वर्ष पूर्व इसी महीने में 6.61 प्रतिशत थी।

## डॉ पीके मिश्रा ने सीओडीआरआर कार्यशाला में समापन भाषण दिया

# सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए ग्लेशियल झीलों से जुड़े जोखिमों के न्यूनीकरण पर प्रकाश डाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ पीके मिश्रा ने हमारे समुदायों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए ग्लेशियर झीलों से जुड़े जोखिमों के न्यूनीकरण पर प्रकाश डाला। डॉ मिश्रा मंगलवार को यहां जीएलओएफ (ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड) जोखिम न्यूनीकरण के लिए रणनीतियों पर आपदा जोखिम न्यूनीकरण समिति (सीओडीआरआर) की चौथी कार्यशाला में बोल रहे थे। कार्यशाला के आयोजन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और जल संसाधन विभाग की सराहना करते हुए उन्होंने अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य और अनुभवों, विशेष रूप से भारत के अनुभवों, जोखिमों और संबंधित पहलुओं को नियंत्रित करने के क्रम में चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ मिश्रा ने कहा कि सिक्किम ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट बाढ़ आपदा पर चर्चा ने चुनौती की व्यापकता को ध्यान में लाया है। वास्तव में, दक्षिण ल्होनक जीएलओएफ हम सभी के लिए एक चेतावनी थी। उन्होंने ग्लेशियर झीलों से जुड़े जोखिमों को दूर करने के लिए प्रभावी रणनीतियों की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों को उद्धृत करते हुए आपदा जोखिम न्यूनीकरण का अर्थ केवल आपदाओं का निदान देना ही नहीं है, उनसे निपटने के उपाय करना भी है। डॉ मिश्रा ने प्रधानमंत्री की इस बात को दोहराया कि आपदाओं से निपटने का सबसे अच्छा तरीका उन्हें रोकना है। उन्होंने हमें याद दिलाया कि हमारे समुदायों की सुरक्षा के लिए सकारात्मक उपाय आवश्यक हैं। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि हमें एक सुरक्षित दुनिया बनाने के लिए सीमाओं और विषयों से भी आगे बढ़ कर और मिल कर काम करना चाहिए। उन्होंने जीएलओएफ जोखिमों जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला।

डॉ मिश्रा ने यह बताया कि भारत की प्रतिबद्धता राष्ट्रीय सीमाओं से परे है; इसलिए भूटान, नेपाल, पेरू, स्विट्जरलैंड और ताजिकिस्तान जैसे देशों के जीएलओएफ विशेषज्ञों के साथ जुड़ना एक महत्वपूर्ण पहलू है। डॉ मिश्रा ने ग्लेशियर झीलों की संख्या और उनके जोखिम से जुड़े घटकों के संदर्भ में परिभाषित समस्या की व्यापकता पर भ्रम सहित चुनौतियों के बारे में बताया।

डॉ मिश्रा ने कहा कि हमारे समन्वित प्रयासों से कुल 7,500 सर्वेक्षण सूची में से लगभग 200 उच्च जोखिम वाली ग्लेशियर झीलों की एक सूची तैयार की गयी है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से हमने जोखिम स्तरों के आधार पर इन झीलों को प्रभावी ढंग से वर्गीकृत किया है। उन्होंने कहा कि राज्यों को 2024 की गर्मियों में सभी ए-श्रेणी की झीलों का आकलन संबंधी अभियान चलाने के लिए प्रोत्साहित किया गया था।

डॉ मिश्रा ने विशेष रूप से सिक्किम की टीमों का जिक्र किया, जिन्होंने सीडब्ल्यूसी, जीएसआइ, सीडैक, सेना, आईटीबीपी और स्थानीय शैक्षणिक संस्थानों जैसी विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ चिन्हित 40 में से 18 झीलों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि सिक्किम में पांच झीलों में खतरों को कम करने के उपायों की योजना शुरू कर दी गयी है। देश के चार राज्यों में 150 करोड़ के आवंटन वाले राष्ट्रीय जीएलओएफ जोखिम शमन कार्यक्रम को केंद्र सरकार की अनुमति दिए जाने से इस दिशा में मदद मिलेगी। डॉ मिश्रा ने सुझाव दिया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को केंद्रीय वैज्ञानिक संस्थानों से मिलने वाले समर्थन और जानकारी के आधार पर झीलों की निगरानी और शमन उपायों पर कार्य जारी रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के जोखिमों से प्रभावी ढंग से निपटने में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों (एसडीएमए) को मजबूत करनेसे प्रतिक्रिया करने की हमारी क्षमता को बढ़ायेगा।

## गढ़वा विधानसभा के मतदाताओं से निर्वाची पदाधिकारी ने अपील की

# आज सवैतनिक अवकाश घोषित है सब काम छोड़ मतदान जरूर करें

**मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल लेकर न जायें, मतदान कक्ष में फोटोग्राफी/ वीडियोग्राफी दंडनीय अपराध है**

**यदि वोटर कार्ड नहीं भी है तो भी वैकल्पिक पहचान पत्र से कर सकते हैं मतदान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के चार लाख से अधिक मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान करने जरूर जाएं क्योंकि मतदान का अवसर 5 साल के इंतजार के बाद आता है, इसे नहीं गवायें।

**वोट देने के लिए मतदाता पहचान पत्र अनिवार्य नहीं :** उन्होंने कहा कि कई लोग इस कारण से मतदान करने नहीं जाते हैं कि उनका या तो वोटर कार्ड खो गया होता है या वोटर कार्ड बना ही नहीं है। तो उन्हें यह जान लेना चाहिए कि मतदान करने के लिए आपका नाम मतदाता सूची में होना जरूरी है, वोटर कार्ड होना अनिवार्य नहीं है। अगर आपके पास वोटर कार्ड नहीं भी है तो भी आप मतदान कर सकते हैं, वशर्ते आपके पास निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक पहचान पत्रों में से कोई एक हो।

इन वैकल्पिक पहचान पत्रों में



आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक की फोटो युक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय का स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र, सांसदों विधायकों को जारी किया गया सरकारी पहचान पत्र, दिव्यांगता कार्ड शामिल है। इनमें से कोई एक पहचान पत्र मतदान पदाधिकारी को दिखाकर आप अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं।

**मतदान कक्ष के अंदर फोटोग्राफी) वीडियोग्राफी वर्जित :** उन्होंने बताया कि कई बार लोग मतदान कक्ष में जाकर फोटो या वीडियो लेने लगते हैं, ऐसा करना दंडनीय अपराध है। बताया कि बीते लोकसभा चुनाव में ऐसे ही मामलों को लेकर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। अतः कोई भी मतदाता या पोलिंग कर्मी सदस्य मतदान कक्ष के अंदर फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी नहीं करेगा।

13 नवंबर को घोषित है सवैतनिक अवकाश

निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि नेगोशिएशन इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881 की धारा 25 के तहत 13 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। इस दिन पहले चरण के चुनाव वाले विधानसभा क्षेत्रों में स्थित सभी सरकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। उन्होंने निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं से भी ऐसी अपेक्षा की है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को मतदान के लिए अवकाश देंगे।

# आज मतदाताओं को मनपसंद का विधायक चुनने का अवसर

**प्रखंड के लगभग 52000 मतदाता मतदान मे लेंगे हिस्सा**

**जितेंद्र यादव**

**डंडई।** भवनाथपुर विधानसभा से अपना विधायक चुनने को लेकर यहां के मतदाताओं की सबसे बड़ी परीक्षा आज 13 नवंबर को होगी। इस बीच उनके द्वारा सियासी गलियारों से लोक लुभावन नारों और वादों की बौछारे खुब की गई। वहीं अब तक खामोश रही प्रखंड के 52000 मतदाता को ईवीएम के बटन से अपनी आवाज को वोट के रूप में कैद करने का मौका भी मिल जायेगा। जिसकी गूंज 23 नवंबर को सुनायी देगी। लेकिन उससे पहले मतदाताओं की अग्नि परीक्षा होगी। लोकतंत्र में अच्छे



जनप्रतिनिधि चुनकर आये इसके हिमायती खूब बहस लड़ाते है। लेकिन असलियत में लोकतंत्र को मजबूत बनाने में भूमिका निभाने वाले विधायक को चुनने में हम कितनी बेहतरी से सोच पाते है यह बड़ा प्रश्न है। मतदान केंद्र तक जाते हुए भवनाथपुर विधानसभा के मतदाता इस प्रश्न का जवाब जरूर ढूंढेंगे और उम्मीद है कि उनकी उंगली से जो बटन दबेगा वह अपने स्वविवेक से लिया गया निर्णय होगा और इसके जरिए एक अच्छा विधायक चुनने की परीक्षा में उस मतदाता की ईमानदार भागीदारी होगी। यह विस चुनाव कई तरह से लोगों के लिए चुनौतियों वाला है। इसमें धर्म, जाति, समुदाय, इलाकों, ऊंच नीच सहित तमाम राजनीतिक प्रपंचों के माध्यम से जो उलझन पैदा की गयी है उसे दरकिनार कर अच्छी सोच वाले, शिक्षित और भवनाथपुर विधानसभा की क्षेत्र के चहुंमुखी विकास का ईमानदारी और समयबद्धता काम करने का सही विजन रखने वाले प्रत्याशी चुनना सबसे बड़ी चुनौती है। गौरतलब है कि इस बार भवनाथपुर विधानसभा से 17 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। सभी प्रत्याशियों ने मतदाताओं को अपने पक्ष में करने का पूरजोर प्रयास कर रहे है।

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, झारखण्ड, राँची**

**मतदाताओं के लिए आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निदेश के आलोक में **झारखण्ड राज्य अन्तर्गत विधानसभा आम चुनाव, 2024** हेतु सभी मतदाता जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किये गये है, मतदान स्थल पर मत डालने से पहले पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना **निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)** दिखाएंगे तथा ऐसे निर्वाचक, जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र **(EPIC)** प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा, तद्नुसार निम्न दस्तावेज पहचान हेतु स्वीकार किये जायेंगे:–

1 निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)
**वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज:–**
2 आधार कार्ड,
3 मनरेगा जॉब कार्ड,
4 बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक,
5 श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,
6 ड्राइविंग लाइसेंस,
7 पैन कार्ड,
8 एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड,
9 भारतीय पासपोर्ट,
10 फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,
11 केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान–पत्र,
12 सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और
13 यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन–क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे बशर्ते निर्वाचक का नाम जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदान स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध हो। यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना संभव न हो तब निर्वाचक को उपर्युक्त वर्णित किसी एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

मतदाता सूचना पर्ची (Voter Information Slip) को मतदान केन्द्र में पहचान के उद्देश्य के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा। आपसे अपेक्षित है कि आप मतदान के लिए निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) या आयोग द्वारा उपरोक्त निर्दिष्ट वैकल्पिक दस्तावेजों में से एक मतदान के समय अपने साथ अवश्य लाए।

प्रवासी निर्वाचक को, जो अपने पासपोर्ट में उल्लेखित विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है, को मतदान केन्द्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा कोई अन्य दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जायेगा।

**झारखण्ड राज्य अन्तर्गत विधानसभा आम चुनाव, 2024 में सभी मतदाताओं से अपील है कि निर्भीक एवं स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
झारखण्ड, राँची

**PR 340072 Election(24-25)#D**

## बाइक की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर टाउनशिप मुख्य पथ के रेलवे साइडिंग पेट्रोल पंप के समीप दो बाईक के आमने सामने के टक्कर में बाईक पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें राहगीर और पुलिस के द्वारा भवनाथपुर सी एच सी में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया। इस घटना में एक बाईक पर सवार रंजीत गुप्ता पिता अशोक गुप्ता, भवनाथपुर नीरज चौबे पिता मनोज चौबे सिंघीताली दूसरे बाईक पर सवार संजय साह पिता गोपाल साह और नरेंद्र चंद्रवंशी दोनों अरसली उतरी गांव के नाम शामिल है। इस घटना में गंभीर रूप से घायल नीरज चौबे को बेहतर ईलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर दोनों बाईक को जब्त कर लिया है।

## कंट्रोल रूम में अव्यवस्था का आलम रहा



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर के प्लस टू हाई स्कूल को कंट्रोल रूम बनाया गया, जहां अव्यवस्था का आलम देखा गया। कंट्रोल रूम में रखने के लिए आया हुआ मशीन घंटों बाहर रहा। कर्मी भी बाहर खड़े रहे। बाकि इसमें दो बुथ बनाये गये हैं 124 और 125 है। कंट्रोल रूम हाई स्कूल को बनाया गया है, जहां केवल दो रूम ही खुला हुआ है। सेक्टर मजिस्ट्रेट सतीश सिंह और विष्णु प्रसाद उपस्थित थे, लेकिन वरुण कुमार अनुपस्थित थे। धनेश्वर राम,उदय शमार्कामदेव महतो के नेतृत्व में फोर्स 5 बजे से ही स्कूल के बाहर खड़े रहे। बाद देर से पहुंचे सेक्टर मजिस्ट्रेट वरुण कुमार ने बताया कि वे बुथ पर भ्रमण करने गये हुये थे। व्यवस्था अविलंब कर रहें हैं।

## सदर अस्पताल में मरीजों की बढ़ रही भीड़

**गढ़वा।** पिछले कुछ दिनों से तेजी से बदलते मौसम के कारण लोग तेजी से वायरल इंफेक्शन की चपेट में आ रहे हैं। तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण बुखार, सर्दी-जुकाम और खांसी के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। सुबह और रात की ठंड के साथ दिन की गर्मी ने बच्चों और बुजुर्गों, खासकर कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों को बीमार कर दिया है। पिछले 10-15 दिनों में गढ़वा सदर अस्पताल में वायरल संक्रमण से पीड़ित मरीजों की संख्या में लगभग 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। पहले जहां हर दिन 10-20 मरीज वायरल संक्रमण के कारण अस्पताल आ रहे थे, वहीं इस शनिवार को ओपीडी में कुल 480 मरीजों में से 120 से अधिक मरीज वायरल इंफेक्शन से ग्रसित थे। बदलते मौसम का सबसे ज्यादा असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ रहा है। सोमवार को सदर अस्पताल में वायरल फीवर के अधिकतर मरीज बुजुर्ग और बच्चे थे। ओपीडी में सुबह से ही पंजीकरण काउंटर पर भीड़ देखने को मिली। सर्दी, खांसी, बुखार, सिरदर्द और बदन दर्द से परेशान लोग दूर-दराज और शहरी क्षेत्रों से इलाज कराने अस्पताल आ रहे हैं। डॉक्टरों ने बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। सदर अस्पताल की उपाधीक्षक डॉक्टर हरेंद्र चंद महतो ने कहा कि अचानक तापमान के उतार-चढ़ाव के कारण लोग पहले के मुताबिक पहनावा के कपड़े पहन रहे हैं। पहले उन्हें इस मौसम में मोटे कपड़े का सेवन करना होगा।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने नामधारी महाविद्यालय स्थित डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

**निर्भिकता के साथ स्वतंत्र, निष्पक्ष मतदान के लिए मतदानकर्मियों का किया उत्साहवर्धन**

**आयुक्त ने पलामू प्रमंडल के सभी मतदाताओं से मतदान की अपील की**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा आज गढ़वा जिले के श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय स्थित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 80- गढ़वा और 81-भवनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्दों पर मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने हेतु ईवीएम, वीवीपैट और अन्य सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ मतदान केंद्रों पर भेजे जा रहे मतदान कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने मतदान कर्मियों से सीधा बातचीत की और उनके उत्साह की सराहना भी की। उन्होंने मतदान कर्मियों की सुविधा हेतु डिस्पैच सेंटर पर बने विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया और डिस्पैच प्रक्रिया की पूरी जानकारी ली। साथ ही निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप डिस्पैच प्रक्रिया पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी मतदानकर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप निर्भिकता के साथ स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान कराने का निदेश देते हुए शुभकामनाएं दी। आयुक्त ने पलामू प्रमंडल के सभी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से भी अपील किया है कि 13 नवंबर 2024 को होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महती भूमिका निभाएं। उन्होंने सभी मतदाताओं से उत्सवी माहौल में सपरिवार मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान करने की अपील की। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा, गढ़वा के अनुमंडल पदाधिकारी-सह- 80 गढ़वा के निवार्ची पदाधिकारी संजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आचार संहिता को लेकर पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रवीण कुमार रंका के द्वारा मोटरसाइकिल दस्ता के साथ भ्रमणशील हो कर आदर्श आचार संहिता के अनुपालनार्थ कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस के द्वारा सभी वाहनों की गहन तलाशी ली जा रही है।

## चाकू से गोद कर रामाधार विश्वकर्मा की हत्या



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** विशुनपुरा चितरी गांव निवासी रामाधार विश्वकर्मा की चाकू से गोद कर हत्या कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार परिजनों ने बताया कि सोमवार की रात्रि सभी घर में सो रहे थे तभी अचानक रात्रि में छत के ऊपर से किसी व्यक्ति के चलने की आवाज आने लगी, आहट सुनकर रामाधार जग कर देखने लगे तभी एक व्यक्ति ने चाकू मारकर अंधेरा के फायदा उठा भाग निकला। उसके बाद परिजनों ने तत्काल इलाज के लिए ले जाने लगे, लेकिन मौके पर ही मौत हो गयी। अभी तक अपराधी की पहचान नहीं हो पायी है। परिजनों ने बताया कि एक माह से रात्रि में अज्ञात के द्वारा दरवाजे पर पत्थर से वार किया जा रहा था, जिसका आवेदन स्थानीय थाना को दिया गया था। वहीं मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने घटना की सूचना विशुनपुरा थाना को दिया। उसके बाद मौके पर पहुंची विशुनपुरा पुलिस ने मामले की छानबीन किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया है। विशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि घटना के आलोक में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## डीसी और एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर निर्वाचन की तैयारियों की दी जानकारी

# आचार संहिता उल्लंघन मामले में की जा रही समुचित कारवाई

**चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और मीडिया के जरिए मतदाता जागरूकता फैलाने की अपील**

**निष्पक्ष, भयमुक्त और पारदर्शिता के साथ चुनावी प्रक्रिया संपन्न कराने की कही बात**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा विधानसभा आम चुनाव 2024 की तैयारी के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा 13 नवंबर 2024 को मतदान दिवस को लेकर की गई तैयारी और 15 अक्टूबर 2024 को भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता के पश्चात गढ़वा जिले में अब तक किये गये कार्रवाई और 80- गढ़वा एवं 81- भवनाथपुर विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए निर्धारित संपूर्ण निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों के साथ साझा की गयी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के सभी गाइडलाइंस का अनुपालन करते हुए निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यों को किया जा रहा है।

एमसीसी के शत प्रतिशत अनुपालन हेतु फ्लाइंग स्क्वायड टीम, स्टेटिक सर्विलांस टीम, वीडियो सर्विलांस टीम और वीडियो भिविंग टीम के माध्यम से असामाजिक तत्वों, अवैध शराब समेत अन्य गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। स्थानीय एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा में बनाये गए डिस्पैच सेंटर से मतदान दलों को सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर रवाना होने संबंधी भी जानकारी साझा किया गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने आवश्यक जानकारी साझा करते हुए बताया कि विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 अन्तर्गत गढ़वा जिला के 80- गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में कुल 419614 मतदाता हैं, जिसमें 214962 पुरुष एवं 204652 महिला मतदाता हैं। 81- भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 440321 मतदाता हैं, जिसमें 228076 पुरूष एवं 212245 महिला मतदाता है। 80- गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में ढहऊ मतदाताओं की कुल संख्या 9153 है, जिसमें 4816 पुरूष एवं 4337 महिला मतदाता हैं। 81- भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी मतदाताओं की कुल संख्या 8619 है, जिसमें 4678 पुरूष एवं 3941 महिला मतदाता हैं। 80- गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 18-19 वर्ष की आयु वर्ग के कुल 20759 मतदाता हैं, जिसमें 8649 पुरूष और 12110 महिला मतदाता हैं। 81- भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में 18-19 वर्ष की आयु वर्ग के कुल 21049 मतदाता हैं, जिसमें 8985 पुरूष एवं 12064 महिला मतदाता हैं। 80- गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कुल 2341 मतदाता हैं, जिसमें 955 पुरूष एवं 1386 महिला मतदाता हैं। सभी वृद्ध 85+ मतदाताओं को वोट देने के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई है। 81- भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कुल 2448 मतदाता हैं, जिसमें 1102 पुरुष और 1346 महिला मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जिले में भयमुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष निर्वाचन कराने हेतु कटिबद्ध है। इस हेतु सारी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। साथ ही गढ़वा जिले के सभी मतदाताओं से अपील किया है कि विधानसभा आम निर्वाचन, बुधवार को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाकर अपना मतदान अवश्य करें और सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चि करें।

**कार्यालय: निर्वाची पदाधिकारी 27 चतरा (अ०जा०) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र -सह-अनुमण्डल पदाधिकारी, चतरा।**

**-आदेश-**

विधान सभा आम निर्वाचन–2024 के निमित 27 चतरा (अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में दिनांक–13.11.2024 को कुल–39 (उनचालीस) मतदान केंद्रों पर पूर्वा0 07:00 बजे से अप0 04:00 बजे तक एवं शेष 436 (चार सौ छतीस) मतदान केन्द्रों पर पूर्वा0 07:00 बजे से अप0 05:00 बजे तक मतदान होना निर्धारित है। उक्त के आलोक में दिनांक–13.11.2024 के पूर्वा0–05:00 बजे से 27–चतरा (अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान दलो के चतरा कॉलेज चतरा में वापसी एवं संबंधित **Reserving** कार्य समाप्ति तक विधि–व्यवस्था से संबंधित प्राप्त होने वाले शिकायतों के निवारन हेतु सदर अनुमण्डल कार्यालय, चतरा (सामान्य शाखा) में एक नियंत्रण कक्ष (Control Room) मोबाईल संख्या–6207212250 एवं 9451344488 पर निम्नवत अधिष्ठापित किया जाता हैं :–

| क्र0सं0 | पर्यवेक्षक का नाम | प्रखण्ड का नाम | सहायकतार्थ कर्मी का नाम | Control Room हेतु अतिरिक्त मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री सौरभ कुमार, कनीय अभियंता, नगर परिषद् चतरा,मो0–6203817347 श्री जगेश यादव, BFT हंटरगंज, मो0–9661233935 | प्रखण्ड हंटरगंज (मतदान केन्द्र संख्या 01–160 तक) | श्री महेन्द्र राणा, लेखा सहायक, हंटरगंज, मनरेगा मो0–9801307374 | 6203817347 9661233935 9801307374 9608050844 9304977093 9304725328 |
| 02 | | | श्री आनन्द कुमार, पंचायत सचिव, हंटरगंज, मो0–9608050844 | |
| 03 | | | श्रीमती अंजली, पंचायत सचिव, हंटरगंज, मो0–9304977093 | |
| 04 | | | श्री सुरज कुमार, नि0 व0 लि0, हंटरगंज, मो0–9304725328 | |
| 05 | श्री दीलीप कुमार यादव, BFT हंटरगंज मो0–9955197174 | प्रखण्ड प्रतापपुर (मतदान केन्द्र संख्या 161–263 तक) | श्री सुधीर कुमार BTM प्रतापपुर, मो0–8809204771 | 9955197174 8809204771 7543939941 7277014628 |
| 06 | | | श्री बसंत कुमार BTM प्रतापपुर, मो0–7543939941 | |
| 07 | | | श्री संतोष तिवारी रोजगार सेवक, कान्हाचट्टी, मो0–7277014628 | |
| 08 | श्रीमती फरहत नाजमी, प्रखण्ड समन्वयक गिद्धौर, मो0–6205276647 | प्रखण्ड कुन्दा (मतदान केन्द्र संख्या 264–287 तक) | श्री मुसाफिर यादव, रोजगार सेवक, कुन्दा, मो0–7004373081 | 6205276647 7004373081 8825337406 |
| 09 | | | श्री सुनील कुमार यादव, BFT, कुन्दा, मो0–8825337406 | |
| 10 | श्री राकेश कुमार, कनीय अभियंता, नगर परिषद् चतरा मो0–7223753572 | प्रखण्ड चतरा (ग्रामीण) (मतदान केन्द्र संख्या 288–370 तक) | श्री राजेश कुमार सिंह, BTM प्रखण्ड चतरा मो0–7004374167 | 7223753572 7004374167 6204174080 7979786406 |
| 11 | | | श्री मुकेश कुमार, ATM प्रखण्ड चतरा मो0–6204174080 | |
| 12 | | | श्रीमती शिला कुमारी, ATM प्रखण्ड चतरा मो0–7979786406 | |
| 13 | श्रीमती मोनिका नांग, प्रखण्ड समन्वयक कानहचट्टी, मो0–9304531455 | प्रखण्ड कान्हाचट्टी (मतदान केन्द्र संख्या 371–432 तक) | श्री संतोष यादव, रोजगार सेवक, कान्हाचट्टी, मो0–9304144167 | 9304531455 9304144167 8210656584 |
| 14 | | | श्री संतोष कुमार, रोजगार सेवक, कान्हाचट्टी, मो0–8210656584 | |
| 15 | श्री विकास कुमार, BRP लावालौंग मो0–8507554712 | प्रखण्ड चतरा (शहरी) (मतदान केन्द्र संख्या 433–475 तक) | मो0 नौसाद मसूद, रोजगार सेवक, कान्हाचट्टी, मो0–9123254012 | 8507554712 9123254012 |

श्री अनुरंजन झा, कार्यपालक दण्डाधिकारी, अनुमण्डल चतरा, मो0–6207212250, अधिष्ठापित नियंत्रण कक्ष (Control Room) के नोडल पदाधिकारी एवं डॉ कुमार सौरभ, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखण्ड प्रतापपुर मो0–9451344488, सहायतार्थ नोडल पदाधिकारी का दायित्व का निर्वहन करेगें।

दायित्व –

1. मतदान की तिथि दिनांक 13.11.2024 को पूर्वाह्न 5:00 बजे से कार्य आरंभ कर चतरा कॉलेज, चतरा में रिसिविंग का कार्य पूर्ण होने तक विधि–व्यवस्था से संबंधित प्रत्येक 02(दो) घंटे के अंतराल का खैरियत प्रतिवेदन एवं कार्य पूर्ण होने पर अंतिम प्रतिवेदन अद्योहस्ताक्षरी को समर्पित करना सुनिश्चित करेगें।
2. दल के नोडल पदाधिकारी, सहायतार्थ नोडल पदाधिकारी, पर्यवेक्षक एवं सहायतार्थ कर्मी अपना–अपना मोबाईल रिचार्ज एवं बैट्री चार्ज रखेगें तथा चार्जर भी साथ रखेगें ताकि आपका मोबाईल संपूर्ण कार्य अवधि में कार्यरत रहें। उपरोक्त प्रतिनियुक्त सहायतार्थ नोडल पदाधिकारी, सभी पर्यवेक्षक, सभी सहायकतार्थ कर्मी दिनांक 12.11.2024 को अनुमण्डल कार्यालय, चतरा में अधिष्ठापित नियंत्रण कक्ष (Control Room) के नोडल पदाधिकारी के समक्ष योगदान करना सुनिश्चित करेगें ताकि ससमय नोडल पदाधिकारी द्वारा आपको कार्य दायित्व के संबंध में आवश्यक ब्रिफिंग किया जा सके। अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारी व कर्मी के विरूद्ध नियमानुसार विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

**निर्वाची पदाधिकारी 27 चतरा (अ0जा0)**
**विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र–सह–**
**अनुमण्डल पदाधिकारी,चतरा।**

**PR.NO.340066 Election(24-25):D**

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 13 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# एपिक कार्ड के बगैर भी दे सकते हैं वोट

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** ऐसे मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो चुका है परंतु एपिक कार्ड (निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र) पास में मौजूद नहीं है वैसे मतदाता मतदान दिवस यानी कल 13 नवंबर 2024 को अपने बूथ में जाकर निम्नलिखित 12 प्रकार के वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर अपना वोट कर सकते हैं।

### 12 प्रकार के अन्य फोटो पहचान पत्र

- पासपोर्ट
- ड्राईविंग लाइसेंस
- राज्य/ केंद्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र।
- बैंको डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक।
- आयकर पहचान पत्र (पैन कार्ड)।
- आधार कार्ड।
- राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अंतर्गत आरजीआइ द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड।
- मनरेगा जॉब कार्ड।
- श्रम मंत्रालय की योजना द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड।
- फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज।
- एमपी/एमएलए/एमएलसी को जारी किया गया आधिकारिक पहचान पत्र।
- यूनिक विकलांगता पहचान पत्र (यूडिड कार्ड)।

# शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए प्रशासन तैयार : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि जिला प्रशासन लोहरदगा, जिला में शांतिपूर्ण और सुरक्षित मतदान करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आज सभी पोलिंग पार्टियों को जिला में मतदान कराने के लिए सुरक्षित रवाना किया गया है। सभी मतदान केंद्रों में मतदान कल होंगे। 72-लोहरदगा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र के 48 बूथों में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक और 276 मतदान केंद्रों में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। 69-बिशुनपुर (अंश) के 83 मतदान केंद्रों में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे और 21 मतदान केंद्रों में सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। 72-लोहरदगा (एसटी)



विधानसभा क्षेत्र के सभी 324 बूथों के लिए 324 पीठासीन पदाधिकारी, 324 प्रथम मतदान पदाधिकारी, 359 द्वितीय मतदान पदाधिकारी और 324 तृतीय मतदान पदाधिकारी समेत कुल 1331 पदाधिकारी मतदान कार्य सम्पन्न करायेंगे। वहीं 260 रिजर्व हैं। उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रखण्डों के प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों में पर आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है। मतदान केंद्रों/ क्लस्टर पर आवासन, पेयजल, विद्युत, शौचालय की व्यवस्था संबंधित एइआरओ/ बीडीओ/ सीओ द्वारा की गयी है। सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग करायी जा रही है जिसका कंट्रोल रूम एनआइसी कक्ष के वीसी रूम को बनाया गया है। इसके वरीय प्रभार में उप विकास आयुक्त, लोहरदगा रहेंगे। सभी थाना प्रभारियों द्वारा विशेष जांच अभियान भी चलाया जा रहा है। आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए कड़े निर्देश दिये गये हैं जिसका पालन हो रहा है। बल्क एसएमएस/ वॉयस एसएमएस का प्रयोग किसी भी स्थिति में नहीं किया जायेगा।

### कुल 3 लाख 75 हजार 06 मतदाता

**उपायुक्त ने कहा कि जिला में कुल 428 मतदान केंद्र हैं जिनमें 72-लोहरदगा क्षेत्र में 324 और 69-बिशुनपुर (अंश) में 104 मतदान केंद्र हैं। कुल मतदाता 3 लाख 75 हजार 06 हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 90 हजार 345 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 84 हजार 661 है। 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 2 लाख 87 हजार 746 हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 46 हजार 308 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 41 हजार 438 है। 69-बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 87 हजार 260 है जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 44 हजार 37 है और पुरुष मतदाताओं की संख्या 43 हजार 223 है।**

# आज सोशल मीडिया पर चलेगा हैशटैग वोट देने चलो अभियान

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत में वृद्धि एवं मतदाता जागरूकता के निमित्त कल दिनांक 13 नवंबर 2024 को सोशल मीडिया पर हैशटैग वोट देने चला अभियान चलाया जायेगा। वोट देने चलो अभियान विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के प्रथम चरण अंतर्गत होनेवाले मतदान दिवस 13 नवंबर 2024 को सुबह 7 बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित किया जायेगा। इस दिन कोई भी परिवार/ मतदाता भी अपने सोशल मीडिया अपने परिवारजनों, मित्रजनो एवं अपने परिचितों को वोट देने के लिए अपील करते हुए हैशटैग वोट देने चलो का इस्तेमाल कर उन्हें प्रेरित कर सकते हैं। साथ ही मतदान के पश्चात भी अपनी व अपने परिवार के साथ सेल्फी फोटो लेकर सोशल मीडिया पर हैशटैग वोट देने चलो के साथ अपलोड कर सकते हैं।

# 17 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय राजनैतिक दलों के 03 प्रत्याशी, रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों के 06 प्रत्याशी और 08 निर्दलीय अभ्यर्थियों समेत कुल 17 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं। इन 17 प्रत्याशियों में दो प्रत्याशी के बीच घमासान मुकाबले के आसार नजर आ रहे हैं। जिसमे एक है वर्तमान विधायक डॉ रामेश्वर उरांव जो कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी हैं, वही दूसरा है दो बार आजसू से विधायक रहे स्व कमलकिशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत, वे एनडीए की प्रत्याशी है। इसके अलावा भाजपा से पूर्व विधायक रहे रमेश उरांव, भारतीय जनजागरण गांधीवादी पार्टी की राजपति देवी, झारखंड पीपुल्स पार्टी से पूर्व विधायक कमलकिशोर भगत के भाई अनिल कुमार भगत, बसपा से यशपाल भगत, लोकहित अधिकार पार्टी के पवन तिग्गा, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक से बिहारी भगत, जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) से किशोर उरांव, भारत आदिवासी पार्टी से अवधेश उरांव चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। वही इस सीट से 08 निर्दलीय प्रत्याशी भी अपना भाग्य आजमा रहे हैं जिनमे बिरेंद्र उरांव, बृज मोहन उरांव, राजेश लोहरा, रामेश्वर लोहरा, संतोष भगत, सनीया उरांव, रमेश उरांव और सोमा उरांव शामिल हैं।

# बीडीओ ने बुजुर्ग विकलांग के लिए बैसाखी मुहैया कराया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड प्रशासन की चुनावी व्यस्तता के बीच एक दिलचस्प चीज देखने को मिली।जंहा बुजुर्ग विकलांग उकामाड निवासी रामदेव सिंह को मंगलवार को प्रखण्ड कार्यालय परिसर मैं बैसाखी मुहैया कराया गया।इसके अलावे उक्त व्यक्ति को वाहन के माध्यम से घर तक पहुचाया गया बीडीओ रेशमा रेखा मिंज की नम्र शैली किसी आश्चर्य से कम नहीं होगी। विकलांग रामदेव सिंह की सहारा बैसाखी बनेगी।इस दौरान बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने कहा हमदर्द बनकर हर सुख और दुख में हर कदम पर इनके साथ रहेंगे। हमारा काम ही है लोगो का मदद करना। जितना बन पाएगा उतना मदद करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। वही रामदेव सिंह ने भी बीडीओ का सरल स्वभाव को लेकर आभार व्यक्त किया है।

## सरयू समर्थक गिच्चू को कदमा पुलिस ने किया गिरफ्तार

# बन्ना की डराने और धमकानेवाली कार्यसंस्कृति पर प्रहार : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बीते देर रात जमशेदपुर पश्चिम के प्रत्याशी सरयू राय के समर्थक व भाजपा कार्यकर्ता निमाई अग्रवाल उर्फ गिच्चू को कदमा पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जानकारी मिलते ही सरयू राय के सैकड़ों समर्थको के साथ भाजपा कार्यकर्ता कदमा थाना पहुचे। जहा उन्होंने जमीन पर बैठकर जमके नारेबाजी की।बताया जारहा है रात्री लगभग 12 बजे गिच्चू अपने घर में थे। उस दौरान पुलिस उनके घर पर पहुंच कर कहा आपको डीएसपी साहब ने बात करने के लिए थाने में बुलाया है। जब उन्होंने पूछा इतनी रात में डीएसपी क्यों बुला रहे तो पुलिस ने उनसे कहा चुपचाप चलो हमारी गाड़ी में नहीं तो मार-पीट कर ले जाएंगे। उसके बाद गिच्चू के साथ उनकी पत्नी भी कदमा थाना पहुंची।



उधर गिच्चू की गिरफ्तारी के खबर सरयू समर्थकों को मिलने पर सभी कदमा थाना पहुचे लेकिन गिच्चू वहां नहीं रहा। उसके बाद कार्यकर्ताओ ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। जानना चाहा आखिर पुलिस गिच्चू को कहां ले गई। पहले तो कदमा थाना गिरफ्तारी से ही इनकार करता रहा।लेकिन बाद में दबाव पड़ने पर बताया गिच्चू को सोनारी थाना में रखा गया। वही सरयू समर्थकों ने बताया जब गिच्चू के बारे कदमा पुलिस कोई सूचना देने से इनकार कर दिया तो कार्यकर्ताओं ने सुबह तीन बजे जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी सरयू राय को फोन किया। श्री राय तुरंत ही कदमा थाना पहुंचे। वहां डीएसपी मौजूद रहे। श्री राय ने डीएसपी से पूछा गिच्चू कहां हैं तो डीएसपी ने बताया सोनारी थाने में रखा गया। आप लोग वहां जाकर उनसे मिल सकते हैं।

# लोहरदगा चेंबर ने व्यापारियों से मतदान करने की अपील की

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष रितेश कुमार, सह सचिव अनीश मित्तल ने बयान जारी कर एक मजबूत झारखंड, एक सशक्त लोकतंत्र के लिए व्यापारियों से शत प्रतिशत मतदान की अपील किया है। उन्होंने कहा है कि यह केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि हमारे राज्य के उज्जवल भविष्य की नींव रखने का अवसर है। आपका एक-एक मत लोकतंत्र की शक्ति को मजबूती प्रदान करता है और हमारे राज्य को एक नई दिशा देती है। अतः देश की दशा और दिशा दोनों का सकारात्मक निर्धारण हेतु हम सभी को जागृत होना अति आवश्यक है और इसके लिये हमें शत प्रतिशत ससमय मतदान सुनिश्चित करना है। लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभी सदस्यों/ जिला के व्यापरिबंधु तथा सभी लोहरदगा विधानसभा मतदाताओं से अपील है कि आप अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर इस महापर्व में भाग लें। अपने मताधिकार का प्रयोग करें और इस पावन कार्य में अपनी भागीदारी निभायें।

# महाराज जरासंध की जयंती मनायी गयी



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा स्थित इंदिरा इंदिरा गांधी चौक के समीप महाराज जरासंध जयंती मनाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश चंद्रवंशी ने किया। सर्व प्रथम उपस्थित लोगो ने दीपप्रज्वलित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। वहीं इस अवसर पर रामकिशोर चंद्रवंशी ने कहा कि महाराजा जरासंध एक महान प्रतापी और दानवीर राजाओं में से एक थे।हम सभी ऐसे महान विभूतियों को नमन करते हैं और समाज के सभी लोगों को उनके कार्य से प्रेरणा लेने की जरूरत है। जिन्होंने अपने जीवन काल में देने का काम किया। किसी से लेने का काम नहीं किया। ऐसे लोग को याद कर हम सभी लोग गौरवान्वित होते हैं। युवा पीढ़ी ऐसे लोगों को विचार को समझे और अपने जीवन को चरितार्थ करें। इस अवसर पर मंटू कुमार चंद्रवंशी, मनीष कुमार, मुकेश कुमार चंद्रवंशी, विकास कुमार चंद्रवंशी, हरिमोहन चंद्रवंशी, प्रहलाद चंद्रवंशी, रामू राम चंद्रवंशी, छठन चंद्रवंशी, निलेश चंद्रवंशी समेत कई लोग मौजूद थे।

## कोल्हान की खबरें

# हेमंत सोरेन ने झारखंड आंदोलनकारी आस्तिक महतो की मां को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्री बन्ना गुप्ता झामुमो के दिग्गज एवं समाजसेवी आस्तिक महतो की माताजी के निधन पर शोक प्रकट करने उनके आवास पर पहुंचे। दोनों नेताओं ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरे शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। आस्तिक महतो से बातचीत की। गौरतलब है कि आस्तिक महतो की मां झारखड अलग राज्य की जननी मानी जाती है क्योंकि



उन्होंने अपनी जमीन बेचकर झारखंड आंदोलन को पैसे से मदद की थी। उनके घर से ही झारखंड आंदोलन के नेताओं ने नेतागिरी की थी। शिबू सोरेन, शहीद निर्मल महतो, शैलेंद्र महतो समेत कई दिग्गज नेता उनके ही आवास से झारखंड अलग राज्य का आंदोलन किये थे। लिहाजा, उनका एक बड़ा सम्मान था।

# टाटा स्टील यूआइएसएल की टीम क्रांति ने श्रीलंका में आइसीक्यूसीसी का स्वर्ण पदक जीता

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल की टीम क्रांति ने श्रीलंका में आयोजित इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कंट्रोल सर्किल्स 2024 में स्वर्ण पदक जीतकर उल्लेखनीय पहचान हासिल की। मंगलवार को इसकी जानकारी दी गयी। टाटा स्टील यूआइएसएल की यह उत्कृष्ट उपलब्धि नवाचार, परिचालन उत्कृष्टता और गुणवत्ता सुधार के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को उजागर करती है। विजेता टीम ने सिदगोड़ा पंप




हाउस में क्षैतिज पंप के लिए शून्य ब्रेकडाउन प्राप्त करना शीर्षक से अपनी अनुकरणीय परियोजना प्रस्तुत की थी। महत्वपूर्ण पंपिंग उपकरणों की विश्वसनीयता और प्रदर्शन को बढ़ाने पर केंद्रित इस परियोजना ने शून्य ब्रेकडाउन प्राप्त करने की दिशा में एक सक्रिय दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया। टीम क्रांति में रश्मि रंजन मोहंती,कमलेश कुमार सिंह,बसंत कुमार बीउरा,आनंद प्रकाश सिंह, धीरज कुमार व अंकिता प्रुसटी सहित पेशेवरों का एक समर्पित व प्रतिभाशाली समूह शामिल रहे।

# हम सुख-दुःख के साथी, आप ही क्षेत्र के प्रत्याशी : डॉ लंबोदर महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** गोमिया के निवर्तमान विधायक सह एनडीए समर्थित आजसू पार्टी के प्रत्याशी डॉ लंबोदर महतो ने मंगलवार को टीका हारा, कोदवा टांड व ललपनिया पंचायत के विभिन्न गांवों व टोलों में पदयात्रा करते हुए जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने एक-एक घर जाकर घर में रहने वाले लोगों से अपने पक्ष में वोट मांगा। उन्होंने कहा कि आप सब हमसे पूर्व परिचित हैं। हमारा बराबर आप सबों से संपर्क व संवाद बना रहा है। हम बराबर आप के सुख-दुःख का साथी बन रहे हैं। हमने आप सबों के मन मुताबिक विकास कार्यों को किया है और इसी का परिणाम है कि आप सबों का अपार जन समर्थन हमें प्राप्त हो रहा है, जो इस चुनावी जनसंपर्क अभियान में दिख भी रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों के हक व अधिकार दिलाने के लिए के लिए हमेशा तत्पर रहा हूं। साथ ही सेवा भावना व सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखकर ही हमने क्षेत्र के लोगों की सेवा की है और यह बना रहेगा। लोगों का जिस प्रकार हमारे प्रति प्यार, प्रेम व स्नेह उमड़ रहा है उससे यह प्रतीत होता है कि यह चुनाव मैं नहीं मेरे विधानसभा क्षेत्र की जनता लड़ रही है और जब जनता चुनाव लड़ती है तो कोई प्रत्याशी जनता से जीत नहीं सकता। यहां हर मतदाता स्वयं को डॉ लंबोदर महतो समझ रहा है। इससे पहले उन्होंने दुगार्पुर, बगदा व टांग टोना पंचायतों विभिन्न गांवों व टोलों के मतदाताओं से मिलकर अपनी बात रखी। इस चुनावी पदयात्रा व जन संपर्क अभियान में धनीराम मांझी, अर्जुन मरांडी, संध्या रानी, प्रेमलाल साव, महेश महतो, अरविंद करमाली, दीपक ठाकुर, संतोष साव, राजबल्लभ प्रसाद, आनंद साव, रवि ठाकुर, भीम प्रसाद, गोपाल ठाकुर, अजय महतो, गौतम महतो, राम जी मरांडी, कमरुद्दीन अंसारी, आकाश साहू, लीला साहू, कलेश्वर साव, कुलदीप प्रजापति, लोकनाथ प्रजापति, लालू प्रजापति ,किशोर रवानी, मनोहर गुप्ता, गंगाधर प्रजापति, रंजीत करमाली, चंपा देवी, तपन श्रीवास्तव, हेमंत पासवान, गोपाल ठाकुर, अरुण साव एवं राजेश करमाली सहित एनडीए गठबंधन के दर्जनों कार्यकर्ता, समर्थक व साथी शामिल हुए।

# जिले के 1055 मतदान केंद्रों पर 44 प्र्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्र में के चुनाव सामग्री के साथ मतदान कर्मियों को बूथों के लिए रवाना किया गया।सरायकेला के एनआर गवर्मेंट स्कूल में खरसावां विधानसभा व काशी साहू कॉलेज में सरायकेला व ईचागढ़ विधानसभा के लिए डिस्पैच सेंटर बनाया गया।मंगलवार को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव की जिम्मेदारी सौंपकर मतदान कर्मियों को इवीएम, वीवीपैट, कंट्रोल यूनिट व सभी तरह के प्रपत्र देकर बूथों के लिए रवाना किया गया। तीनों विधानसभा सीटों के लिए कुल 1055 मतदान केंद्र बनायें




गये। इनमें ईचागढ़ के लिए 342 केंद्र, सरायकेला के लिए 431 और खरसावां विधानसभा के लिए कुल 282 मतदान केंद्र शामिल हैं। तीनो विधानसभा में कुल 8 लाख 85 हजार 62 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। जबकि तीनों विधानसभा मिलाकर कुल 44 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमे ईचागढ़ से 23, सरायकेला से 13 और खरसावां से 8 प्रत्याशी शामिल है।

# मानगो शंकोसाई में घर का दरवाजा तोड़कर चोरी, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** उलीडीह थाना अंतर्गत शंकोसाईं श्याम नगर में बीती रात चोरों ने दरवाजा तोड़कर सोने के जेवरात सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गया। मौके पर मोटरसाइकिल ले जाने का प्रयास असफल रहा। बताया जारहा है मकान मालिक सपरिवार गाँव गए थे। घर खाली होने के कारण चोरों ने घटना को अंजाम दिया। उधर सुबह घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना मकान मालिक अनिल कुमार गुप्ता व स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुचे पुलिस व स्थानीय नेता विकास सिंह ने कमरे का दरवाजा पूरी खुला पाया। वही अंदर में बक्सा



का ताला भी टूटा था और सारा सामान बिखरा हुआ था।अनिल कुमार गुप्ता की पत्नी ने बताया बक्से में उनके सोने के चेन,कान की बाली,अंगूठी ,सोने का झुमका और चांदी के पांच सिक्के था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वही विकास सिंह ने कहा उलीडीह थाना क्षेत्र में अपराध बेकाबू हो गया है।कई बार चोरों ने घटना को अंजाम दिया। लेकिन एक भी चोर को ना तो पकड़ा गया,ना ही चोरी के सामान बरामद हुई। उन्होंने विधानसभा चुनाव के बाद अपराध के खिलाफ जनता के साथ सड़क पर उतरकर विरोध करने की बात कही।

## देवाकी के पास सड़क दुर्घटना में एक घायल



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के देवाकी गांव के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार घाघरा प्रखंड के पुटो गेरेटोली निवासी लगभग 45 वर्षीय बुद्धेश्वर उरांव आदर की ओर से अपना घर पुटो जा रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित होकर सड़क में गिर गया। स्थानीय लोगों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया गया। यहां बता दे की घायल शराब के नशे में धूत है और ऐसे ही स्थिति में वह मोटरसाइकिल चला कर आ रहा था।

# 938 मतदान केंद्रों पर आज डाले जायेंगे वोट

आजाद सिपाही संवाददाता





**गुमला।** गुमला जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र 67-सिसई, 68-गुमला और 69-बिशुनपुर में पहले चरण में 13 नवंबर बुधवार को मतदान दिवस का होगा आयोजन। इसके लिए मंगलवार को गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्थित डिस्पैच सेंटर से मतदान कर्मियों ने चुनावी सामग्री प्राप्त किए एवं इवीएम व वीवीपीएट लेकर कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान केंद्रों की ओर रवाना हुए। मंगलवार को कुल 938 मतदान केंद्रों के लिए मतदान कर्मियों को रवाना किया गया, वहीं पी- 2 के दिन कुल 57 मतदान केंद्रों के लिए मतदान कर्मियों को रवाना किया गया था।


इस दौरान जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी व पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने डिस्पेच सेंटर का भ्रमण कर जायजा लेते हुए कर्मियों को दिशा निर्देश भी दिये। डीसी, एसपी ने सभी मतदान कर्मियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा सभी मतदान केंद्रों में सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था है। सभी कर्मी निडर होकर निष्पक्षता के साथ चुनाव सम्पन्न करायें जिला प्रशासन आपके साथ है।

गुमला जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में कुल 995 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। 67 सिसई में 332, 68 गुमला में 314 व 69 बिशुनपुर में 349 मतदान केंद्र बनाये गये है।

13 नवंबर को हो रहे चुनाव में जिले में 7 लाख 92 हजार 183 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। जिले में पुरुष से ज्यादा महिला मतदाता हैं। तीन विधानसभा क्षेत्रों में 3 लाख 88 हजार 755 पुरुष मतदाता और 4 लाख 3 हजार 426 महिला मतदाता हैं। जबकि 11,626 दिव्यांग मतदाता भी हैं जिनके लिए मतदान केंद्रों पर विशेष व्यवस्था की गयी है। 67- सिसई विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 63 हजार 126 मतदाता हैं। 68-गुमला विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 47 हजार 449 और 69-बिशुनपुर में 2 लाख 81 हजार 605 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

बताते चलें कि इस बार गुमला जिले में कुल 125 ऑल विमेन मतदान केंद्र बनाये गये हैं, एवं 120 ऐसे मतदान केंद्र बनायें गये हैं जहां पी 1 एवं पी 3 महिला कर्मी हैं। जिले में विभिन्न मतदान केंद्रों में इस बार लगभग 750 महिलाएं मतदान करवायेंगी। वहीं सभी मतदान केंद्रों में खास कर महिला क्लस्टरों में भी सभी महिला मतदान कर्मियों का पारंपरिक रूप से पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित रूप से स्थानीय महिलाओं एवं बीएलओ के द्वारा स्वागत किया गया।

## जांच में वाहन से 1.52 लाख रुपये बरामद



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड छत्तीसगढ़ सीमा स्थित अंतरराज्यीय चेक पोस्ट में सोमवार दिन के 2 बजे वाहनों की जांच के क्रम में एक पिकअप वाहन से 1 लाख 52000 नगद बरामद किया गया। वाहन गुमला से छत्तीसगढ़ की ओर जा रहा था। रायडीह पुलिस ने वाहन और राशि को जब्त कर लिया वही चालक से पूछताछ की जा रही है। ज्ञात हो कि रायडीह पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक बस से भारी मात्रा में नगद राशि और नशीला पदार्थ बरामद किया था।

## ट्रक की टक्कर से एंबुलेंस चालक घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जशपुर रोड स्थित काली मंदिर के समीप ट्रक के टक्कर से करौंदी निवासी एंबुलेंस चालक धनंजय कुमार घायल हो गया। घटना सोमवार की रात 8:00 बजे की है। घटना में उसकी जान बच गयी स्थानीय लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक युवक सदर अस्पताल में एंबुलेंस चालक है और सोमवार की रात वह ड्यूटी के लिए अपने बाइक से सदर अस्पताल आ रहा था तभी काली मंदिर के समीप सामने से तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दिया। घटना के बाद वह सड़क के दाहिनी ओर गिरा बायी ओर गिरने से बड़ा हादसा हो सकता था वही ट्रक चालक घटना स्थल से तेजी से जशपुर की ओर फरार हो गया घटना में चालक के शरीर के कई हिस्से में काफी चोट लगी है।

# सब ने दिलाया ध्यान, जम कर करें मतदान, फिर करें जलपान

## चुनावी महापर्व में मतदाता बूथ तक जायें : विनय लाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भाजपा जिला अध्यक्ष विनय लाल ने जिले के सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में अपना बहुमूल्य वोट देने का अपील की है।जितना अधिक मतदान होगा लोकतंत्र की खूबसूरती उतनी बढ़ेगी, देश का लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा। जिला अध्यक्ष ने कहा क्षेत्र में मतदाताओं का स्नेह-प्यार भाजपा को मिला है,जनसंघ काल से मिल रहा समर्थन की बदौलत अटल जी ने झारखंड दिया है भाजपा ने राज्य बनाया है भाजपा ही संवारेगी।

## निर्भीक होकर करें मतदान: हिमांशु



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर के पुर्व अध्यक्ष हिमांशु केशरी ने निर्भिक हो कर मतदान करने के लिए लोगों को उत्साहित किया है। उन्होनें कहा कि 13 नवंबर 2024 को गुमला जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु आप सभी खुल कर मतदान करें। लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाये रखने हेतु निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर किसी भी प्रलोभन से प्रभावित नहीं हों। प्रातः 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच अपने अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें साथ ही खुद के साथ साथ अपने प्रतिष्ठान कार्यालय घर आदि में कार्यरत कर्मचारियों आदि को मतदान करने हेतु मतदान केंद्र तक भेजनें का कष्ट करें।

## मतदान से जिंदा है देश का लोकतंत्र : चैतू उरांव



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतू उरांव ने गुमला जिला वासियों से निर्भीक मतदान के अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदान आपका संवैधानिक अधिकार है और इस अधिकार को आपसे कोई नहीं छीन सकता। मतदान देश और राज्य की दशा और दिशा तय करता है। आपका एक वोट आपके प्रतिनिधि को विधानसभा और संसद तक पहुंचाता है। जहां पर देश और राज्य को चलाने के लिए विधि व्यवस्था से लेकर योजनाएं तक बनायी जाती हैं। आपका एक वोट आपके गांव टोला से लेकर के देश तक की तकदीर को बदल सकता है। इसलिए आप अपने वोट का अधिकार यूं ही ना गंवाएं। अपने मत का प्रयोग करें जिससे भारत में लोकतंत्र जिंदा रहे। भारत के लोकतंत्र को बचाए रखने के लिए आपका मतदान अति आवश्यक है।

## आपका वोट , आपके अधिकार के लिए सबसे बड़ा हथियार : कल्लन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष कलीम अख्तर कल्लन ने कहा है कि मतदान का सही प्रयोग करें। उचित प्रत्याशी को अपना मतदान करें। राज्य के निर्माण में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जो भूमिका अदा की है वह किसी से छुपी नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य को चलाने के लिए, राज्य में विधि व्यवस्था के लिए और राज्य के विकास के लिए राज्य में राज्य की सरकार का होना जरूरी है। अपने मतों का प्रयोग कर आप अच्छे से अच्छा प्रत्याशी चुने और राज्य की तरक्की, खुशहाली, सद्भावना और आपसी भाईचारे को बनाए रखने में सहयोग करें। आपका एक वोट इन सभी चीजों को तय करता है। इसलिए मतदान केन्द्रों तक पहुंचे और अपने मतों का प्रयोग करें। जिला प्रशासन से लेकर पुलिस प्रशासन तक आपकी सहायता के लिए प्रत्येक बूथ में मौजूद है। आपका वोट आपका अधिकार के लिए सबसे बड़ा हथियार है

## वोट है आपका अधिकार : सोनल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** वार्ड संख्या 15 के निवर्तमान वार्ड पार्षद उज्ज्वल केशरी उर्फ सोनल ने जनता से अनुरोध किया है कि विधानसभा चुनाव के लिए अपने पसंद के उम्मीदवार को अपना मतदान करें। आगामी 13 नवंबर को अपना कीमती वोट सरकार चुनने के लिए अवश्य उपयोग करें। अपने पड़ोसी साथियों को भी अपने साथ लेकर जाएं इस लोक तंत्र की महान पर्व को अपना कीमती वोट देकर सफल बनावे। उन्होनें कहा कि आपका एक वोट हमारे भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हम मिलकर अपने समाज को मजबूत और सशक्त बनायें।

## हंसलता में महिला ने खाया कीटनाशक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत हंसलता निवासी 40 वर्षीय महिला ने सोमवार की रात 8:00 बजे कीटनाशक का सेवन कर लिया। परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर आए जहां उसका इलाज चल रहा है प्राप्त जानकारी के मुताबिक महिला का सबसे छोटा बेटा शराबी है उसे शराब पीने की लत लग चुकी है वही वह कोई काम धाम नहीं करता है और हमेशा शराब पीने के फिराक में रहता है। वहीं सोमवार को उसने घर में रखें तीन बोरा धान 2700 में बेच दिया इसी बात को लेकर मां से उसका विवाद हो गया उसने पूर्व में भी घर में रखे धान को बेचा था। लगातार बेटे के हरकतों से तंग आकर मां परेशान रहती थी। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान भी उसका पुत्र शराब के नशे में था।

# युवक ने वृद्ध महिला को कुल्हाड़ी से काटा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रायडीह प्रखंड अंतर्गत सुरसांग थाना क्षेत्र के बीर केरा गांव में सोमवार की रात्रि घर में सो रही 78 वर्षीय वृद्ध महिला सोमारी देवी पति स्वर्गीय रोपना किसान को पड़ोसी मंगल चिक बड़ाइक पिता स्वर्गीय बहुरा चिक बड़ाइक उम्र 27 वर्ष ने टांगी से काटकर हत्या कर दिया। घटनास्थल पर ही वृद्ध महिला की मौत हो गयी। सुरसांग थाना पुलिस मंगलवार दिन के 1:00 बजे आवश्यक कार्रवाई के उपरांत शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेजी। जानकारी के मुताबिक आरोपी मंगल सोमवार की रात्रि दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुस गया और सामने रखे कुल्हाड़ी से महिला पर हमला कर दिया सुबह जब घटना की जानकारी ग्रामीणों को लगी तब उन्होंने सुरसांग थाना को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही सुरसांग थाना प्रभारी मुकेश कुमार टुडू दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। वहीं आरोपी मंगल चिक बड़ाइक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वही पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है। संभावना जतायी जा रही है कि डायन बिसाही मामले को लेकर वृद्ध महिला की हत्या की गयी है।

## वोट इंक का निशान है देश का गर्व : रमेश चीनी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** विधानसभा का चुनाव बिना मतदाताओं के भागीदारी के संभव नहीं है। साथ ही बिना चुनाव के राज्य का विकास भी संभव नहीं है। उक्त बातें कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कही। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान करें। अपने पसंद के उम्मीदवार को चुने। उन्होंने कहा कि देश की आजादी से लेकर आज तक कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्र का निर्माण किया है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव में उत्साहित रहे और लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। आपका एक वोट देश और राज्य की किस्मत को बदल सकता है। उंगली पर लगे वोटइंक का निशान लोकतंत्र का गर्व है। इस महापर्व को उत्साहित होकर मनायें। और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## आपका वोट हमारा कल बदल सकता है : संतोष गुप्ता गुड्डू



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला संवेदक संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता गुड्डू ने जिले वासियों से वोट करने की अपील की है। उन्होंने अनुरोध किया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में अपना कीमती वोट सरकार चुनने के लिए अवश्य उपयोग करें। अपने आस-पास के साथियों को भी इस अपील को पहुंचाएं और उन्हें भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। एक कर्मठ जुझारू व क्षेत्र के विकास करने वाले एक जुझारू नेतृत्व को वोट कर अपने क्षेत्र व विकास के लिए मतदान करें। उन्होनें आगे कहा कि आपका एक वोट हमारे जिला के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हम सब मिलकर अपने समाज और अपने छेत्र को मजबूत और सशक्त बना सकते हैं। आपकी भागीदारी से हमारा कल बदल सकता है।

# डीएवी स्कूल के शिक्षक डॉ लाल हरे मुरारी नाथ सेवानिवृत्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षक डा लाल हरे मुरारी नाथ सहदेव को सेवानिवृत्त होनेपर भावभीनी विदाई दी गयी। वह 2001 से डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में कार्यरत थे। वे लगभग 24 वर्षों तक डीएवी गुमला से जुड़े रहे। मौके पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं, वे हमेशा समाज के लोगों को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। सहदेव सर न सिर्फ. समयनिष्ठ, परिश्रमी एवं काबिल शिक्षक रहे हैं बल्कि अंग्रेजी के प्रकांड विद्वान हैं। किसी भी शिक्षक की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि उनके जाने के बाद विद्यार्थी उन्हें याद करें। विद्यार्थी तथा अभिभावकों का प्यार तथा विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। जो विद्यार्थी आपसे शिक्षा ग्रहण किये हैं, वे हमेशा आपके कृतज्ञ रहेंगे। विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें शॉल ओढ़ाकर तथा उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सहदेव सर ने इस स्कूल में अपने सफर को काफी दिलचस्प बताया और कहा कि सहकर्मियों के प्यार, स्नेह और विद्यार्थियों की श्रद्धा ने मुझे अंतिम समय तक ऊर्जावान बनाये रखा। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यार्थी आज जिस मुकाम पर हैं, वही हमारी पूंजी है। सकारात्मक सोच ही सफलता का सोपान है, बुरे वक्त में आपके अंतरात्मा की आवाज आप सभी को मार्गदर्शन करेगी। कौशल किशोर महाराज ने गजलप्रस्तुत किया। मौके पर पवित्र कुमार मोहंती, एसके आचार्या, रोहित कुमार सुतार, रमाकांत त्रिपाठी, शैलेंद्र कुमार सिंह, एसके पटनायक, पीके झा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं सुखद भविष्य की कामना की।

# 13 को पीएम मोदी के आगमन की तैयारी पूरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सारठ।** सारठ एवं मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के बीचोंबीच रंगासिरसा मैदान में आगामी 13 नवंबर को भाजपा पार्टी की ओर से विशाल चुनावी सभा का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। चुनावी सभा में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विशाल चुनावी सभा को संबोधित किया जायेगा। इस चुनावी सभा में सारठ, मधुपुर, देवघर, जरमुंडी, जामताड़ा सहित पूरे संताल परगना के विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वोट देने का अपील किया जायेगा। उक्त बातें की जानकारी देते हुए गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि यह चुनावी सभा ऐतिहासिक होगी क्योंकि क्षेत्र की जनता प्रधानमंत्री के सत्य और मधुर वाणी को सुनने के लिए बेसब्री से इंतजार करते देखा जा रहा है। वही इस चुनावी सभा में बड़ी संख्या में जनता का जनसैलाब उमड़ने को लेकर मैदान में चुनावी सभा का मंच आदि का सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर डीआइजी, जिले के उपायुक्त, पुलिस कप्तान, एसपीजी कमांडेंट, एनएसजी कमांडेंट आदि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अम सीसी कुत्ता डिक्टेटर मशीन आदि द्वारा मुआयना किया गया। इस मौके पर सारठ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रणधीर कुमार सिंह, मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह सहित भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

## महेंद्र सिंह धोनी को हाइकोर्ट से नोटिस

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को हाइकोर्ट से नोटिस जारी किया है। अदालत ने उन्हें नोटिस जारी कर पक्ष रखने का निर्देश दिया है। दरअसल अरका स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और सौम्या दास के खिलाफ महेंद्र सिंह धोनी ने कंप्लेन केस किया है। इसके खिलाफ मिहिर दिवाकर ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है। जिसपर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने माही के खिलाफ नोटिस जारी किया। यह मामला 15 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़ा से जुड़ा है।

## 16 को गुमला आयेंगे हड्डी रोग विशेषज्ञ

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड एवं रांची के हड्डी, रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क रोग व नस रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार, न्यूरो सर्जन शनिवार यानी 16 नवंबर को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे।

# शांतिपूर्ण चुनाव के लिए पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना के जवानों और सुरक्षाकर्मियों ने रायडीह थाना क्षेत्र के कई ग्रामों में पैदल और मोटरसाइकिल से फ्लैग मार्च किया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि चुनाव में किसी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले असामाजिक तत्वों और नक्सलियों के साथ मुकाबला करने के लिए पुलिस तैयार है। चुनाव में विघ्न डालने पर इन तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन तत्पर है। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा चुनाव पर्व को शांतिपूर्वक मनाएं सभी कोई मतदान करने के लिए जरूर पहुंचे किसी प्रकार की अशांति फैलाने वालों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। फ्लैग मार्च रायडीह थाना परिसर से निकलकर मरदा, सिलम, कुलमुंडा,बकसपुर, डोबडोबी, नवागढ़ पतराटोली, मांझा टोली, बरगी डांड़, पुराना रायडीह, टुडूरमा, मरियमटोली, कांसीर आदि गांव में घूमते हुए वापस थाना आकर समाप्त हुआ।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा को दी चुनौती, सोशल मीडिया पर लिखा

# नारी शक्ति को वोट देने से कैसे रोकेंगे

**झारखंडी कभी किसी को परेशान नहीं करता, कोई करता है तो उसे छोड़ता भी नहीं है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने भाजपा को चुनौती दे डाली है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि इस झारखंडी के शरीर में बहुत हड्डियां हैं। झारखंड विरोधी भाजपा 23 नवंबर के दिन अंतड़ी गिन लेना। झारखंडी कभी किसी को परेशान नहीं करता और अगर कोई परेशान करे तो फिर उसे छोड़ता भी नहीं है।

सभी बहनों के खातों में चली गयी मंईयां सम्मान की चौथी किस्त सीएम ने दूसरे पोस्ट में लिखा कि मंईयां सम्मान की चौथी किश्त सोमवार को सभी बहनों के खातों में चली गयी है। चुनाव प्रचार के दौरान मुझसे मिलकर धन्यवाद देने के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आयी हुई थीं। कहने लगीं कि हमारे संकुल को 87 लाख रुपये मिला है, और सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान की राशि मिल रही है। इससे महाजनों से अत्यंत महंगे कर्ज लेने से मुक्ति मिली है। झामुमो को ही जीत दिलवाना है। वे कहती भी हैं कि हमलोग चुनाव पर चर्चा करने के लिए बैठक रखना चाहते थे, प्रभात फेरी निकाल के लोगों से वोट देने की अपील करना चाहते थे। लेकिन सर बोले कि चुनाव आयोग ने जेएसएलपीएस से जुड़ी किसी भी महिला को मतदाता जागरुकता के काम में शामिल नहीं करने का निर्देश दिया है।

**चुनाव आयोग पर आ गयी हंसी**

सीएम ने कहा कि महिलाओं की बात सुनकर मुझे चुनाव



आयोग पर हंसी आ गयी। आखिर किन-किन को रोकोगे तुम? जिन-जिन के लिए हम काम किये हैं, उनको रोक दोगे, उन पर भरोसा नहीं करोगे? हमारी सरकार ने जेएसएलपीएस से जुड़ी 30 लाख बहनों को 11 हजार करोड़ का क्रेडिट लिंकेज दिया है। 53 लाख महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना से जोड़ा है। 12 हजार अभी मिल रहा है और दिसंबर से 30 हजार मिलेगा। 9 लाख बेटियों को किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा है। 18 वर्ष से अधिक उम्र की लाखों बेटियां इस बार मुझे समर्थन देने बूथ पर पहुंचने वाली हैं।

**40 लाख वृद्ध, विधवा, दिव्यांग को सर्वजन पेंशन योजना से जोड़ा**

सीएम हेमंत सोरेन ने आगे लिखा कि 40 लाख वृद्ध, विधवा, दिव्यांग को सर्वजन पेंशन योजना से जोड़ा है, विधवा पेंशन की उम्र को हमने घटाया है, अब महिलाओं को वृद्धा पेंशन 50 वर्ष से ही मिल रहा है। आने वाले समय में हम पेंशन की राशि को 2500 प्रति महीना कर रहे हैं, मतलब मंईयां सम्मान की तरह इनको भी सलाना 30 हजार। महिला छात्रावास, महिला डिग्री कॉलेज सब हमने प्रारंभ किया है।

**महिलाएं अपने इरादों की हैं पक्की**

भाजपा और उसकी एजेंसियों को समझना होगा कि महिलाएं अपने इरादों की पक्की होती हैं। उनसे ज्यादा न तो कोई कष्ट सह सकता है और न ही कोई प्यार कर सकता है। जन्म देते समय का दर्द सहने वाली और बच्चे को लाड़-प्यार से बड़ा करने वाली महिलाएं हैं। इनके त्याग, इनके समर्पण, इनके प्रेम को मेरा प्रणाम। ये जिसे अपना मान लेती हैं, उसके लिए पूरा जीवन कुर्बान कर देती हैं। इस बार झारखंड की बहन, बेटी, मां, चाची, दादी अपने उस बेटे के साथ खड़ी हैं, जो इन्हें अपना मानकर इनके लिए काम किया है। जेल में तुम डाल सकते हो, नारी शक्ति को चुनाव कार्य से दूर रख सकते हो, लेकिन वोट देने से कैसे रोकोगे?

# बूथों के लिए रवाना हुए कर्मी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की ब्रीफिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव को लेकर पलामू के पांचों विधानसभा में बुधवार को मतदान होना है जिसे लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। मंगलवार को जिले के 1570 बूथों के लिये पोलिंग पार्टी को रवाना किया गया। इसी क्रम में डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत दुर्गम बूथों पर मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से भेजा गया।गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में बनाये गये डिस्पैच सेंटर में पर्याप्त व्यवस्था की गयी थी।

**सुबह से दोपहर तक कैम्प कार्यालय में रहे डीसी, सभी काउंटर का किया निरीक्षण**

अहले सुबह से ही शुरू हुए डिस्पैच कार्यों का खुद जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन मॉनिटरिंग करते नजर आये। उनके साथ सभी कोषांगों के



नोडल पदाधिकारी समेत जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन उपस्थित रहीं।इस दौरान वे डिस्पैच हेतु बनाये गये विभिन्न काउंटर का निरीक्षण कर कई निर्देश दिये।

**मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल पर पूर्णतया रोक**

डिस्पैच के पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पोलिंग पार्टी को ब्रीफ किया।उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र के अंदर किसी के भी मोबाइल ले जाने पर पूर्ण रूप से रोक है यह आप सभी सुनिश्चित करें।मॉक पोल के संबंध में जारी निर्वाचन आयोग के सभी नियमों का पालन करें।सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने पोलिंग पार्टी के साथ एक व्हाट्स ग्रुप बनायें ताकि आपस में कम्युनिकेश करने में सहूलियत हो।

**मतदानकर्मियों का बूथों पर हुआ स्वागत**

गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज से डिस्पैच होने के पश्चात पड़वा के गाड़ीखास पहुंचे मतदानकर्मियों का बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।सभी बीएलओ द्वारा मतदानकर्मियों फूल-माला से स्वागत किया गया।

# लोकतंत्र के मजबूत निर्माण में सहभागिता जरूरी : डीइओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के महात्यौहार के मौके पर आगामी 13 नवंबर 2024 को आपकी वृहद सहभागिता अत्यावश्यक है, अन्यथा लोकतंत्र जिन सिद्धान्तों के आधार पर परिपक्व होता है,उसकी पूर्ति होना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हमे उम्मीद है कि आप स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निवार्चन की गरिमा को बनाये रखते हुए निभिर्क होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय,भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी से अनुरोध है कि आप अपने मतदान केंद्र पर मतदान के दिन अवश्य जायें और मतदान करें।

**इन दस्तावेजों के आधार पर दे सकतें हैं वोट**

पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटो युक्त पासबुक, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), सांसद,विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र।

# मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर विद्यार्थी परिषद ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विद्यार्थी परिषद के द्वारा प्रमंडलीय कार्यालय गणपति धर्मशाला में परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से परिषद के झारखंड प्रदेश के संगठन मंत्री निलेश कटारिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मतदाता जागरूकता अभियान के नियमित इस बैठक का आयोजन किया गया था। परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा निर्णय लिया गया कि पूरे पलामू जिले में अधिकतम मतदान करने हेतु सभी प्रखंडों में मतदाताओं को परिषद के कार्यकर्ता आग्रह करेंगे साथ ही शारीरिक रूप से असक्त व्यक्ति को मतदान केंद्र तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उक्त अवसर पर उपस्थित परिषद के झारखंड प्रदेश संगठन



मंत्री निलेश कटारिया ने परिषद के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे झारखंड में परिषद के कार्यकर्ता निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान में लगे हुए हैं ताकि अधिकतम वोटिंग परसेंटेज बढ़ाया जा सके और सशक्त सरकार की स्थापना हो सके। उक्त अवसर पर उपस्थित परिषद के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय सह संयोजक विनीत पांडे ने कहा कि परिषद के कार्यकर्ता पूरे जिले में अधिकतम वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने हेतु कार्य करेंगे एवं सामान्य जनों से आग्रह करेंगे कि वे अपने मत का प्रयोग निश्चित रूप से करें इस अवसर पर मुख्य रूप से परिषद के विभाग संयोजक अभय वर्मा, छात्रा प्रमुख दीक्षा कुमारी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामाशंकर पासवान, अभिषेक कुमार रवि, राहुल कुमार चेरो,नगर मंत्री विपिन यादव, कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी, आनंद कुमार, आशीष ओझा आदि दर्जनों कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# शिशु वाटिका प्ले स्कूल में मतदाता जागरूकता को लेकर पोस्टर प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद शहर के लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल में मंगलवार को मतदाता जागरुकता को लेकर बच्चों के बीच पोस्टर और निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। आयोजन में कक्षा एक से कक्षा सातवीं तक के बच्चे शामिल हुए। बच्चों ने मतदाता जागरुकता को लेकर अलग-अलग सुंदर पोस्टर बनाया और लोगों को जागरूक किया। वहीं पोस्टर के माध्यम से बच्चों ने बताया कि हमें पैसे या कोई लालच में आकर वोट नहीं करना चाहिए, बल्कि वैसे उम्मीदवार को वोट देना चाहिए जो हमारे क्षेत्र का विकास और राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें। मौके पर स्कूल के निदेशक शाषिकेश कश्यप ने कहा



कि आज के बच्चे कल के मतदाता होंगे और इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में जागरुकता आती है कि मतदान कितना जरूरी है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे अपने अभिभावकों व पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। ताकि कोई भी वोट देने से वंचित न हो सभी मतदान करें। क्योंकि मतदान ही लोकतंत्र की रीढ़ है। मतदान कर सही जनप्रतिनिधि चुनकर देश के विकास में अपना योगदान जरूर दें। कार्यक्रम को सफल बनाने में रिशुराज, लकी कुमार, अरिहंत कुमार, भावना प्रिया, खुशबू राज, हर्ष कश्यप, दीप्ति, अनमोल कश्यप, आरव सिंह समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# डे-नाइट वॉलीबाल टूर्नामेंट में कैमूर की टीम ने नौडिहा बाजार को किया पराजित, बनी विजेता

**विजेता टीम को 5 हजार और उपविजेता को मिला 2500 का पुरस्कार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/ पलामू।** बिजली कॉलोनी के परिसर में छतरपुर वॉलीबाल टीम के द्वारा आयोजित एकदिवसीय डे-नाइट नॉकआउट वॉलीबाल टूर्नामेंट में कैमूर (बिहार) की टीम ने नौडिहा बाजार की टीम को पराजित कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमा लिया। सीधे मुकाबले में कैमूर की टीम ने बेस्ट ऑफ थ्री के मैच में नौडीहा बाजार टीम को 2-1से हरा दिया। नौडिहा बाजार की टीम ने कैमूर टीम को कड़ी टक्कर दी। टूनामेंट का उद्घाटन फीता काट कर संयुक्त रूप से



बिजली विभाग के जेइ गुलवंत कुमार, शिक्षक कृष्ण कुमार, समाजिक कार्यकता अरविंद गुप्ता चुनमून, शिक्षक प्रेम शर्मा ने किया वहीं टूनामेंट की समाप्ति के बाद अतिथि के रूप में मौजूद शिक्षक कृष्ण कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमून और प्रेम शर्मा ने विजेता टीम को पांच हजार नकद के साथ साथ ट्रॉफी और उपविजेता नौडिहा बाजार की टीम को भी पच्चीस सौ रुपये नकद और ट्राफी दे कर पुरस्कृत किया।

20 सालों के बाद छतरपुर में आयोजित वॉलीबाल टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्साह नजर आया। टूर्नामेंट में रेफरी के रूप में आनंद कुमार, शिक्षक अरविन्द कुमार, अक्षय कुमार ने अपनी भूमिका निभायी।

टूर्नामेंट को सफल बनाने में प्रमुख रूप से छतरपुर वॉलीबाल टीम के आनंद कुमार, अक्षय कुमार, शोभित कुमार, मुकेश विश्वकर्मा धर्मेंद्र कुमार, प्रदीप विश्वकर्मा, पप्पू कुमार, गुड्डू विश्वकर्मा, गौतम सागर, संतोष टाइगर, संदीप कुमार सहित दर्जनों युवा शामिल रहे।

# वाहन से 2.32 लाख रुपये जब्त

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद में एसएसटी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बोलेरो वाहन से कैश रुपये जब्त किये हैं। विदित हो कि झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पूरे पलामू में वाहन चेकिंग एवं कई तरह का अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के द्वारा जब्त पैसा को वोटरों के बीच बांटे जाने की आशंका थी। इसी क्रम में हुसैनाबाद क्षेत्र अंतर्गत जपला-छतरपुर मुख्य पथ के गमहर बीघा - रपुरा गांव के समीप वाहन चेकिंग के दौरान एक वाहन को रोका गया और उसकी तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान ब्लू रंग का झोला में 2.32 लाख कैश रुपये बरामद हुए हैं। एसएसटी टीम द्वारा गाड़ी में सवार लोगों से पूछताछ की गये तो वे नकद के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पाये और न ही कोई कागजात दिखा पाये। इसके बाद एसएसटी के पदाधिकारियों ने रुपयों को जब्त कर लिया है।

# वेदांता की कलिंगा लांसर्स एचआइएल 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ एक्शन के लिए तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** वेदांता की कलिंगा लांसर्स एक शक्तिशाली लाइनअप और एक अच्छी तरह से संरचित गेम प्लान के साथ अपनी यात्रा शुरू करने के लिए तैयार है, क्योंकि सात साल के अंतराल के बाद बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) आ रही है। अंतरराष्ट्रीय सितारों और उभरते स्थानीय प्रतिभाओं को हासिल करके खिलाड़ियों की नीलामी में दबदबा बनाने के बाद टीम अब शेड्यूल की घोषणा के साथ सीजन के कुछ सबसे प्रतीक्षित मैचों के लिए तैयार है।

प्रतिष्ठित लीग, जो 28 दिसंबर 2024 से 1 फरवरी 2025 तक चलेगी, राउरकेला और रांची के प्रतिष्ठित स्थानों पर प्रतिष्ठित एचआइएल चैंपियनशिप खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली आठ भयंकर टीमों को एक साथ लाती है। कलिंगा लांसर्स अपने अभियान की शुरुआत 30 दिसंबर को राउरकेला में यूपी रुद्र के खिलाफ करेगी। तमिलनाडु ड्रैगंस, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स और दिल्ली एसजी पाइपर्स जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के साथ होने वाले मुकाबलों के साथ, टीम के सामने एक चुनौतीपूर्ण लेकिन आशाजनक रास्ता है। टीम में कृष्ण बी पाठक, एरन जालेव्स्की और अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं। साथ ही रोशन कुजूर और मुकेश टोप्पो जैसी उभरती हुई भारतीय प्रतिभाएं हैं, जिनसे पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है।

शेड्यूल को अंतिम रूप देने पर टिप्पणी करते हुए वेदांत एल्युमिनियम के सीओओ सुनील गुप्ता ने कहा कि यह न केवल कलिंगा लांसर्स के लिए बल्कि ओड़िशा और पूरे भारत में हॉकी के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। एक मजबूत टीम और एक रणनीतिक रोडमैप के साथ हम उत्साही प्रशंसकों के सामने प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्साहित हैं। खास कर राउरकेला में अपने घरेलू मैदान पर। हमारा मिशन हर मैच में जीत के लिए प्रयास करते हुए इस क्षेत्र में हॉकी के लिए उत्साह को प्रेरित करना और वापस लाना है। अनुभवी सहायक कर्मचारियों के मार्गदर्शन में, कलिंगा लांसर्स सामरिक अनुशासन के साथ गतिशील, तेज गति वाले गेमप्ले पर ध्यान केंद्रित करेंगे। टीम मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह गहन तैयारी कर रही है, जिसमें सामंजस्य, रक्षा और स्कोरिंग अवसरों को अधिकतम करने पर जोर दिया जा रहा है।

कलिंगा लांसर्स के रणनीति निदेशक डेविड जॉन ने कहा कि शेड्यूल हमें अपनी टीम की गहराई और ताकत दिखाने का भरपूर मौका देता है। हमने यह सुनिश्चित करने के लिए कठोर प्रशिक्षण और टीम-निर्माण पहल की है कि हम प्रत्येक मैच को आत्मविश्वास और सटीकता के साथ खेलें।

कलिंगा लांसर्स के साथ वेदांता की भागीदारी ओड़िशा में युवा विकास, सामुदायिक जुड़ाव और खेल बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने की इसकी व्यापक प्रतिबद्धता का हिस्सा है। हॉकी से परे वेदांता के पास विभिन्न खेलों में जमीनी स्तर की पहल के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देने का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है, जो राज्य की समृद्ध खेल संस्कृति में योगदान देता है। जैसे-जैसे एचआइएल सीजन नजदीक आ रहा है, प्रशंसक ओड़िशा में हाई-ऑक्टेन मैचों और हॉकी के कायाकल्प की उम्मीद कर सकते हैं। वेदांता के कलिंगा लांसर्स के नेतृत्व में, एक रोमांचक प्रतियोगिता के लिए मंच तैयार है।

**कलिंगा लांसर्स मैच शेड्यूल**



1. 30-दिसंबर-24: वेदांत कलिंगा लांसर्स बनाम यूपी रुद्रास - राउरकेला
2. 03-जनवरी-25: वेदांत कलिंगा लांसर्स बनाम तमिलनाडु ड्रैगन्स - राउरकेला
3. 05-जनवरी-25: वेदांत कलिंगा लांसर्स बनाम सूरमा हॉकी क्लब - राउरकेला
4. 06-जनवरी-25: वेदांत कलिंगा लांसर्स बनाम श्राची रारह बंगाल टाइगर्स - राउरकेला
5. 09-जनवरी-25: वेदांत कलिंगा लांसर्स बनाम गोनासिका - राउरकेला
6. 12-जनवरी-25: वेदांत कलिंगा लांसर्स बनाम हैदराबाद टोफंस - राउरकेला
7. 16-जनवरी-25: वेदांत कलिंगा लांसर्स बनाम दिल्ली एसजी पाइपर्स - राउरकेला
8. 19-जनवरी-25: वेदांता कलिंगा लांसर्स बनाम दिल्ली एसजी पाइपर्स - राउरकेला
9. 24-जनवरी-25: श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स बनाम वेदांता कलिंगा लांसर्स - रांची
10. 27-जनवरी-25: वेदांता कलिंगा लांसर्स बनाम सोरमा हॉकी क्लब - राउरकेला

## स्पोर्ट्स



38 वर्षीय नबी ने अफगानिस्तान के लिए 2009 में स्कॉटलैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट की शुरूआत की थी। वे वनडे के 167 मैच में अब तक 3600 रन बना चुके हैं।

# अफगानी ऑलराउंडर नबी ने संन्यास का एलान किया

एजेंसी

**नई दिल्ली (आजाद सिपाही)।** अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी ने वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 2025 में होने वाली आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के बाद नबी वनडे क्रिकेट से रिटायरमेंट लेंगे। हालांकि नबी टी-20 क्रिकेट खेलते रहेंगे।

नबी हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज थे। उन्होंने 3 मैच में 135 रन बनाये साथ ही 2 विकेट भी लिए। मोहम्मद नबी ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में 84 रन की पारी खेली थी।

मोहम्मद नबी ने बांग्लादेश के



खिलाफ पहले मैच में 84 रन की पारी खेली थी।

**2023 वर्ल्ड कप के बाद से ही मेरे दिमाग में रिटायमेंट : नबी**

अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान ने बताया कि 2023 वर्ल्ड कप के बाद से ही मेरे दिमाग में रिटायमेंट की बात चल रही थी, लेकिन हम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई कर गए और मैंने सोचा की अगर मैं यहां खेला तो टीम और मेरे दोनों के लिए अच्छा होगा। बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी मैच के बाद ब्रॉडकास्टर से उन्होंने कहा, मैंने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड से इस बारे में बात की है और मैं टी-20 क्रिकेट खेलते रहूंगा।

**2009 से वनडे क्रिकेट की शुरूआत**

38 वर्षीय नबी ने अफगानिस्तान के लिए 2009 में स्कॉटलैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट की शुरूआत की थी। वे वनडे के 167 मैच में अब तक 3600 रन बना चुके हैं। उन्होंने 17 फिफ्टी और 2 शतक भी लगाए हैं। बॉलिंग में नबी 172 विकेट ले चुके हैं। वे अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले प्लेयर है। नबी अभी डउक्र ऑलराउंडर रैंकिंग में पहले स्थान पर है।

**अफगानिस्तान पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी खेलेगा**

2025 चैंपियंस ट्रॉफी अफगानी टीम के लिए पहली चैंपियंस ट्रॉफी होगी। टीम 2023 वर्ल्ड कप में छठे पोजिशन पर थी, जिस वजह से उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने का मौका मिल रहा है।

चैंपियंस ट्रॉफी में कुल 8 टीम खेलेंगी, जिसमें से टॉप-7 टीम पिछले वर्ल्ड कप से चुनी गई है। अफगान टीम को सभी फॉर्मेट में पहचान दिलाने में नबी ने अहम रोल निभाया है। उन्होंने अफगानिस्तान के पहले 2015 वनडे वर्ल्ड कप में कप्तानी की थी। नबी ने 2019 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 13 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# कांग्रेसी सांसद के पास मिले 300 करोड़ रुपया जनता का : अमित शाह

**जो प्रभु श्री राम का नहीं, वह देश के किसी काम का नहीं: सांसद ढुल्लू महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के मालकेरा स्थित बिटीएम हाई स्कूल मैदान में मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहुंचे। वहां भारतीय जनता पार्टी की विजय संकल्प सभा व गृहमंत्री की बातो को सुनने हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता, धनबाद सांसद ढूलु महतो के समर्थक समेत क्षेत्र की अमजनों की भारी भीड़ इकट्ठा हुई थी। आयोजित इस विजय संकल्प सभा में पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री को सांसद ढूलु महतो ने राम राज मंदिर की बनी मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

इस दौरान सभा को संबोधन में उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और आईएनडीआई घटक दलों के नेताओं को कोयला तस्करी और अपराध के मुद्दे पर खूब खरी-खोटी सुनायी। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी को दलित, आदिवासी, पिछड़ा विरोधी करार देते कहा कि वह आरक्षण को समाप्त कर मुसलमानों को आरक्षण देने में जुटी है। अयोध्या में राम मंदिर के मुद्दे को कांग्रेस ने 75 वर्षों तक लटकाये रखा। किंतु हमने मंदिर को बनाने का काम किया। उन्होंने आगे कहा कि राहुल, ममता और अखिलेश सबने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने का विरोध किया। कहा था कि 370 हटाओगे तो खून की नदियां बहेगी, लेकिन खून की नदियां छोड़ो किसी ने कंकर तक चलाने की हिम्मत नहीं जुटा पायी। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि झामुमो सरकार को इसलिए नहीं हटाना है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आये, बल्कि भ्रष्टाचार को रोकने के लिए भाजपा को सरकार में लाना है और बाघमारा विधानसभा से शत्रुघ्न महतो को जिताकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करना है। झामुमो, कांग्रेस गठबंधन सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि ईडी की रेड में कांग्रेस सांसद के पास साढ़े 3 सौ करोड़ पकड़ा गया। वो पैसा जनता का ही है। झारखंड खनिज संपदा से भरा है अपने आप में धनी है, लेकिन भ्रष्टाचार के कारण झारखंड तरक्की नहीं कर पा रहा है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी तो 5 साल में झारखंड को देश का सबसे समृद्ध राज्य बना देंगे। उन्होंने केंद्र की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि 10 साल तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड की भूमि को गरीब कल्याण का माध्यम बनाया। आयुष्मान भारत योजना, मुद्रा योजना, पीएम जनमन योजना जैसी कल्याणकारी योजनाएं झारखंड की भूमि से शुरू की गयीं। आगे कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी तो महिलाओं को 21 सौ रुपया प्रति माह, गैस सिलेंडर 500 रुपये व दीपावली और रक्षाबंधन में माता बहनों को दो सिलेंडर मुफ्त, धान 300 रुपये प्रति क्विंटल युवाओं को बेरोजगारी भत्ता के रूप में हर महीना 2000 रुपये, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन को बढ़ाकर के 2500 रुपये किया जायेगा। अंत में उन्होंने घुसपैठ को रोकने के लिए यूसीसी लागू करने की बात कही।

वहीं सांसद ढूलु महतो ने कहा कि जो प्रभु श्री राम का नहीं वह देश के किसी काम का नहीं। कहा कि देश में भाजपा की सरकार बनने के बाद देश न केवल मजबूत हुआ है बल्कि सुरक्षित भी हुआ है। पहले लोग कश्मीर जाने से डरते थे। लेकिन जब से देश में भाजपा की सरकार बनी, लोग बिना डर के देश के किसी भी हिस्से में जा सकते हैं। मोदी सरकार बनने के बाद आतंकवाद का सफाया हुआ, तीन तलाक खत्म हुआ, राम मंदिर बना और भी कई ऐतिहासिक काम किए गए। पहले हिंदू भाइयों पर मुकदमा हुआ करता था। मोदी सरकार में हिंदू सुरक्षित है, सनातन धर्म सुरक्षित है।

विधायक प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो ने अपने लिए वोट मांगते हुए प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने की आमजनों से अपील की।

## कांग्रेस दलित, आदिवासी और पिछड़ा विरोधी पार्टी है : अमित शाह

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** झरिया विधानसभा क्षेत्र के जेलगोड़ा जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में भाजपा की और से विजय संकल्प सभा का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह को जिताने के लिए संकल्प लिया गया है।

देश के गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मां कल्यानेश्वरी देवी और भगवान बिरसा को नमन करता हूं। आज मदन मोहन मालवीय जी की पुण्यतिथि मनायी जा रही है जिनका भारतीय स्वतंत्रता में काफी योगदान रहा है। जिसने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय बनाएं उनको हम सब मिलकर एक सच्चा श्रद्धांजलि देते हैं। उन्होंने कहा कि झरिया से भाजपा के विधायक को जिताया जायेगा, तब ही यहां से कोयला चोरी, व्यापारियों से रंगदारी और हत्या का साम्राज्य समाप्त कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दलित, आदिवासी, पिछड़ा विरोधी हैं। वह आरक्षण को समाप्त कर मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है।

झरिया की प्रत्याशी रागिनी सिंह ने कहा कि विरोधी हर तरह के हथकंडे अपना कर प्रशासन के सहयोग से कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास किया गया था, परंतु जन सैलाब उमड़ पड़ा और पूरे उत्साह के साथ भीतर प्रवेश किये मैं उन लोगों को धन्यवाद देती हूं।मौके पर जिला अध्यक्ष श्रवण राय, जदयू के जिला अध्यक्ष पिंटू सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, हरीश जोसी,चुनाव प्रभारी शैलेश चंद्रवंशी, पूर्व विधायक कुंती सिंह, मुरारी भूषण, बाबू जेना, अखिलेश सिंह, महाबीर पासवान, विष्णु त्रिपाठी, योगेंद्र यादव, बप्पी बाउरी आदि अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चिरकुंडा चेक पोस्ट से 1.38 लाख रुपये बरामद

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए जिले के 16 चेक पोस्ट सहित एफएसटी और एसएसटी की 63 - 63 टीम पूरे जिले में भ्रमणशील रहकर लगातार जांच अभियान चला रही है। इस कड़ी में मंगलवार को दिन के 11.40 बजे चिरकुंडा चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एसएसटी ने एक बाइक से 1 लाख 38 हजार रुपये नगद बरामद किये हैं। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार को चिरकुंडा चेक पोस्ट पर तैनात टीम द्वारा लगातार वाहनों की जांच की जा रही थी। इस क्रम में पश्चिम बंगाल के बराकर से झारखंड में प्रवेश कर रही मोटरसाइकिल संख्या डब्ल्यूबी 38 एके 1045 की जांच की गयी। इस क्रम में जयदेव बास्की, बिरेस तिग्गा और टीम के अन्य सदस्यों ने उक्त मोटरसाइकिल से 1 लाख 38 हजार रुपये नगद बरामद किये।

## झूठा वादा करने वालों से बच कर रहें: हेमंत सोरेन

**कुर्कनालो बाजार टांड़ मैदान के चुनावी जनसभा को किया संबोधित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोमिया/आईएल/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत लोधी पंचायत के कुर्कनालो बाजार टांड में मंगलवार को इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद के समर्थन में चुनावी सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं और बुर्जुगों की महती भीड़ देखी गयी। वहीं चुनावी सभा को संबोधित करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में विधानसभा चुनाव हो रहा है। इस दौरान झारखंड में एनडीए के बहुत सारे नेता महाराष्ट्र, गुजरात, उतरप्रदेश, दिल्ली आदि राज्यों से आकर चुनाव प्रचार करेंगे और साथ में झूठा वायदा भी करेंगें। ऐसे नेताओं से बचके रहने की जरूरत है, उनके लुभावने वायदों में नहीं फंसना है। कहा कि कोरोना में हमलोगों ने काफी झेला है। हमारे दो-दो कद्दावर नेता स्व हाजी हुसैन अंसारी और स्व जगरनाथ महतो को हमलोगों ने खोया है। उन्होंने कहा कि जिसको गरीब, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ों का आशीर्वाद मिला है और आशा हीं नहीं पूर्ण विश्वास है कि आगे भी मिलेगा। इसलिए आपलोगों का स्नेह प्यार रहते हुए मेरा कुछ नहीं बिगड़ सकता। कहा कि एनडीए की सरकार ने ना तो किसानों के लिए कुछ किया है और ना हीं महिलाओं व बेरोजगारों के लिए और ना हीं क्षेत्र में विकास करने की बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के एक साल के अंदर हर महिलाओं को एक लाख रुपये मिलेगा। इस दौरान उन्होंने झारखंड व गोमिया विधानसभा के विकास के लिए प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद को भारी मतों से जीत दिलाने का आह्वान भी किया। इस मौके पर चुटे पंचायत के मुखिया मो रियाज ने दर्जनों लोगों के साथ प्रत्याशी श्री प्रसाद की उपस्थिति में झामूमो का दामन थामा। आजसू के दर्जनों कार्यकर्ता भी शामिल हुए। प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि मैं आपसबों के बीच विगत 19 वर्षों से सेवा कर रहा हूं और हर सुख-दुख में भागीदारी निभाता रहा हूं आगे भी निभाता रहूंगा। अब आप मुझे अपना बहुमूल्य वोट आशीर्वाद के रूप दें और सेवा का अवसर प्रदान करें, ताकि राज्य में एक मजबूत इंडिया गठबंधन की सरकार बन सके।

**कार्यक्रम को इनलोगों ने भी सबोधित किया :** पूर्व विधायक बबीता देवी, वरिष्ठ झामुमो नेता गुणानंद महतो, नागेश्वर मुर्मू, भाकपा माले नेत्री शोभा देवी, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष पंकज पाडेय, रामकिशुन रविदास, पंचायत के मुखिया जुवैदा खातून, झामूमो युवा सचिव बबलू हेम्ब्रम, झामूमो प्रखंड अध्यक्ष लुदू मांझी, केदारनाथ पंडा, माले के सुरेंद्र यादव, पूर्व प्रमुख गुलाब चंद्र हंसदा, मितोन सोरेन, परवेज आदि ने भी सभा के पूर्व संबोधित किया।

## भाजपा गरीब जनता का हक मारने वाली पार्टी है: कल्पना सोरेन

**कल्पना मुर्मू सोरेन और पूर्णिमा नीरज सिंह को सुनने उमड़ा भारी जनसैलाब**

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** झरिया के त्रिलोकनाथ मध्य विद्यालय मोहलबनी भौंरा मैदान में महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह के पक्ष में मतदान की अपील करने गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन झरिया पहुंची। सोरेन ने कहा कि झरिया को बेचकर खानेवाले इकट्ठा हो गये हैं और ये सब झरिया को बेचकर खा जाना चाहते हैं और इनके रास्ते में झरिया को बचाने वाला कोई आता है तो उनकी हत्या कर देते हैं। मैंने जब सुना कि पूर्णिमा के पति को पूरे परिवार के आधार को इन लोगों ने छलनी कर दिया तो मैं अचंभित हो गयी। इसलिए झरियावासियों की जिम्मेवारी है कि झरिया को बचाना है या इनके हाथों में देकर पूर्णिमा जी के बनाये मजबूत झरिया को उजाड़ना है।

कल्पना सोरेन ने कहा कि अभी झारखंड को भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं ने पर्यटन केंद्र बना दिया है, सब के सब अभी टूर पर निकले हैं। चुनाव खत्म होते ही कोई लौटकर झरिया नहीं आनेवाला है। कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा गरीब जनता का हक मारनेवाली पार्टी है, जिसने झारखंड की आम जनता का हजारों करोड़ रुपया रोककर रखा है। झरिया विधायक ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झरिया आग की गोद में बसा है इसका ख्याल केंद्र के किसी नेता को नहीं है कि यहां के लोगों को कैसे सुरक्षित रखा जाय इसकी कोई योजना नहीं है। केंद्रीय गृहमंत्री भी झरिया आकर झरिया के लोगों की सुविधा देने के सिवाय दुनियाभर की बातें करते हैं। मौके पर अभिषेक सिंह की अध्यक्षता और सुग्रीव सिंह के संचालन में मंच पर तारकेश्वर यादव, मो. राशिद रजा अंसारी, भगवान दास, और मुख्तार खान समेत हजारों कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

## बीएसएल के किरीबुरू आयरन और माइंस की क्यू सी टीम ने कोलंबो में जीता गोल्ड



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के किरीबुरू आयरन ओर माइंस की क्वालिटी सर्किल (क्यूसी) टीम उन्नति को कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कन्ट्रोल सर्किल (आई सी क्यू सी सी - 2024) में गोल्ड अवार्ड अवार्ड प्राप्त हुआ है. किरीबुरू आयरन ओर माइंस की क्यू सी टीम उन्नति को उनकी इस सफलता पर बीएसएल के वरीय अधिकारीयों ने बधाई दी है।

## बैंक मोड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी से आत्मीय मुलाकात



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड-कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी से मंगलवार को बैंक मोड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभागार में जिला चेंबर के विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारियों ने आत्मीयता और गर्मजोशी के साथ मुलाकात की। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे भी उपस्थित रहे। अधीर रंजन चौधरी ने भी चेंबर के सभी पदाधिकारियों का हृदय से स्वागत और आभार व्यक्त किया। इस चर्चा के दौरान, चेंबर के पदाधिकारियों ने श्री चौधरी को धनबाद की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

## निरसा में भाजपा प्रत्याशी अपर्णा सेन गुप्ता के समर्थन में पहुंचे मिथुन चक्रवर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता



**निरसा।** झारखंड के विकास और सुरक्षित रखने के लिए भाजपा के डबल इंजन की सरकार ही एक मात्र विकल्प है। अगर झारखंड में भाजपा की सरकार नहीं तो बहुत जल्द झारखंड में भी बंग्लादेश जैसी स्थिति हो जायेगी। उक्त बातें मंगलवार को निरसा के कलियासोल इंटर कालेज मैदान में उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए सीने अभिनेता सह पूर्व राज्य सभा सदस्य मिथुन चक्रवर्ती ने कहा। उन्होंने सभा में उपस्थित लोगों से निरसा के भाजपा प्रत्याशी अपर्णा सेनगुप्ता के पक्ष में वोट देकर डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील की। मिथुन चक्रवर्ती को देखने के लिए काफी संख्या में लोग उमड़ पड़े। यहां तक की लोगों के लिए पंडाल भी छोटा हो गया। इंटर कालेज का छत पर भी लोगों से पट गया था। एक समय उपस्थित लोग उनका फोटो खींचने के लिए मंच से सट गये, सभा के दौरान मासस और निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के विधायक प्रतिनिधि गौतम दसौंधी ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। सभा में निरसा विधानसभा के प्रभारी राजकुमार अग्रवाल, जय प्रकाश सिंह, गोपाल भारती, मन्नू तिवारी, रानी केराई, प्रशांत बनर्जी, अखिलेश तिवारी, डबलू बाउरी, संजय महतो, संजय सिंह पिंटू, आस्तिक मंडल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।।

## 14 को सीएम योगी की होगी जनसभा : बिरंची



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** एनडीए प्रत्याशी बिरंची नारायण ने आगामी 14 नवंबर सुबह 11 बजे यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशाल जनसभा सेक्टर 5 के पुस्तकालय मैदान में होना सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने कहा कि बोकारोवासियों को काफी गर्व की बात है कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन बोकारो की पावन धरती पर होने वाली है। जहां बोकारो निवासी मुख्यमंत्री आदित्यनाथ का भव्य स्वागत और अभिनंदन करेंगे। बोकारो विधानसभा की जनता से लाखों की संख्या में पहुंचकर इस सभा को सफल बनाने का आग्रह किया। मौके पर कमलेश राय, मिहिर सिंह, संजय त्यागी, संजय पांडेय, संतोष विधायक, एसडीएन सिंह मौजूद रहे।

## मंईयां योजना के नाम पर झारखंड की महिलाओं को दिग्भ्रमित किया गया है : कामाख्या गिरी



**ऊपरघाट (आजाद सिपाही)।** डुमरी विधानसभा के ऊपरघाट मंडल के हरलाडीह स्थित महादेव मंदिर में मंगलवार को भाजपा का संगठन पॉकेट बैठक हुआ। बैठक में डुमरी विधान सभा से एनडीए के आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में मतदान करने का लिया निर्णय। कामाख्या गिरी ने बताया कि हेमन्त सोरेन ने झारखंड को केवल लूटने का काम किया हैं। मईयां योजना के नाम पर झारखंड के महिलाओं को दिग्भ्रमित किया गया हैं। प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार देने की झूठी वादा कर ठगने का काम किया हैं। हेमंत सोरेन ने कहा था कि अगर रोजगार नहीं दे पायेंगे, तो बेरोजगारी भत्ता देंगे, लेकिन ना ही किसी को रोजगार दिया और ना ही किसी को बेरोजगारी भत्ता दिया। मौके पर सुजीत सिंह, गणेश गिरी, संजीत वर्णवाल, पवन कुमार वर्णवाल, राहुल कुमार वर्णवाल आदि लोग उपस्थित थे।

## कसमार की बेटी और गोमिया के बेटा से ही गोमिया का विकास संभव: चितरंजन



**कसमार (आजाद सिपाही)।** गोमिया विधानसभा चुनाव को लेकर निर्दलीय प्रत्याशी चितरंजन साव ने सघन चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। उन्होंने कसमार प्रखंड के मधुकरपुर, चंडीपुर, ओरमो, बगदा, दुगार्पुर इत्यादि गांवों का दौरा कर चुनाव प्रचार करते हुए लोगों से वोट मांगा। इस दरमियान श्री साव ने लोगों से कहा कसमार की बेटी और गोमिया के बेटा के द्वारा ही गोमिया विधानसभा क्षेत्र का विकास संभव है। इसका तात्पर्य यह है कि उनकी पत्नी सुनीता देवी जो कि जिला परिषद अध्यक्षा हैं, उनका मायके कसमार प्रखंड का दांतू है, तथा चितरंजन साव गोमिया प्रखंड के सारम के रहने वाले हैं। जनसंपर्क दौरा में उनके साथ भूषण नायक, विनोद नायक, प्रकाश नायक, अवधेश कुमार नायक, नरसिंह नायक, सुभाष नायक, देवेंद्र नायक, आनंद नायक के अलावे दर्जनों कार्यकर्ता साथ थे।

## झामुमो नेताओं के चेहरे बता रहे, हेमंत सोरेन हार रहे हैं : शिवराज सिंह चौहान

**सिंदरी और टुंडी विधानसभा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में की जनसभा**

**गठबंधन में विचार, आचरण अलग है, लेकिन भ्रष्टाचार में सब एक हैं**

**कांग्रेस और जेएमएम जातियों में देश को तोड़ना चाहते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिंदरी/टुंडी।** केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को झारखंड की सिंदरी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार तारा देवी और टुंडी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी विकास कुमार महतो के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि, गठबंधन सरकार ने झारखंड को क्या दिया है? पांच साल पहले जनता से सैंकड़ों वादे किये थे, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। वन संपदा, जल संपदा और खनिज संपदा से भरपूर राज्य को तबाह और बर्बाद कर दिया है। चारों तरफ केवल लूट मची है। इनके नेता, मंत्रियों के घरों से नोटों के पहाड़ बरामद हो रहे हैं। ये पैसा जेएमएम-कांग्रेस का नहीं बल्कि झारखंड की जनता की खून-पसीने की कमाई का है। इसलिए अब झारखंड की जनता ने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार को उखाड़ फैंकने का मन बना लिया है। झारखंड में भारतीय जनता पार्टी ही सुशासन स्थापित करेगी।

**जेएमएम की विदाई तय है :** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में परिवर्तन की लहर चल रही है। हेमंत सोरेन और जेएमएम नेताओं के चेहरे मुरझाए हुए हैं। संभावित हार को देखकर बौखलाए हुए हैं। इनके चेहरे ही बता रहे हैं कि, झारखंड से हेमंत सोरेन जा रहे हैं और जेएमएम की विदाई का वक्त आ गया है। वहीं शिवराज सिंह ने कहा कि, इन्होंने नारा दिया है कि, एक ही नारा, हेमंत दोबारा, लेकिन झारखंड की जनता कह रही है कि, नहीं आयेगा दोबारा, हेमंत सोरेन नाकारा। वहीं गठबंधन पर सवाल उठाते हुए शिवराज ने कहा कि, हेमंत सोरेन का गठबंधन उस कांग्रेस के साथ है, जिसने अलग झारखंड बनाने वाले आंदोलनकारियों पर गोलियां बरसायीं। आज सोरेन उसी शहजादे को झुककर प्रणाम कर रहे हैं। जिस लालू यादव ने कहा था कि, झारखंड मेरी लाश पर बनेगा, उसी से गलबहियां चल रही है। इनके विचार, व्यवहार और आचरण अलग-अलग हैं, लेकिन भ्रष्टाचार के मामले में सब एक हैं। इन्होंने पूरे झारखंड को लूटकर बर्बाद कर दिया।

**जेएमएम घुसपैठियों को बसा रही है :** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, झारखंड में विदेशी घुसपैठिए आ रहे हैं, ये जेएमएम की सरकार ही घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। ये देश हमारा, ये धरती हमारी, ये जमीन, जल, जंगल सब हमारे लेकिन विदेशी घुसपैठिए आकर रह रहे हैं। बांग्लादेशी आ रहे हैं और ये हेमंत सोरेन सरकार इनको बसाती है, उनका स्वागत करती है, उनके वोटर लिस्ट में उनके नाम जोड़े जा रहे हैं, उनके आधार कार्ड और राशन कार्ड तक बनवाये जा रहे हैं, क्योंकि ये घुसपैठिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के वोट बैंक है। वोटों की लालच में ये देश बेच रहे हैं। ये विदेशी घुसपैठिए हमारी आदिवासी बेटियों को भ्रम के जाल में फंसाकर उनसे शादी कर रहे हैं। जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं, पंचायतों पर कब्जा कर रहे हैं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनते ही उसी महीने से हर बहन के खाते में हर 11 तारीख को 2100 रुपये की सम्मान राशि डाली जायेगी। वहीं बहनों को 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जायेगा और साल में दो बार त्योहार पर सिलेंडर मुफ्त दिया जायेगा। महिला सशक्तिकरण, भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है।

## गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेक कर राज सिन्हा ने सबके कल्याण की मंगल कामना की



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गुरुनानक जयंती (गुरुपूरब) के उपलक्ष्य में तड़के ही निशान साहिब लेकर जत्थों द्वारा प्रभात फेरी के माध्यम से नगर भ्रमण किया गया। जिसमें सिख गुरुओं की बाणी का कीर्तन कर उसे जन-जन तक पहुंचाया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा में भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने कहा कि मटकुरिया में प्रभात फेरी के पश्चात गुरु की अरदास में सम्मिलित होकर निहाल हुआ। गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेक कर सबके कल्याण की मंगल कामना करता हूं। हमेशा की तरह आज भी सिख समाज का अटूट प्रेम और आशीर्वाद मुझे मिला। मुझे अपने परिवार का हिस्सा समझने और अपार प्रेम व आशीर्वाद देने के लिए समस्त सिख समाज के लोगों का हृदय से आभारी रहूंगा।

# किम्स ने 3डी डिजिटल मैमोग्राफी मशीन स्थापित की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** रोगियों को उन्नत देखभाल और उपचार प्रदान करने के अपने प्रयासों के हिस्से के रूप में कलिंग आयुर्विज्ञान संस्थान (किम्स) ने ओड़िशा की पहली 3डी डिजिटल मैमोग्राफी मशीन स्थापित की है जिसमें एक एकीकृत स्टीरियोटैक्टिक बायोप्सी प्रणाली है। किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत द्वारा अनावरण किया गया। अत्याधुनिक तकनीक इस क्षेत्र में स्तन कैंसर के निदान को जल्दी और सटीक पहचान में सक्षम करके बदलने के लिए तैयार है।

नयी प्रणाली, जो अपनी उच्च-रिजॉल्यूशन इमेजिंग क्षमताओं और न्यूनतम विकिरण जोखिम के लिए जानी जाती है, दोहरे मोड टोमोसिंथेसिस की पेशकश करती है, जो कई कोणों से स्तन ऊतक छवियों को कैप्चर करने की एक अभिनव विधि है। यह सुविधा चिकित्सकों को स्तन संरचनाओं का एक विस्तृत, त्रि-आयामी दृश्य देखने की अनुमति देती है, जिससे नैदानिक सटीकता में काफी वृद्धि होती है। मशीन का मुख्य आकर्षण इसका फ्लैट-पैनल डिटेक्टर है, जो एक्स-रे के संपर्क में आने वाले रोगी को कम करने के लिए त्वरित, कम खुराक वाली परीक्षाओं की सुविधा प्रदान करता है। इस तकनीक की असाधारण विशेषताओं में से एक छवि-आधारित स्पेक्ट्रम रूपांतरण (आईएससी) तकनीक है, जो घने स्तन ऊतक की स्पष्टता में सुधार करने के लिए छवि कंट्रास्ट को बढ़ाती है। यह उच्च स्तन घनत्व वाले रोगियों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है, क्योंकि यह अधिक सटीक जांच सुनिश्चित करता है और छूटे हुए निदान के जोखिम को कम करता है। इसके अतिरिक्त इस प्रणाली में लागू टोमोसिंथेसिस इटरेटिव सुपर-रिजॉल्यूशन (आइएसआर) विधि आवश्यक एक्स-रे खुराक को महत्वपूर्ण रूप से कम करते हुए छवि गुणवत्ता को और अधिक अनुकूलित करती है।

अतिरिक्त सटीकता के लिए इंटेलिजेंट ऑटोमैटिक एक्सपोजर कंट्रोल (एइसी) तकनीक व्यक्तिगत स्तन प्रकारों के आधार पर एक्स-रे खुराक को समायोजित करती है, जिससे एक अनुकूलित, सुरक्षित निदान अनुभव सुनिश्चित होता है।

मशीन स्तन घनत्व माप सॉफ्टवेयर से भी सुसज्जित है, जो घनत्व श्रेणियों का आकलन और प्रदर्शित करता है, चिकित्सकों को जोखिम मूल्यांकन और अनुवर्ती देखभाल के लिए बहुमूल्य जानकारी प्रदान करता है। डॉ सामंत ने इस तकनीकी छलांग पर गर्व व्यक्त करते हुए ओड़िशा के लोगों को स्तन कैंसर का शीघ्र निदान प्रदान करके जीवन बचाने की इसकी क्षमता पर जोर दिया।

# पूर्व तट रेलवे 225 केवी ओवरहेड विद्युतीकरण प्रणाली शुरू करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) अपने अधिकार क्षेत्र में कई प्रमुख रेलवे खंडों में 225 केवी ओवरहेड विद्युतीकरण (ओएचइ) प्रणाली की शुरूआत के साथ अपने विद्युतीकरण बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए तैयार है। इस कदम का उद्देश्य वोल्टेज विनियमन में सुधार करना, सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों के लिए सुचारू संचालन की सुविधा प्रदान करना और भारी भार वाली माल गाड़ियों की बढ़ती आवाजाही को सक्षम करना है।

3000 मीट्रिक टन की वहन क्षमता हासिल करने और हाई-स्पीड ट्रेनों की परिचालन दक्षता को बढ़ावा देने के रेलवे बोर्ड के लक्ष्य के अनुरूप, मौजूदा 125 केवी ओवरहेड विद्युतीकरण प्रणाली को 225 केवी प्रणाली में अपग्रेड किया जायेगा। बढ़े हुए ट्रेन परिचालन दबाव की मांगों को पूरा करने और रेल नेटवर्क में सही वोल्टेज स्तर के रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए यह सुधार महत्वपूर्ण है।

225 केवी प्रणाली उच्च स्तर (50 केवी) पर लाइन के साथ वोल्टेज वितरित करके और ट्रेन को 25 केवी पर फीड करके काम करती है। यह 50 केवी ट्रांसफार्मर का उपयोग करके ट्रैक्शन सब-स्टेशनों (टीएसएस) से बिजली प्रदान करके हासिल किया जाता है, जिसमें मध्यवर्ती ऑटोट्रांसफॉर्मर रोलिंग स्टॉक को 25 केवी बिजली की आपूर्ति करते हैं। यह प्रणाली बेहतर वोल्टेज नियंत्रण सुनिश्चित करती है, जो टीएसएस से लेकर रेल खंडों और समानांतर पोस्टों (एसपी) की सबसे दूर तक फैली हुई है। बढ़ी हुई वोल्टेज स्थिरता प्रदान करने के अलावा बेहतर नयी प्रणाली बढ़े हुए कर्षण भार का समर्थन कर सकती है, जिससे सेमी-हाई स्पीड यात्री ट्रेनों और भारी माल गाड़ियों दोनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित हो सके। इस पहल के हिस्से के रूप में पूर्व तट रेलवे ने निम्नलिखित रेलवे खंडों में मौजूदा 125 केवी ओएचई सिस्टम को 225 केवी सिस्टम में बदलने की योजना बनायी है :- भद्रक-खुर्दा रोड, पलासा - विजयनगरम, कटक-पारादीप, कटक-तालचेर-अंगुल और विजयनगरम-रायगड़ा।

225 केवी सिस्टम अपग्रेड का काम पूर्व तट रेलवे के निर्माण संगठन द्वारा किया जा रहा है। कटक-पारादीप और कटक-तालचेर खंडों में प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए निविदाएं पहले ही आमंत्रित की जा चुकी हैं, निविदा दिसंबर 2024 में खुलने वाली है। परियोजना के मार्च 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह अपग्रेड पूर्व तट रेलवे की स्थिरता और हरित ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ भी जुड़ा हुआ है। 225 केवी ओवरहेड विद्युतीकरण प्रणाली में परिवर्तन बिजली से चलने वाली ट्रेनों को बढ़ावा देकर जीवाश्म ईंधन पर रेलवे नेटवर्क की निर्भरता को कम करने में मदद मिलेगी।


## पूर्व मध्य रेल

### ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

ई–निविदा सं. : C-710-BRMO-GCT.

1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : बेरमो (BRMO) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास। 2. बेरमो स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत : ₹41,25,86,392/–, 3. ब्याने की राशि : ₹4,12,58,700/–. 4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई–निविदा बंद होने की तारीख 03.12.2024 को 15:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारीख 03.12.2024 को 15:30 बजे से। 5. वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in. ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/01505/डीएचएन/वा./टी/24–25/36

## पूर्व मध्य रेल

### ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

1. ई–निविदा सं. : 237-DHN-2024-25. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. अभि./1/ धनबाद के अधीन अधिकारी आवास सं. 198, 194, 60(A&B), 57(A&B), 39, 59, 208, 42(A&B), 49, 50 के बरामदा के छत का विशेष मरम्मत। 09 (नौ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) : ₹94,99,980.09

2. ई–निविदा सं. : 238-DHN-2024-25. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. अभि./1/ धनबाद के अधीन 12 महीनों के लिए धनबाद में अधिकारी विश्राम गृह का देख–भाल। 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) : ₹32,51,406.40

ब्याने की राशि (रू में) : ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई–निविदा बंद होने की तारीख 29.11.2024 को 12:00 बजे तक। ई–निविदा खुलने की तारीख 29.11.2024 को 12:30 बजे से। वेवसाईट का विवरण : https://www.ireps.gov.in. ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/01492/डीएचएन/अभि./टी/24–25/40


# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कार्यकर्ताओं के अपार समर्थन के लिए आभार जताया



**जमुआ (आजाद सिपाही)।** झारखंड के जमुआ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विशाल जनसभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जनसभा में आये सभी समर्थकों और कार्यकर्ताओं के उत्साह, उमंग और अपार समर्थन के लिए लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने आभार व्यक्त किया। श्री सिंह ने कहा कि इस जनसभा में उमड़ा विशाल जनसैलाब झामुमो सरकार की अराजकता, भ्रष्टाचार, कुशासन और आदिवासी विरोधी नीतियों के खिलाफ जनता का आक्रोश दर्शाता है। श्री नड्डा ने अपने संबोधन में प्रदेशवासियों को भरोसा दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड के आदिवासी समाज सहित हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब भाजपा सरकार की स्थापना के लिए संकल्पित है। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि झारखंड की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एक सुशासित और विकासशील प्रदेश की ओर बढ़ने के लिए भाजपा का समर्थन करने के लिए तैयार है। जनसभा में उमड़े समर्थन के लिए श्री सिंह और श्री नड्डा ने सभी का धन्यवाद दिया और विश्वास जताया कि आगामी चुनाव में झारखंड की जनता भाजपा को भारी मतों से विजयी बनायेगी।

# पूर्व तट रेलवे ने पूजा उत्सव के दौरान विशेष ट्रेनें चलायीं, निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारतीय रेलवे, विशेष रूप से पूर्व तट रेलवे ने पूजा उत्सव के दौरान ट्रेन यात्रा की उच्च मांग को पूरा करने और इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में विशेष ट्रेनें चला कर यात्रियों के लिए सुरक्षित और सुचारू परिवहन सुनिश्चित करने के लिए असाधारण उपाय किये हैं। पूर्व तट रेलवे ने विशेष ट्रेन संचालन और बढ़े हुए यात्री यातायात को संभालने पर जोर दिया है। इन प्रयासों का उद्देश्य इस चरम अवधि के दौरान यात्रा करने वाले यात्रियों को आरामदायक यात्रा सुविधाएं और सुरक्षा प्रदान करना है

**विशेष रेलगाड़ियां और यात्री पारगमन समीक्षा :** भारतीय रेलवे 2024 के मानसून सीजन में 7700 विशेष ट्रेनों का संचालन किया है जो पिछले मानसून सीजन के दौरान संचालित 4500 विशेष ट्रेनों की तुलना में विशेष ट्रेन संचालन में उल्लेखनीय वृद्धि है। ये ट्रेनें पूरे भारत में लोकप्रिय गंतव्यों तक यात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए संचालित किया गया था। 1 अक्टूबर से 5 नवंबर 2024 तक भारतीय रेलवे ने अकेले विशेष ट्रेनों के माध्यम से लगभग 65 लाख यात्रियों को सफलतापूर्वक उनके गंतव्य तक पहुंचाया है। इसके अलावा इस अवधि के दौरान लगभग 7.5 करोड़ यात्रियों को निर्धारित और विशेष ट्रेनों के माध्यम से बिहार, पूर्व उत्तर प्रदेश और झारखंड जैसे प्रमुख क्षेत्रों में पहुंचाया गया।

**पूर्व तट रेलवे पर विशेष ट्रेनें :** पूर्व तट रेलवे के अधिकार क्षेत्र के तहत, विशेष ट्रेन सेवाओं को निम्नलिखित प्रमुख आंकड़ों के साथ मजबूती से प्रबंधित किया गया है: पूर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार से 220 विशेष ट्रेनें देश भर के विभिन्न गंतव्यों के लिए चलायी गयीं। इस अवधि के दौरान 219 विशेष ट्रेनें पूर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार में पहुंची हैं। पूर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार में प्रमुख स्टेशनों पर निर्धारित ठहराव के साथ 218 ट्रेनें पूर्व तट रेलवे से होकर गुजरीं। कुल मिलाकर 1 अक्टूबर से 10 नवंबर 2024 के बीच पूर्व तट रेलवे द्वारा 657 विशेष ट्रेनों का संचालन किया गया है। इस अवधि के दौरान पूर्व तट रेलवे ने विशेष ट्रेनों द्वारा 3.33 लाख से अधिक यात्रियों के परिवहन का प्रबंधन किया है, जिसमें 2.16 लाख आरक्षित श्रेणी के यात्री और 1.16 लाख अनारक्षित श्रेणी के यात्री शामिल हैं।

**मजबूत भीड़ प्रबंधन और यात्री सहायता प्रणाली:** पूर्व तट रेलवे ने इस वर्ष यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रगति की है कि यात्रियों की आमद को सुव्यवस्थित और कुशल तरीके से नियंत्रित किया जाये। यात्रियों की सुरक्षा, आराम और सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए स्टेशनों पर कई प्रमुख उपाय लागू किये गये हैं






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**